www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र



# देशबन्धु



नई दिल्ली, बुधवार, 28 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-324 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ेंगे लोकसभा... 02

■ फिटनेस हमारे दैनिक जीवन का है अभिन्न...
■ भारतीय परिधान उद्योग के स्वरूप में लगातार... 03

■ बाइडन को चार मार्च तक गाजा युद्ध विराम...
■ हंगरी की संसद ने स्वीडन के नाटो में शामिल ... 07

निशांत जैसी फिल्मों में काम करना चाहती है... 10

## सार संक्षेप

### संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का निधन



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा ) सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। दिवंगत सांसद के परिवार में एक बेटा ,पोता और पोती हैं। पौत्र ज़िया उर रहमान बर्क कुंदरकी विधानसभा सीट से विधायक हैं। सपा में मुरादाबाद से सांसद डॉ एस टी हसन ने मंगलवार को बताया कि श्री बर्क मुरादाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे।

### सीटों पर कांग्रेस के साथ बातचीत जारी : फारूक अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी की आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीट बंटवारे पर कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है और वह इंडिया समूह के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेगी। श्री अब्दुल्ला ने कहा कि देश को बर्बादी से बचाने के लिए इंडिया समूह को मजबूत बनाना ही होगा।

### जमात-ए-इस्लामी पर पांच वर्ष के लिए प्रतिबंध बढ़ाया




**नई दिल्ली।** सरकार ने जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 (1) के तहत पांच और वर्षों के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

### भाजपा का चलो दलित बस्ती अभियान शुरू



**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव में दलितों को साधने के लिए भाजपा ने चलो दलित बस्ती अभियान शुरू किया है। इसके तहत 15 मार्च तक एक लाख दलित बस्तियों तक पहुचने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान में पार्टी के सभी विधायक, सांसद, मंत्री और अन्य पार्टी पदाधिकारियों को दलित बस्तियों में प्रवास करने और उनसे संवाद करके मोदी सरकार के काम काज को बताकर उन्हें भाजपा के साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### आरजेडी विधायक किरण देवी के आवास पर ईडी का छापा



**पटना।** बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की विधायक किरण देवी के आवास पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापा मारा । बिहार में संदेश से राजद विधायक किरण देवी के 2 ठिकानों पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में छापेमारी की।

---

राज्य सभा चुनाव में भी 'ऑपरेशन लोटस'

# हिमाचल में सत्तारूढ़ दल के प्रत्याशी को हराकर भाजपा के हर्ष महाजन जीते

■ हिमाचल में दोनों को 34-34 वोट मिले, ड्रॉ से हुआ फैसला
■ कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन व भाजपा एक सीट जीती
■ उप्र में भाजपा ने आठ व सपा ने दो सीटों पर जीत दर्ज की



**मैं उन नौ विधायकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने मुझे मानव स्वभाव, उसकी चंचलता या उसके संकल्प के बारे में बहुत कुछ सिखाया है। उन्होंने हमारे साथ भोजन किया। इसलिए, मुझे लगता है कि हम इंसानी चरित्र के अच्छे जज नहीं हैं : अभिषेक मनु सिंघवी**

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। राज्यसभा की 15 सीटों के लिए मंगलवार को वोटिंग और शाम को परिणाम भी गए। 3 राज्यों उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मतदान हुआ। सबसे पहले नतीजे कर्नाटक के आए।

कर्नाटक में राज्यसभा की 4 सीटों पर हुई वोटिंग में कांग्रेस के अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर जीते। वहीं बीजेपी के नारायण बंदिगे ने जीत दर्ज की। लेकिन सबसे बड़ा खेला हिमाचल प्रदेश में हो गया। जहां राज्यसभा चुनाव में भी ऑपरेशन लोटस का कमाल देखने को मिला, जहां सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन ने हरा दिया। दोनों को 34-34 वोट मिले थे। टॉस से विजेता का फैसला हुआ। हिमाचल में कांग्रेस के 6 विधायकों और सरकार को समर्थन दे रहे 3 निर्दलीय विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर आई।

### उप्र में भाजपा के 8 सदस्य जीते

उप्र में राज्यसभा सदस्यों के लिए हुए मतदान में भारतीय जनता पार्टी के आठों उम्मीदवार जीत गए हैं। आठवें उम्मीदवार संजय सेठ को 29 वोट हासिल हुए जबकि समाजवादी पार्टी के तीसरे उम्मीदवार आलोक रंजन 19 वोट ही हासिल कर सके। इस प्रकार उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा है। सपा के दो उम्मीदवार जया बच्चन और रामजी लाल सुमन चुनाव जीत गए हैं। आज सुबह से शुरू हुए मतदान में 499 सदस्यों में से 395 सदस्यों ने मतदान किया। सपा के सात सदस्यों ने क्रास वोटिंग की है। मुख्य सचेतक रहे मनोज पाण्डेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

### कर्नाटक से राज्यसभा सांसद बने अजय माकन



राज्यसभा चुनाव में कर्नाटक के नतीजे आ गए हैं और कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों को जीत मिली है। बीजेपी के एक कैंडिडेट ने जीत दर्ज की। पार्टी की तरफ से अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर ने जीत दर्ज की है, वहीं बीजेपी के एक नारायण बंदिगे को जीत मिली ।

### भाजपा ने विधायकों का अपहरण किया : सुक्खू

इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वोट डालने के बाद कहा कि विधानसभा में हमारे 40 विधायक हैं और यदि विधायकों को खरीदा नहीं गया होगा तो हमें सारे वोट मिलेंगे। शाम में उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि बीजेपी ने उनके पांच-छह विधायकों को किडनैप कर लिया है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह विधायक के साथ तीन निर्दलीय विधायक पंचकूला पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी अपने साथ निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा, होशियार सिंह और केएल ठाकुर को ले गई। इसके अलावा कांग्रेस के विधायक देवेंद्र भुट्टो, सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, चैतन्य शर्मा, आईडी लखनपाल और रवि ठाकुर भी पंचकूला पहुंचे हैं।

---

कांग्रेस ने नीति आयोग के सर्वे पर उठाया सवाल

# 46 रुपए रोजाना पर जी रहे 5 फीसदी लोग

■ गरीबों के आंकड़ों के साथ हो रहा है खिलवाड़
■ गरीबों व अमीरों और शहर व गांव में फासला बढ़ा

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। नीति आयोग ने हाल ही अपने एक सर्वे का हवाला देते हुए दावा किया था कि देश में महज 5 फीसदी लोग ही गरीब हैं। लेकिन मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस उसके इस दावे से इत्तफाक नहीं रखती है। पार्टी ने कहा है कि गरीबों के आंकड़ों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। देश में गरीबों और अमीरों और शहर व गांव के बीच का फासला बढ़ गया है।



मंगलवार को कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहाकि नीति आयोग आजकल गरीबों को लेकर झूठ परोस रहा है। किसी तरह से यह सिद्ध करने की कोशिश हो रही है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने गरीबी मिटा दी। इसीलिए यह दावा किया जा रहा है कि देश में अब केवल 5 फीसदी लोग ही गरीब हैं। श्रीनेत ने कहाकि 11 साल बाद जारी किया गया यह उपभोग व्यय भी भारत में लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता को उजागर करता है। फिर भी अगर नीति आयोग की रिपोर्ट को सही मान लिया जाए तो देश में सबसे गरीब 5 फीसदी लोग अपने पूरे दिन की गुजर बसर सिर्फ और सिर्फ 46 रुपए रोजाना पर कर रहे है। इसी में रोटी,कपडा,दवाई,पढ़ाई सब शामिल है। वो 46 रुपए जिसमें दिल्ली शहर में दो बोतल पानी भी नहीं मिलता है। उन्होंने कहाकि देश में सबसे गरीब 5 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना 46 रुपए और शहरी क्षेत्र में 67 रुपए रोजाना पर जीवन गुजार रही है। वहीं सबसे अमीर 5 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रोजाना 350 रुपए और शहरी क्षेत्र में 700 रुपए खर्च करती है। अमीरों और गरीबों के बीच का यह अंतर भयानक है।

---

# दिल्ली की चार सीटों पर 'आप' ने उतारे उम्मीदवार

महाबल मिश्रा, सोमनाथ भारती, कुलदीप कुमार, सहीराम पहलवान को दिया टिकट

■ हरियाणा में एक सीट पर भी प्रत्याशी घोषित
■ सुशील गुप्ता को कुरूक्षेत्र से बनाया उम्मीदवार
■ दिल्ली में तीन सीटों पर कांग्रेस उतारेगी प्रत्याशी

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली से अपने कैंडिडेट के नामों की घोषणा कर दी। आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की एक सीट पर भी अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने बताया है कि सभी समीकरण और इंडिया अलायंस के साथ हुए गठबंधन को ध्यान में रखते हुए कैंडिडेट के नामों की घोषणा की गई है। कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली, सोमनाथ भारती को नई दिल्ली, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली और महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली से उतारा गया है। हरियाणा में सुशील गुप्ता को कुरूक्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारने की घोषणा की गई है। दिल्ली में शेष तीन सीटों पर कांग्रेस अपने कैंडिडेट उतारेगी। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई पीएसी (पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी) की बैठक में हुई। कुलदीप कुमार, सोमनाथ भारती और सहीराम पहलवान तीनों ही आम आदमी पार्टी के विधायक हैं। वहीं, महाबल मिश्रा कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए थे।



---

# सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के 'भ्रामक' विज्ञापनों पर रोक लगाई

■ कोई कार्रवाई नहीं करने पर केंद्र सरकार को भी फटकारा
■ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कई गंभीर बीमारियों के इलाज के दावे वाले पतंजलि आयुर्वेद के कथित 'भ्रामक और झूठे' विज्ञापनों को लोगों के स्वास्थ्य से 'खिलवाड़' करने वाला बताते हुए मंगलवार को उन पर अंतरिम रोक दी और इस मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं करने पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई।



न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र को इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं करने लिए फटकार लगाई और कहा कि चेतावनी के बावजूद भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने पतंजलि को बीपी, मधुमेह, अस्थमा और कुछ अन्य बीमारियों से संबंधित सभी विज्ञापन जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी।

### बालकृष्ण को अवमानना नोटिस जारी

शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर भ्रामक विज्ञापन जारी रखने के लिए पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण को अदालत की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि अदालत बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अवमानना कार्यवाही मामले में पक्षकार बनाएगी, क्योंकि दोनों की तस्वीरें विज्ञापन में हैं। शीर्ष अदालत ने पतंजलि आयुर्वेद को कई बीमारियों के इलाज के लिए उसकी दवाओं के विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे करने के लिए पिछले साल नवंबर में आगाह किया था।

**19 मार्च को होगी अगली सुनवाई**

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की निष्क्रियता पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि याचिका वर्ष 2022 में दायर की गई थी। सरकार आंखें मूंद कर बैठी हुई है। दो साल तक इंतजार के बाद भी कानून के अनुसार कार्रवाई नहीं की गई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अपनी याचिका में एलोपैथी दवा को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को करेगी।

---

बिहार में फिर हुआ 'खेला',

# महागठबंधन के तीन विधायक भाजपा में हुए शामिल

**पटना,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में महागठबंधन में फिर टूट हुई है। कांग्रेस को दो विधायक और राजद का एक विधायक भाजपा में शामिल हो गया हैं। कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ सौरव और मुरारी गौतम के साथ-साथ राजद से संगीता देवी ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पूर्व मंत्री मंगल पांडेय ने इन तीनों विधायकों को भाजपा में शामिल कराया। सम्राट चौधरी तीनों विधायकों को साथ लेकर विधानसभा पहुंचे थे। इससे पहले फ्लोर टेस्ट के दौरान राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव पाला बदल जेडीयू खेमे में चले गए थे।



■ महागठबंधन की रैली से पहले लगा बड़ा झटका

आज एक बार फिर राजद के एक विधायक संगीता देवी ने पाला बदल लिया है इस बार राजद विधायक भाजपा खेमे में चला गयो। वही कांग्रेस के दो विधायक सिद्धार्थ सौरव और मुरारी गौतम ने भी पाला बदल लिया है। सिद्धार्थ विक्रम से कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं। बताया जाता है कि नीतीश कुमार के फ्लोर टेस्ट से पहले कांग्रेस विधायकों को हैदराबाद भेज दिया गया था। जिसमें तीन विधायक हैदराबाद नहीं गए थे। उनमें एक सिद्धार्थ भी थे।

### जन विश्वास यात्रा पर है तेजस्वी

तेजस्वी यादव इन दिनों जन विश्वास यात्रा पर हैं। 20 फरवरी से वे लगातार यात्रा कर रहे हैं बिहार के कई जिलों में जाकर अपनी बात रख रहे हैं और लोगों को 3 मार्च को महागठबंधन की महारैली में आने का न्योता दे रहे है। लेकिन महागठबंधन की रैली से पहले ही बड़ी टूट हो गई।

---

# लोकसभा चुनाव घोषित होने से पहले लागू हो जाएगा सीएए

■ संसद से पांच साल पहले ही पारित हो चुका है अधिनियम
■ विरोध प्रदर्शन के चलते लागू नहीं किया था

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) जल्द लागू हो सकता है। इसकी अधिसूचना अगले माह लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले जारी कर दी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों का दावा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले सीएए को लागू कर दिया जाएगा। मालूम हो कि सीएए अधिनियम संसद से पांच साल पहले ही पारित हो चुका है। लेकिन देश भर में चले विरोध प्रदर्शन के चलते इसे लागू नहीं किया गया था। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले इसको लेकर एक बार चर्चा फिर गर्म है। माना जा रहा है कि इसे अगले महीने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले अधिसूचित कर दिया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं कि सीएए जल्द ही लागू हो जाएगा।



---

# गगनयान के 4 अंतरिक्ष यात्रियों के नामों का ऐलान

**तिरुवनंतपुरम,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर पहुंचे। उनके साथ इसरो चीफ एस सोमनाथ भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने यहां लगभग 1800 करोड़ रुपए के तीन स्पेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और देश के पहले मैन्ड स्पेस मिशन गगनयान का रिव्यू किया। प्रधानमंत्री ने गगनयान मिशन पर भेजे जाने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के नामों का ऐलान भी किया और उन्हें एस्ट्रोनॉट विंग्स दिए।



**प्रधानमंत्री ने उम्मीदों को अंतरिक्ष में ले जाने वाली शक्तियां बताया**

---

परेशानी | मौसम ने एक बार फिर ली फिर करवट

# कई जगहों पर बारिश के साथ ओले गिरे

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के भोपाल और आसपास के इलाकों में मंगलवार शाम तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई। इससे पहले सोमवार को भी मप्र के साथ ही उप्र, राजस्थान और हरियाणा में बारिश हुई। कहीं-कही ओले भी गिरे। इससे फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने कहा कि दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

उप्र के झांसी में मंगलवार तड़के तेज बारिश के साथ ओले गिरे। यहां सड़कों पर सफेद चादर जैसी बिछ गई है। वहीं, जालौन में भी बारिश और ओलावृष्टि हुई। प्रयागराज में भी सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

पश्चिमोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में एक से तीन मार्च तक बरिश के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, अनुमान है कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 29 फरवरी से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और एक से तीन मार्च तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगा, जिसकी तीव्रता एक और दो मार्च को चरम पर होगी।



■ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भारी बारिश के आसार
■ एक मार्च से मौसम में नमी आने का अनुमान

आईएमडी की रिपोर्ट में अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत में एक से दो मार्च के दौरान मौसम में उच्च नमी आने का अनुमान जताया गया है। देश में एक से तीन मार्च के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में गरज और बिजली के साथ व्यापक रूप से मध्यम वर्षा के अनुमान हैं।

### दिल्ली में हल्की बारिश

मौसम विभाग ने कहा, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में गरज और बिजली के साथ छिटपुट से मध्यम वर्षा होने की संभावना है और एक और दो मार्च को उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और हिमाचल प्रदेश में एक मार्च को अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं।

# देश

उवाच



"झारखंड सरकार का बजट राज्य के खजाने को केवल लुटने और लुटवाने वाला है। इसमें कोई दूरगामी सोच वाला लोक कल्याणकारी योजनाओं का समावेश नही है। केवल लूट खसोट की योजनाओं का कॉपी पेस्ट करते हुए ऑफिसर्स के लिए लूट के रास्ते को खुला रखा गया है।

–बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 13.0 |
| मुंबई | 28.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 25.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 24.0 |

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी की आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीट बंटवारे पर कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है और वह इंडिया समूह के हिस्से के रूप में चुनाव लड़ेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि देश को बर्बादी से बचाने के लिए इंडिया समूह को मजबूत बनाना ही होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा, अगर इंडिया समूह को

**■ सीट बंटवारे पर कांग्रेस के साथ बातचीत है जारी**

मजबूत नहीं किया जा सका तो हम खुद ही देश को संकट में डाल देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है और कुछ दिनों में सीट बंटवारे पर फैसले के बारे में लोगों को बता दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमें कांग्रेस के साथ गठबंधन करना होगा, उमर (अब्दुल्ला) साहब उनके संपर्क में हैं और कुछ दिनों में ही इस पर फैसला



**देश को बर्बादी से बचाने को इंडिया समूह को मजबूत बनाना जरूरी**
**: फारूक अब्दुल्ला**

आ जाने की संभावना है। अगस्त 2019 में राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करने से पहले जम्मू-कश्मीर में छह लोकसभा सीटें हुआ करती थीं। जम्मू-कश्मीर में पिछले संसदीय चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन-तीन सीटें जीती थीं। जम्मू-कश्मीर में इस बार लोकसभा सीटों की संख्या घटकर पांच हो गई है, क्योंकि लद्दाख एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस के साथ गठबंधन जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि हम अकेले नहीं रह सकते थे, यह देश का एक हिस्सा है। हम अकेले मजबूत नहीं हो सकते। यह पूछे जाने पर कि नेशनल कांफ्रेंस के कुछ पूर्व नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं, अब्दुल्ला ने कहा कि लोग आएंगे और जाएंगे। ये कोई नई बात नहीं है। कोई भाजपा में जाएगा और कोई भाजपा से बाहर आएगा।

ये चुनाव का हिस्सा है। इसका नेशनल कांफ्रेंस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने बल पर चुनाव लड़ना है। हमने पहले भी चुनाव लड़ा है और आज फिर अपनी ताकत के दम पर चुनाव लड़ेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि वह चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव हों। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसदीय चुनाव हो सकता है, लेकिन राज्य विधानसभा चुनाव नहीं।फारूक अब्दुल्ला के इस बयान से कांग्रेस को भी राहत मिल सकती है। इससे पूर्व फारूक ने जम्बू कश्मीर की सभी लोकसभा सीटों पर अपनी ही पार्टी के प्रत्याशियों को उतारने का बयान दिया था। अब्दुल्ला ने कहा था कि राज्य में वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगे। अब अब्दुल्ला कांग्रेस को मजबूत करने की बात कह रहे हैं।

### भाजपा में लोग आएंगे व जाएंगे इसमें कोई नई बात नहीं

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा में लोग आएंगे और जाएंगे इसमें कोई नई बात नहीं है। यह चुनाव में होता है। इसका असर हम पर नहीं होने वाला है। हमें अपना चुनाव लड़ना है, अपने बलबूते पर लड़ना है। इसमें कोई शक नहीं है कि हमें कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ना है। उमर साहब (उमर फारुक) बात कर रहे हैं। कुछ दिनों में यह फैसला होगा। हम साथ लड़ेंगे। जो ग्रुप (इंडिया गठबंधन) बना हुआ है उसको मजबूत करना बहुत जरूरी है. अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हम अपने वतन को मुसीबत में डाल देंगे। भाजपा पर हमला करते हुए फारूक ने कहा कि यह लोगों को तय करना है कि लोग उनके साथ रहना चाहते हैं जिन्होंने हमारा सब कुछ लूट लिया। खुदा जाने आगे क्या करेंगे। खबरदार रहिए। विधानसभा चुनाव भी होंगे ऐसी उम्मीद करते हैं। जब संसदीय चुनाव लड़ सकते हैं तो विधानसभा चुनाव क्यों नहीं लड़ सकते।

## मोदी अगले हफ्ते कश्मीर का करेंगे दौरा

**श्रीनगर,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात मार्च को कश्मीर का दौरा करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। साल 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह मोदी की पहली कश्मीर यात्रा होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी सात मार्च को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में एक आधिकारिक बैठक में भाग लेंगे। पिछले हफ्ते, प्रधानमंत्री ने जम्मू का दौरा किया था, जहां उन्होंने एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया और जम्मू-कश्मीर में 32,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी साथ ही पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन भी लॉन्च की। प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान श्री मोदी ने जहां तीन बार जम्मू का दौरा किया है, वहीं इस दौरान उन्होंने एक बार भी कश्मीर का दौरा नहीं किया है। जम्मू-कश्मीर में एक साथ विधानसभा और संसदीय चुनावों की संभावना का आकलन करने के लिए मोदी की कश्मीर यात्रा चुनाव आयोग (ईसीआई) की यात्रा से पहले होने की उम्मीद है।



## सपा के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने दिया पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व मंत्री व विधायक आबिद रजा खान ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने पद से इस्तीफा दे दिया प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आबिद रजा खान ने पत्रकारों के सामने समाजवादी पार्टी सहित सेकुलर पार्टियों पर मुसलमान को नजरअंदाज करने का आरोप भी लगाया उन्होंने कहा मुसलमान के वोट को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश में गठबंधन किया गया है मुसलमान की लॉन्चिंग होती है उन पर जुल्म और प्रताड़ना होती है लेकिन कोई पार्टी उनकी आवाज नहीं उठाती। आबिद रजा ने समाजवादी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा सियासी हिस्सेदारी के साथ इंसाफ ना करना, गठबन्धन के साथियों से बेहतर कॉर्डिनेशन ना रख पाना व सच कहने वाले नेता व कार्यकर्ताओं की बात को नजर अन्दाज करना एवं पार्टी का ओवर कॉन्फिडेन्स लगातार पार्टी को खोखला व कमजोर कर रहा है। पार्टी संघर्ष के नाम पर फेसबुक, टिवटर, फोटो सेशन तक रह गयी है, कई सालों से जनता के मुद्दे पर कोई धरना प्रदर्शन ना करना भी पार्टी को नुकसान पहुंचा रहा है। यही वजह है कोई भी चुनाव नजदीक आते ही पार्टी को गठबन्धन का सहारा लेना पड़ता है। जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है। क्या मुसलमान का काम अब पार्टी में सिर्फ पोस्टर लगाना, नारे लगाना, कुर्सिया बिछाना, और टैण्ट बिछाना बचा है। आखिर



**समाजवादी पार्टी पर लगाए मुसलमानों की अनदेखी करने का आरोप**

मुसलमान कब तक पार्टी में टिकट का मोहताज रहेगा 14 फरवरी को हमने आपको पीडीए के मुताबिक राज्यसभा के तीन प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी मुसलमान बनाने की गुजारिश की थी, जिसको नजर अंदाज कर दिया गया। पार्टी के एमवाई फेक्टर में एम के साथ इंसाफ नहीं हो रहा है। जबकि प्रदेश का मुसलमान तमाम जुल्म और सितम के बावजूद आपके साथ खड़ा है। आने वाले एमएलसी के चुनाव में कम से कम दो मुसलमानों को प्रत्याशी बनाना चाहिए।

आबिद राजा ने कहा गठबंधन सिर्फ मुसलमान वोट को रोकने के लिए किया जाता है। गठबंधन करके मुसलमान की अनदेखी पार्टी यह सोचकर और करती है कि मुलसमान वोट अब जायेगा कहां। अब मुसलमान व मुसलमान लीडर की पार्टी में नेताजी के वक्त जैसी इज्जत व कद्र नहीं बची, इसलिए हमारे दिल ने हमें यह महसूस करने पर मजबूर कर दिया कि हमें इस पद पर नहीं रहना चाहिए। इसलिए मैं अपने राष्ट्रीय सचिव के पद से इस्तीफा देता हूं।

## सार संक्षेप

### ओम बिरला ने शफीकुर रहमान बर्क के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उत्तर प्रदेश के संभल से लोकसभा सदस्य शफीकुर रहमान बर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया है। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि सांसद और वरिष्ठ नेता शफीकुर रहमान बर्क का निधन अत्यंत दुखद है। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं । ईश्वर उनके प्रशंसकों और परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। गौरतलब है कि संभल से समाजवादी पार्टी सांसद बर्क का मंगलवार को निधन हो गया । वह 94 वर्ष के थे।

### बंगाल में जूट मिल में लगी भीषण आग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के ईएम बाईपास (साल्ट लेक क्षेत्र) पर कडापारा के पास मंगलवार एक जूट मिल में भीषण आग लग गई। अग्निशमन कर्मियों ने कहा कि आग की तेज लपटों पर काबू पाने के लिए करीब 10 दमकलों को लगाया गया।फिलहाल, आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए मशक्कत कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि धुआं सबसे पहले कोलकाता जूट मिल में सुबह करीब आठ बजे देखा गया और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। घने काले धुएं के कारण दमकल कर्मी आग के स्रोत का पता नहीं लगा सके।

### श्रीलंका के पुट्टलम में बनेगा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुमाला मंदिर की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने श्रीलंका के कोलंबो में पुट्टलम जिले में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का निर्माण करने का निर्णय लिया है। श्री मयूरपति श्री भद्रकाली अम्मन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुंदर लिंगम के अनुरोध पर बी करुणाकर रेड्डी की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। बोर्ड उनके अनुरोध पर श्रीवारी कल्याणम आयोजित करने पर भी सहमत हुआ।

### कश्मीर में पांच दिनों की बारिश का दौर शुरू

**श्रीनगर।** कश्मीर में पांच दिनों की बारिश का दौर शुरू होने के बाद मंगलवार को पर्यटन स्थल गुलमर्ग में ताजा हिमपात हुआ। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में पिछले 24 घंटों में 4.0 सेंटीमीटर और कोकेरनाग में 0.7 सेंटीमीटर हिमपात हुआ।

## शिव सेना यूबीटी के खिलाफ जालसाजी की जांच शुरू

**मुंबई,** 27 फरवरी (एजेंयिसां)। मुंबई पुलिस ने कथित धोखाधड़ी और जालसाजी मामले में शिवसेना (यूबीटी) गुट के खिलाफ जांच शुरू की है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी की ओर से शिकायत दर्ज कराने के बाद मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शिवसेना (यूबीटी) गुट के खिलाफ जांच शुरू की थी कि चुनाव आयोग की ओर से शिंदे गुट को असली शिवसेना घोषित करने के बाद भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी फंड से 50 करोड़ रुपए निकाले हैं। इससे पहले, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर से मुलाकात कर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पदाधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की पुलिस शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें दावा किया गया था कि वे पार्टी के पैन और टैन विवरण, धोखाधड़ी से टीडीएस और शिव सेना का इनकम टैक्स रिटर्न का दुरुपयोग कर रहे हैं। मुंबई पुलिस ने कहा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) द्वारा शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के खिलाफ शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू की कि चुनाव आयोग द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना घोषित करने के बाद भी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने पार्टी फंड से 50 करोड़ रुपये निकाल लिए। ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर दी है। आयकर विभाग को भी पत्र लिखकर यह जानकारी मांगी गई है कि यूबीटी गुट का कर कौन चुका रहा है।

झारखंड की चंपई सोरेन सरकार ने पेश किया बजट

# 2030 तक 10 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

**रांची,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड की चंपई सोरेन सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते हुए राज्य के किसानों का दो लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ करने, पंचायती राज व्यवस्था के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में इजाफा करने सहित कई घोषणाएं की हैं। कुल 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ के इस बजट का आकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3.7 प्रतिशत ज्यादा है। वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने लगातार पांचवें साल बजट पेश करते हुए कहा कि वर्ष 2029-30 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ रुपए का बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने अपने भाषण में गठबंधन सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने बजट को हवा-हवाई और जनता के हितों के प्रतिकूल बताते हुए सदन का बहिष्कार किया।

इस योजना में लाभार्थियों को 5 किस्त में 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। 19 नए महाविद्यालय, 4 महिला महाविद्यालय, रांची में एक और मेडिकल कॉलेज की स्थापना और एक मेडिको सिटी की स्थापना जैसी घोषणाएं भी बजट में की गई हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित करेगी, जिससे एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। राज्य में राशन कार्डधारियों को सोयाबीन-बड़ी देने का एलान किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके पहले



**■ वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने पांचवें साल किया बजट पेश**

हेमंत सोरेन की सरकार ने गरीबों को हर माह एक किलो दाल देने का फैसला लिया था। अब चावल और दाल के साथ सब्जी (सोयाबीन-बड़ी) भी सरकार देगी। सोयाबीन-बड़ी उन राशन कार्डधारियों के बीच वितरित की जाएगी, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आते हैं। गर्भवती महिलाओं को मच्छरदानी, पोशाक, तेल-साबुन और बाल्टी-मग का किट देने का ऐलान भी बजट में किया गया है। इस योजना के तहत 6 लाख लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। इसके लिए बजट में 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अगले वित्तीय वर्ष में 90 हजार परिवारों को ग्रामीण महिला उद्यमिता से जोड़ने का भी ऐलान किया गया है।

### किसानों को ऋण से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता

वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि किसानों को ऋण से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। अब तक ऋण माफी योजना के तहत 1,858 करोड़ रुपए की ऋण माफी की गई है। इस योजना के तहत ऋण माफी की सीमा 50 हजार रुपये थी। अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऋण माफी की सीमा को बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। इसके साथ ही एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना में शामिल कर लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को सूखा से राहत और उनकी आय में वृद्धि करना हमारी प्राथमिकता में है। 2023-24 में बिरसा बीज उत्पादन योजना के तहत लगभग 2 लाख 10 हजार किसानों को बीज वितरण कर उनको लाभ पहुंचाया गया। पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में पहली बार वृद्धि की गई है। इसके लिए 2024-25 में 2,066 करोड़ रुपए की राशि प्रस्तावित है। राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही अबुआ आवास योजना के जरिए गरीबों के लिए 2027-28 तक 20 लाख आवासों का निर्माण कराए जाने की बात बजट में कही गई है।

## बिहार में खेला की बात कहने वाले को खिलौना देने का कर रहे काम : सम्राट चौधरी

**पटना,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। महागठबंधन के तीन विधायकों के अचानक पाला बदलने के बाद बिहार की सियासत एक बार फिर से गरमा गई है। एक तरफ जहां कांग्रेस ने पाला बदलने वाले अपने दोनों विधायकों को गद्दार बता दिया है तो वहीं आरजेडी खेमें में खामोशी छाई हुई है। विधायकों के पाला बदलने के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने तेजस्वी पर तीखा तंज किया है और कहा है कि खेला की बात कहने वाले को हम लोग बार-बार खिलौना देने का काम कर रहे हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पाला बदलकर भाजपा के साथ जाने के बाद से ही पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कांग्रेस बिहार में बड़े खेला का दावा कर रहे थे। तेजस्वी ने दावा किया था कि नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले बड़ा खेला होगा। कांग्रेस ने जहां अपने विधायकों को फ्लोर टेस्ट से पहले तेलंगाना शिफ्ट कर दिया था तो वहीं आरजेडी ने अपने विधायकों को तेजस्वी के सरकारी आवास में नजरबंद कर दिया था। तेजस्वी के खेला करने वाले बयान पर उस वक्त सम्राट चौधरी ने कहा था कि जो खेल करने की बात कह रहा है उसे हमलोग खेलने के लिए बड़ा खिलौना देंगे और वही हुआ। विधानसभा में जब फ्लोर टेस्ट हुआ तो उल्टे तेजस्वी के साथ खेला हो गया और आरजेडी के तीन विधायकों ने पाला बदल लिया था और विधानसभा में सत्ता पक्ष में जाकर बैठ गए थे।



**■ महागठबंधन के तीन विधायकों के पाला बदलने पर कसा तंज**

### बहार की जनता को भाजपा पर भरोसा

विधायकों के पाला बदले पर सम्राट चौधरी ने कहा कि वो माई-बाप की पार्टी है, मेरा आग्रह है कि वे मां-बाप की सेवा करें। हम लोगों के लिए मां-बाप पूरा बिहार और बिहार की जनता है और इस पर जो लोग भरोसा करेंगे वे हमारे साथ होंगे। हमनें तो कहा नहीं था कि खेला करेंगे और जिसने खेला कहा था उस बच्चे को हम लोग बार-बार खिलौनी देने का काम कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि अभी और भी विपक्ष के विधायक टूटेंगे। इस सवाल पर सम्राट ने कहा कि अब किसी को बच्चे पर भरोसा नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं।

## विधायक किरण देवी के आवास पर ईडी का छापा

**पटना,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की विधायक किरण देवी के आवास पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापा मारा। बिहार में संदेश से राजद विधायक किरण देवी के भोजपुर जिला के गड़हनी थाना के अगिआंव के अलावा पटना में भी 2 ठिकानों पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग (काला धन को वैध बनाने) के मामले में छापेमारी की। छापेमारी के वक्त विधायक अपने आवास पर मौजूद नहीं थी । विधायक अपने पति और परिवार के बाकी लोगों के साथ किसी करीबी के कार्यक्रम में शामिल होने गई हैं। विधायक का बड़ा बेटा अगिआंव स्थित घर पर है। ईडी की टीम उससे पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि विधायक किरण देवी के पति अरुण यादव राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के करीबी हैं और वह विधायक भी रह चुके हैं। उनका बालू का कारोबार है । ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम इससे पहले भी उनके ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है।

## सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी तीसरी सीट का चुनाव : अखिलेश

**लखनऊ,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि राज्यसभा की तीसरी सीट का चुनाव सच्चे साथियों की पहचान करने की परीक्षा थी। दरअसल, उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीटों के लिए मंगलवार को हुए चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने आठ और सपा ने तीन उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था। मतदान के ठीक पहले सपा के वरिष्ठ नेता और ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडे ने विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक पर से इस्तीफा देकर भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान का संकेत दिया। मनोज पांडे के साथ साथ छह अन्य विधायकों के भी भाजपा के पक्ष में जाने की संभावना को बल मिला। इसके चलते संभावित हार से निराश सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्रास वोटिंग करने वाले सभी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होने ट्वीट किया। हमारी राज्यसभा की तीसरी सीट दरअसल सच्चे साथियों की पहचान करने की परीक्षा थी और ये जानने की कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ और कौन अंतरात्मा से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के ख़िलाफ़ है। अब सब कुछ साफ़ है, यही तीसरी सीट की जीत है। राज्यसभा की दस सीटों के लिए भाजपा ने पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन और संजय सेठ को मैदान में उतारा है जबकि मुख्य विपक्षी दल सपा ने मौजूदा राज्यसभा सांसद जया बच्चन, पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन और पूर्व मंत्री रामजी लाल सुमन को मैदान में उतारा है।




गुहार | *कश्मीर के दो नौजवान रूस में लड़ रहे जंग*

# परिजनों ने सरकार से लगाई नौजवानों की वापसी की गुहार

**■ सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 27 फरवरी (देशबन्धु)। वे दो कश्मीरी नौजवान जिनका दावा है कि उन्हें धोखे से रूसी सेना में भर्ती कर यूक्रेन की सीमा पर लड़ाई के लिए भेज दिया गया, वापस अपने वतन लौटने को बेचैन हैं। उनके परिवारवालों का कहना है कि वे रोजगार की तलाश में यात्रा पर निकले थे और एक फर्जी प्रस्ताव में फंस गए और उन्हें यूक्रेन सीमा पर भेज दिया गया है। कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके के पोशवान गांव के आजाद यूसुफ कुमार और कुपवाड़ा के तंगदार इलाके के जहूर अहमद शेख के रूप में पहचाने जाने वाले दोनों को दुबई में संचालित एक वीलॉग चलाने वाले यूट्यूबर के माध्यम से धोखाधड़ी की भर्ती का लालच दिया गया था। पत्रकारों के साथ से बात करते हुए सज्जाद



**■ रूसी की सेना में धोखे से किए गए भर्ती**

कुमार बताते थेकि उनके भाई आजाद कुमार एक फर्जी भर्ती प्रस्ताव में फंस गए थे, जिसे उन्होंने एक यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉगर द्वारा देखा था। कुमार ने बताया कि यह एक सहायक का काम था और मेरा भाई व्लॉगर के संपर्क में आया और मुंबई पहुंचा, जहां व्लॉगर के दो एजेंट एक पुरुष और दूसरी महिला उससे मिले थे। उनका दावा था कि उनके भाई को मुंबई से चेन्नई और बाद में शारजाह और दुबई तक के टिकट उपलब्ध कराए गए थे। कुमार के बकौल उसका भाई अपना वीजा आने तक कुछ दिनों तक दुबई में रहा। लेकिन जिस दिन वह दुबई से रवाना हुआ, उस दिन से उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। वे दावा करते थे कि उनके भाई से दुबई में एक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कराए गए और कहा गया था कि उन्हें रूस में नौकरी दी जाएगी। वे कहते थे कि उसे रूस में नौकरी का आश्वासन दिया गया था, पर वह यूक्रेन सीमा पर पहुंच गया। और अब उन्हें एक अज्ञात नंबर से एक संदेश मिला जिसमें उनके भाई ने परिवार को सूचित किया कि वह रूसी सेना के साथ यूक्रेन सीमा पर उतरे हैं और घर लौटना चाहते हैं। उसके भाई के पैर में गोली लगी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने हमें बुलाया और रो रहा था। वह घर लौटना चाहता है। इसी प्रकार के दूसरे मामले में कुपवाड़ा के हाजिनार तंगदार इलाके का जहूर अहमद शेख रूस में लापता हो गया है, जिससे उसका परिवार चिंतित है। शेख चंडीगढ़ में एक निजी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था, दिसम्बर 2023 में दो साथियों के साथ रूस की यात्रा की और लापता हो गया। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने रूस में फंसे कश्मीरी जोड़े को वापस लाने के लिए हस्तक्षेप के लिए विदेश मंत्रालय (एमईए) और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ मामला उठाया है। जेकेएसए के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुएहमी ने कहा कि कुमार और कई अन्य लोगों को एक फर्जी भर्ती योजना में फंसाया गया है, जिसमें उन्हें खाना पकाने और सफाई में नौकरी के अवसरों के झूठे वादे के तहत रूस की यात्रा करने के लिए धोखा दिया गया था।

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं

# फिटनेस हमारे दैनिक जीवन का है अभिन्न अंग : वी.के.सक्सेना

**■ उपराज्यपाल ने कुतुबगढ़ गांव में किया खेल परिसर का उद्घाटन**

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। खेल हमें फिट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की ताकि फिटनेस हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन जाए, जो बड़े पैमाने पर सफल हुआ। मैं चाहता हूं कि बच्चों को विभिन्न खेल सुविधाओं में उन्नत प्रशिक्षण मिले, जिससे वे हमारे देश का गौरव बढ़ाएं। यह कहना है दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना का। मंगलवार को स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रधानमंत्री के विजन के क्रम में कुतुबगढ़ गांव में एक खेल परिसर का उद्घाटन करते हुए एलजी ने यह बात कही। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद हंस राज हंस और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की आधारशिला पिछले वर्ष अक्टूबर में रखी गई थी और यह पूरा प्रोजेक्ट 2.5 करोड़ रुपए की लागत से पूरा हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि कुतुबगढ़ के कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे और हमारे देश का गौरव बढ़ाएंगे। उपराज्यपाल ने कुतुबगढ़ को यह रूप देने में डीडीए की भूमिका की सराहना की और कहा कि उनका प्रयास दिल्ली के हर गांव में एक खेल परिसर बनाना है।



**बच्चों को मिले विभिन्न खेल सुविधाओं में उन्नत प्रशिक्षण : वी.के.सक्सेना**

उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि बच्चों को विभिन्न खेल सुविधाओं में उन्नत प्रशिक्षण मिले, जिसके लिए इंडियन ऑयल और भारतीय सेना ने अनुभवी कोच उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की है और शीघ्र ही हमें उन्नत कोचिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कुतुबगढ़ के खेल परिसर में बहुउद्देशीय खेल के मैदान, जॉगिंग ट्रैक, दो बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, पुरुष और महिलाओं के लिए अखाड़ा, कबड्डी का मैदान, रबराइज फ्लोर के साथ ओपन जिम उपकरण जैसी कई सुविधाएं है।

## राजधानी में न्यायिक अधिकारियों के भत्तों में जल्द होगा संशोधन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में न्यायिक अधिकारियों के भत्तों में जल्द संशोधन होगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को लागू करने को लेकर आदेश दिए हैं। यह निर्देश दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर हैं। न्यायालय ने अपने फैसले में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए, न्यायिक अधिकारियों, सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को बकाया वेतन, पेंशन और भत्तों के भुगतान के लिए 29 फरवरी की समय सीमा तय की है। संशोधन के लिए कानून विभाग ने प्रस्ताव दिया था। उपराज्यपाल ने इसे मंजूरी दे दी है। निर्धारित नियमों के अनुसार सहमति के लिए व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पास भेजा जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने हाउस बिल्डिंग एडवांस, चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस, सिटी मुआवजा भत्ता, समवर्ती चार्ज भत्ता, वाहन, परिवहन भत्ता, महंगाई भत्ता, अर्जित अवकाश नकदीकरण, बिजली और पानी शुल्क, उच्च योग्यता, पहाड़ी क्षेत्र, कठिन स्थान भत्ता, गृह अर्दली, घरेलू सहायता भत्ता, मकान किराया भत्ता, अवकाश यात्रा रियायत, गृह यात्रा रियायत, चिकित्सा भत्ता, समाचार पत्र और पत्रिका भत्ता, जोखिम भत्ता, वस्त्र भत्ता, प्रशासनिक भत्ते के लिए विशेष वेतन, निकासी भत्ता, टेलीफोन सुविधा और स्थानांतरण अनुदान से संबंधित भत्तों का निपटारा किया है।

# भारतीय परिधान उद्योग के स्वरूप में लगातार हो रहा बदलाव : गोयल

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारत टेक्स 2024 में सीएमएआई द्वारा आयोजित ब्रांड्स ऑफ इंडिया पैविलियन का उद्घाटन किया। इस मौके पर जयेश शाह, अंकुर गादिया, नवीन सैनानी, जे.टी, मुकेश जैन, कीर्ति शाह, दिनेश नंदू, राहुल मेहता, मोहन साधवानी सहित अन्यत लोग मौजूद रहे। सीएमएआई द्वारा ब्रांड्स ऑफ इंडिया पैविलियन हॉल 12 ए भारत मंडपम नई दिल्ली में 26 से 29 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। मालुम हो की भारत टेक्स 2024 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने पांच एफ के सिद्धांत पर जोर दिया जिसमें फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन ए फैशन टू फॉरेन की प्रक्रिया है, जो की मूल श्रृंखला के सभी तत्वों को एक ही श्रंखला से जोड़ती है। भारत के ब्रांडस के बारे में बताते हुए क्लॉथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजेश मसंद ने कहा कि हम मंत्री पीयूष गोयल द्वारा भारत टेक्स 2024 में हमारे ब्रांड्स ऑफ इंडिया पवेलियन का उद्घाटन करने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। वर्तमान समय में भारतीय परिधान उद्योग का स्वरूप उपभोक्ताओं के व्यवहार उनके आर्थिक रुझान सामाजिक बदलाव और तकनीकी प्रगति से निरंतर बदल रहा है। यह उपभोक्ता की मांगों को पूरा करने के लिए उचित समय है और एक ऐसे समय में पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों का समाधान भी कर रहा है। राहुल मेहता ने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप ब्रांड्स ऑफ इंडिया भारतीय परिधान ब्रांडों को वैश्विक मंच पर पेश करने का एक बड़ा जरिया है।



**■ ब्रांड्स ऑफ इंडिया पैविलियन का किया उद्घाटन**

## सार संक्षेप

### लोक नायक अस्पताल में लगी आग

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के लोक नायक अस्पताल में सोमवार रात आग लग गई जिसके बाद मरीजों और अस्पताल के कर्मचारियों सहित लगभग 50 लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवाओं के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि उन्हें रात करीब सवा 10 बजे अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली थी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 10 गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। अस्पताल के बाह्य रोगी विभाग के एक वार्ड में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी थी।

### ब्राण्डस्केप्स सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब की शुरुआत

**नई दिल्ली।** मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट एमडीआई ने ब्रांडस्केप्स एमडीआई सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन किया, जो भारतीय मैनेजमेन्ट रीसर्च एवं एजुकेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि है। महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरोलैब, न्यूरोसाइन्टिफिक एवं बिहेवियरल सिद्धान्तों पर आधारित बहु-आयामी अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फाइनैंस, इकोनोमिक्स, पॉलिसी मैनेजमेन्ट, मार्केटिंग, ओर्गेनाइज़ेशनल बिहेवियर और ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेन्ट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए यह सेंटर ऐसे रूझान प्रस्तुत करेगा, जो निर्णय निर्धारण प्रक्रिया में बड़े बदलाव ला सकते हैं। नई खोली गई लैब के महत्व पर रोशनी डालते हुए प्रोफेसर अरविंद सहाय, डायरेक्टर, एमडीआई गुड़गांव ने कहा कि एमडीआई गुड़गांव में ब्रांडस्केप्स सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

### शांति देसाई स्पोर्ट्स क्लब के अपग्रेडेशन का प्रस्ताव पारित होने का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली नगर निगम द्वारा निगम की बैठक में पुरानी दिल्ली रेलवे-स्टेशन के पास स्थित शांति देसाई स्पोर्ट्स क्लब के अपग्रेडेशन का प्रस्ताव पारित किये जाने का स्वागत किया। 2021-22 में चांदनी चौक के तत्कालीन भाजपा निगम पार्षद रवि कप्तान ने पूर्व महापौर एवं चांदनी चौक के ही पूर्व पार्षद श्री शांति देसाई की स्मृति को समर्पित दिल्ली नगर निगम के इस पुराने स्पोर्ट्स क्लब के अपग्रेडेशन का प्रस्ताव रखा था पर आर्थिक विषमताओं एवं मार्च 2022 में निगम सदन भंग हो जाने के चलते प्रस्ताव लटका रहा। सोमवार को दिल्ली नगर निगम की बैठक में रवि कप्तान के समय वाला प्रस्ताव फिर से आया और अन्य ऐजेंडा के साथ ही पारित हो गया है।

# केवल आप कर सकती है बाबा साहब का सपना साकार : केजरीवाल

**■ जात-पात में यकीन नहीं करती है पार्टी**

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने पूर्वी दिल्ली समान्य लोकसभा सीट से एससी समाज से आने वाले कोंडली के विधायक और सफाई कर्मचारी के बेटे कुलदीप कुमार को टिकट देकर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस फैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्वी दिल्ली जनरल कैटेगरी की सीट है।



यहां से हमने एससी समाज के कुलदीप कुमार को टिकट दिया है।

अभी तक कोई पार्टी जनरल सीट से एससी समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं देती थी। एससी समाज के व्यक्ति को केवल सुरक्षित सीटों से ही चुनाव लड़वाया जाता था। पूरे देश में केवल आम आदमी पार्टी ही है, जो बाबा साहब के सपने को साकार कर सकती है।

## पार्टी के लिए सब लोग बराबर

आम आदमी पार्टी मानती है कि सब लोग बराबर है, अगर कोई काबिल है तो उसे उस सीट से लड़ाया जा सकता है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह पहली बार नहीं है। इससे पहले पंजाब विधानसभा चुनाव में भी हम लोगों ने मोहाली की जनरल सीट पर एससी समाज से आने वाले कुलवंत सिंह को चुनाव लड़ाया था। हमने न केवल जनरल कैटेगरी की सीट से टिकट देकर उनको लड़वाया था, बल्कि वहां की जनता ने उनको उस सीट से जिताया भी था। कुलवंत सिंह इस समय मोहाली के विधायक हैं। इस बार भी हम पूर्वी दिल्ली से जो कि एक जनरल कैटेगरी की सीट है, वहां से कुलदीप कुमार उर्फ मोनू को चुनाव लड़ा रहे हैं।

## हवाई अड्डे पर फ्लाइट उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी के आईजीआई हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह दिल्ली से कोलकाता की एक उड़ान में बम होने की सूचना मिली। जो आईजीआई हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली थी। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसी ने जांच पड़ताल की। जांच में कॉल फर्जी पाई गई। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फर्जी कॉल करने वाले की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

# रिलायंस फाउंडेशन ने किया वंतारा की घोषणा

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन ने सोमवार को अपने वंतारा जंगल का सितारा कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की,जो भारत सहित विदेशों में भी घायल, शोषित और खतरे में पड़े जानवरों के बचाव, उपचार, देखभाल और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक व्यापक पहल है। गुजरात में रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के ग्रीन बेल्ट के भीतर 3000 एकड़ में फैले वंतारा का लक्ष्य विश्व स्तर पर संरक्षण प्रयासों में अग्रणी योगदानकर्ताओं में से एक बनना है।



**भारत में अपनी तरह का पहला पशु बचाव, देखभाल, संरक्षण व पुनर्वास कार्यक्रम**

जानवरों की देखभाल और कल्याण में अग्रणी विशेषज्ञों के साथ काम करके वंतारा ने 3000 एकड़ के विशाल स्थान को जंगल जैसे वातावरण में बदल दिया है, जो बचाई गई प्रजातियों के लिए प्राकृतिक, समृद्ध और हरे-भरे आवास की अनुभूति प्रदान करता है। वंतारा पहल भारत में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसे आरआईएल और रिलायंस फाउंडेशन के निदेशक मंडल के निदेशक अनंत अंबानी के उत्साही नेतृत्व में संकल्पित किया गया है। अंबानी जामनगर में रिलायंस के महत्त्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा व्यवसाय का भी नेतृत्व कर रहे हैं और 2035 तक नेट कार्बन शून्य कंपनी बनने की रिलायंस की यात्रा का नेतृत्व करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वंतारा अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल, अस्पतालों, अनुसंधान और शैक्षणिक केंद्रों सहित सर्वोत्तम श्रेणी के पशु संरक्षण व देखभाल पर केंद्रित है। अपने कार्यक्रमों के भीतर, वंतारा उन्नत अनुसंधान को एकीकृत करने और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों तथा संगठनों जैसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर आईयूसीएन और वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड फॉर नेचर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के साथ सहयोग पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

अनंत अंबानी ने कहा जो चीज मेरे लिए बहुत कम उम्र में एक जुनून के रूप में शुरू हुई थी वह अब वंतारा और हमारी शानदार टीम के साथ एक मिशन बन गई है। हम गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## महिला उद्यमियों का 14वां वैश्विक सम्मेलन एक मार्च को

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। 14वाँ वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन महिला उद्यमियों को वैश्विक अवसरों के लिए सशक्त बनाना विषय पर केंद्रित है। इसका संचालन इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर्स , संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन, बहरीन और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 और 2 मार्च, 2024 को एयरोसिटी के प्राइड प्लाजा होटल में आयोजित किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के उद्देश्य से यह सम्मेलन एक जबरदस्त ज्ञानवर्धक कार्यक्रम बनने जा रहा है। सम्मेलन में, उपस्थित होने वाले महानुभावों को वैश्विक व्यापार अवसरों का पता लगाने, चर्चा करने और संभावनाओं का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक सक्षम और सशक्त मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपना नेटवर्क बना सकें, अपनी अंतर्दृष्टि साझा कर सकें।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्या :** TenderNo222445 |
| 2 | **कार्य का नाम और कार्य स्थान :** "शॉट और मास्किंग फ्रेम और बोगी शॉट ब्लास्टिंग और पेंट के साथ कोच शॉट ब्लास्टिंग के लिए काम दो साल की अवधि के लिए पेंट और शॉट के साथ लाइन" |
| 3 | **अनुमानित लागत :** रु. 3,97,59,133.80/- जीएसटी @ 18% सहित |
| 4 | **बयाना राशि :** रु. 3,48,800.00/- |
| 5 | **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य |
| 6 | **कार्य अवधि :** अवधि कार्य आरंभ होने से चौबीस महीने |
| 7 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय :** दिनांक 13.03.2024, खुलने का समय 15:00 बजे। |
| 8 | **निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट :** उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** |
| 9 | **यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।** |

**सं.: TenderNo222445 दिनांक: 20.02.2024** **618/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



## ग्राम पंचायत बदरपुर विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद

**पत्रांक: 22/पंचायत/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/स्व0भा0मि0ग्राम0 फेस–2 निविदा 2023–24** **दिनांक: 27–02–2024**

**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बदरपुर विकास खण्ड लोनी में निम्न कार्य हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 (ओ.डी.एफ प्लस) पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्माण कार्य के लिए शील्ड बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदार्य प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म/ठेकेदार अपनी निविदाये किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 28.02.2024 से दिनांक 04.03.2024 दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यलय में दे सकते हैं। निविदायें दिनांक 04.03.2024 को सांय 3 बजे उसी दिन अधिकारी/आपूतिकर्ताओं के सम्मुख खोली जायेगी।

| क्र. सं– | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत (18% GST सहित) | अर्नेस्ट मनी (10%) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 (ओ०डी०एफ० प्लस) /15वां वित्त आयोग** | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत बदरपुर में ग्राम लुत्फुल्लापुर नवादा में खेल के मैदान की चाहरदीवारी का निर्माण कार्य | 1.00 जॉब | 580500.00 | 58050.00 | 590.00 | 2 माह |
| | **पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग** | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत बदरपुर में ग्राम लुत्फुल्लापुर नवादा के मैदान की चाहरदीवारी का निर्माण कार्य | ल0– 42.20 मी | 243200.00 | 24320.00 | 250.00 | 15 दिन |
| 2 | ग्राम पंचायत बदरपुर में ग्राम लुत्फुल्लापुर नवादा में आर0आर0सी0 सेन्टर से बिल्लू के प्लॉट तक एल०–टाईप नाली व इन्टरलोकिंग टाईल्स का कार्य | ल0– 85.00 मी० | 698000.00 | 69800.00 | 700.00 | 15 दिन |

1. अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन०एस०सी/एफ० डी0आर के रूप में जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत बदरपुर के नाम से बंधक होगी।
2. कार्य पी.डब्लू.डी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा ।
3. नियमानुसार सभी शासकीय कटोतियां की जायेंगी।
4. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।
5. कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा लोनी से ली जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम बदरपुर
विकास खंड लोनी

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत–बदरपुर
विकास खंड लोनी


# मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान से जुड़ें लोग : मोदी

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया को अधिक सहभागी बनाने के सिलसिले में देशवासियों का आह्वान किया और कहा कि सभी वर्ग के लोग पहली बार के मतदाताओं के बीच अपने तरीके से मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान का संदेश फैलाएं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपना संदेश साझा किया।

इसके पहले आज, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स पर MeraPehlaVoteDeshKeLiye विषयक गान का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य युवा मतदाताओं को वोट देने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस गान के शुभारंभ की घोषणा करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने अपने हालिया मन की बात संबोधन में आह्वान किया था और इस सिलसिले में राष्ट्र लोकतंत्र के अपने सबसे बड़े त्योहार के लिए तैयार है, मैं आप सभी से MeraPehlaVoteDeshKeLiye अभियान में शामिल होने तथा अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने का आग्रह करता हूं। यह गान मतदाता जागरूकता की दिशा में भारत के चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए अभियान में योगदान देने का एक प्रयास है। अपने मन की बात संबोधन में प्रचार अभियान के बारे में बोलते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि यह अभियान पहली बार के मतदाताओं को बड़ी संख्या में चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।



**■ पहली बार के मतदाताओं के बीच अभियान का संदेश फैलाने का किया आह्वान**

**■ अनुराग ठाकुर ने मेरा पहला वोट देश के लिए विषयक गान का शुभारंभ किया**

प्रधानमंत्री ने आगे कहा था कि 18वीं लोकसभा युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतीक होगी और इससे युवा वोट का मूल्य कई गुना बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर फिल्म उद्योग, साहित्य जगत के प्रभावशाली लोगों और अन्य प्रोफेशनलों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा पहली बार के मतदाताओं को प्रेरित करने की अपील की थी।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

स्पोर्ट्स सिटी के इस मामले को बोर्ड बैठक लाने की योजना बना रहे है। डेवलपर का संशोधित नक्शा चर्चा के लिए रखा जाएगा। यही नहीं डेवलपर को निर्माण कार्य की अनुमति के लिए प्राधिकरण को भूमि आवंटन पर सीएजी रिपोर्ट प्रकाशित होने के तुरंत बाद जनवरी 2021 में 201वीं बोर्ड बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों को वापस लेना होगा।

**लोकेश एम, सीईओ, नोएडा प्राधिकरण**

## जिन फ्लैटों की ओसी मिली उनकी की जाए रजिस्ट्री

**नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। स्टांप राजस्व में बढ़ोतरी करने एवं फ्लैट बायर्स के फ्लेटों की रजिस्ट्री करने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम बीएस वर्मा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन द्वितीय शशि भानू मिश्र, समस्त उपनिबंधक, संबंधित प्राधिकरण के अधिकारी, बिल्डर्स एवं फ्लैट बायर्स उपस्थित रहे।

■ **डीएम ने बिल्डरों से कहा खरीदार का नहीं किया जाए शोषण, बढ़ाया जाए स्टांप**



फ्लैट बायर्स ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि बिल्डर को फ्लैट की पूरी धनराशि भुगतान करने के बावजूद भी बिल्डर्स के द्वारा फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित बिल्डर्स से जवाब मांगा। बिल्डर्स के द्वारा बताया गया कि प्राधिकरण से ओ.सी. न मिल पाने के कारण फ्लैटो की रजिस्ट्री करने में विलंब हो रहा है। जिलाधिकारी ने सभी बिल्डर्स को कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से जिन फ्लेटों की रजिस्ट्री के लिए ओ.सी. मिल गई। उनकी रजिस्ट्री कराई जाए एवं जिनकी अभी ओसी प्राप्त नहीं हुई है।

उनकी ओ.सी. प्राधिकरण से लेते हुए बायर्स की फ्लैटो की रजिस्ट्री कराई जाए। साथ ही बिल्डर्स को निर्देश दिए कि फ्लैट बायर्स का अनावश्यक रूप से शोषण न किया जाए। जिलाधिकारी ने स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के स्टांप राजस्व में अधिक से अधिक वृद्धि करने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आ रहा है कि बहुत से बिल्डर्स के द्वारा बिना रजिस्ट्री कराये ही फ्लैट बायर्स को कब्जा दे दिया गया है, जिससे काफी स्टांप राजस्व की हानि हो रही है। स्टांप विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर ऐसे बिल्डर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाए, ताकि ऐसे सभी बायर्स के फ्लेटों की रजिस्ट्री कराते हुए स्टांप राजस्व में वृद्धि की जा सके। साथ ही निर्देश दिए कि बिल्डर्स एवं फ्लैट बायर्स की समस्याओं को लेकर प्रत्येक माह बैठक प्राधिकरण वार कराई जाए एवं संबंधित बिल्डर्स की उपस्थिति भी सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने महागुन बिल्डर्स के द्वारा बैठक में उपस्थित न होने एवं उनसे संबंधित फ्लैट बायर्स की अधिक समस्या होने के कारण अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार को उनकी साइट को सील करने के निर्देश दिए।

## स्पोर्ट्स सिटी के लोट्स ग्रीन प्रोजेक्ट से हट सकता है प्रतिबंध

**नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। यूपी विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) की सिफारिशों के आधार पर नोएडा प्राधिकरण सेक्टर-150 में स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट पर लगा प्रतिबंध हटा सकता है। पिछले साल नवम्बर में हुई एक बैठक के दौरान, पीएसी ने प्राधिकरण को लोटस ग्रीन्स द्वारा प्रदान की गई संशोधित लेआउट योजना को मंजूरी देने और सभी मानदंडों को पूरा करने पर निर्माण कार्य की अनुमति देने का निर्देश दिया था। जिसमें स्पोर्ट्स सिटी के ब्रोशर के अनुसार खेल सुविधाओं के लिए 70 प्रतिशत खेल 28 प्रतिशत आवासीय और 2 प्रतिशत कामर्शियल गतिविधियां शामिल है।

■ **बोर्ड में प्रस्ताव लाकर प्राधिकरण 201वीं बोर्ड में लिए गए निर्णय को लेगा वापस, 10 हजार होम बायर्स को फायदा**



यह मामला जल्द ही प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में रखे जाने की संभावना है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा कि स्पोर्ट्स सिटी के इस मामले को बोर्ड बैठक लाने की योजना बना रहे है। डेवलपर का संशोधित नक्शा चर्चा के लिए रखा जाएगा। यही नहीं डेवलपर को निर्माण कार्य की अनुमति के लिए प्राधिकरण को भूमि आवंटन पर सीएजी रिपोर्ट प्रकाशित होने के तुरंत बाद जनवरी 2021 में 201वीं बोर्ड बैठक के दौरान लिए गए निर्णयों को वापस लेना होगा। दरअसल, नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक ऑडिट रिपोर्ट के बाद 2021 से नोएडा प्राधिकरण द्वारा स्पोर्ट्स सिटी के साथ-साथ रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई थी। जिसमें योजना के लिए भूमि आवंटन प्रक्रियाओं के बारे में आपत्तियां उठाई गई थीं। ऐसे में प्राधिकरण ने तब तक किसी भी भवन की मंजूरी नहीं देने का फैसला किया है, जब तक डेवलपर्स खेल सुविधाओं का निर्माण नहीं कर लेते और स्पोर्ट्स सिटी योजना के मानदंडों का पालन नहीं करते। लोटस द्वारा संशोधित मानचित्र प्रस्तुत किया गया। जिसमें 70 प्रतिशत खेल की आवश्यकता के अनुपालन का दावा करता है। प्राधिकरण फिलहाल जमा किए गए मानचित्र का मूल्यांकन कर रहा है। सीईओ ने स्पष्ट किया कि बकाया भुगतान पर कोई राहत नहीं मिलेगी। प्राधिकरण के रिकॉर्ड के अनुसार, डेवलपर और उसके कंसोर्टियम भागीदारों को 1200 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। जिसका भुगतान करना होगा। सेक्टर 150 में ये परियोजना (एससी-02) 330 एकड़ में फैली हुई है। 2014-15 में डेवलपर को आवंटित की गई थी। वर्तमान में टाटा, समृद्धि, एल्डिको, होमक्राफ्ट और गोदरेज सहित अन्य कंसोर्टियम भागीदारों की कुछ परियोजनाओं का निर्माण किया गया है। जबकि शेष भूमि अभी भी खाली है। कई कंसोर्टियम साझेदारों ने अभी तक अपनी परियोजनाएं शुरू नहीं की हैं। मुख्य सदस्य के रूप में लोटस ग्रीन्स ने एक संघ का गठन किया और भूमि को 24 भागों में विभाजित किया। इनमें से 13 परियोजनाओं के लेआउट को प्राधिकरण से मंजूरी मिल गई है। निर्माण प्रतिबंध और फ्लैट रजिस्ट्री प्रतिबंध हटने पर, विभिन्न परियोजनाओं में आवंटित फ्लैटों के लगभग 10,000 घर खरीदारों को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, यहां गोल्फ कोर्स, क्रिकेट अकादमी, तैराकी केंद्र, बहुउद्देशीय खेल का मैदान और टेनिस अकादमी जैसी खेल सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

पीएसी ने पिछले साल स्पोर्ट्स सिटी पर पांच बार बैठक की थी और अंत में प्राधिकरण को निर्देश दिया कि जहां भी पर्याप्त जमीन उपलब्ध हो, स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं पर प्रतिबंध हटा दिया जाए। समिति को अवगत कराया गया कि जिन चार स्पोर्ट सिटीज को जमीन आवंटित की गई है, उनमें से केवल एक सेक्टर 150 में परियोजना (एससी-02) है, जिस पर फिलहाल कुछ निर्णय लिया जा सकता है। दो स्पोर्ट्स सिटी परियोजनाओं के दो प्रमुख डेवलपर्स - लॉजिक्स और थ्री सी दिवालिया प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं, जबकि एटीएस के पास पूरी जमीन नहीं है।

पीएसी अध्यक्ष ने कहा था, 'स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निर्धारित समय के भीतर और भारतीय खेल प्राधिकरण के मानकों के अनुसार भूमि पर सभी खेल सुविधाओं के साथ किया जाना चाहिए। समय पर पैसा जमा करने के लिए प्राधिकरण और डेवलपर को एक साथ बैठकर चर्चा करनी चाहिए और पैसा जमा करने की समय सीमा के संबंध में एक शपथ पत्र भी लेना चाहिए।' सेक्टर 78, 79, और 101 में भूमि पार्सल और सेक्टर 150 में एक अन्य भूमि पार्सल क्रमशः थ्री सी और लॉजिक्स को आवंटित किए गए थे। सेक्टर 150 और सेक्टर 152 में एक-एक भूमि पार्सल क्रमशः लोटस ग्रीन्स और एटीएस होम्स को आवंटित किया गया था। चारों डेवलपर्स ने भूमि को 74 भूखंडों में विभाजित किया और उन्हें सहायक कंपनियों को आवंटित कर दिया। 74 में से, 30000 इकाइयों वाली 45 परियोजनाओं के लेआउट को मंजूरी दी गई थी। लगभग 15,000 घर खरीदार इन इकाइयों में चले गए हैं, जबकि अन्य विभिन्न निर्माण चरणों में हैं। चूंकि डेवलपर्स ने योजना के मुख्य नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया है और उन पर 8200 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है, इसलिए प्राधिकरण फ्लैटों की रजिस्ट्री की अनुमति नहीं दे रहा है।

## सार संक्षेप

### जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह को मातृ शोक



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह की माता प्रेम लता (74) का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। ज्ञात रहें कि प्रेम लता एक लंबे समय से गुर्दा रोग से पीड़ित थी, उनका इलाज पूर्व में गाजियाबाद के एक अस्पताल में चल रहा था और उसके उपरांत कुछ हफ्तों से वह प्रयागराज के हॉस्पिटल में भर्ती रही। उन्होंने मंगलवार की दोपहर अपनी अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह के पैतृक जनपद जौनपुर में बुधवार सुबह किया जाएगा। उनके निधन का समाचार सुनते ही सिंह के आवास पर परिवारजनों को सांत्वना के लिए परिवारजनों, रिश्तेदारों सहित अधिकारी व पत्रकारों का तांता लग गया। जिला सूचना विभाग उनके निधन पर अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से स्व. प्रेमलता की आत्मा की शान्ति व उनके परिवार को इस दुःख की घड़ी से शीघ्र उभरने हेतु प्रार्थना की।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**नोएडा।** चोटपुर कॉलोनी स्थित घर से 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब किशोरी नहीं मिली तो उसके भाई ने सेक्टर-63 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बहन 20 फरवरी से घर से लापता है। पुलिस ने किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए एक टीम गठित कर दी है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी आशंका जताई कि कोई उसकी बहन को बहला फुसलाकर ले गया है।

### धार्मिक स्थल में जूते पहनकर घुसने वाले हिन्दू रक्षादल के दो पदाधिकारी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस को एक ट्वीट के माध्यम से जानकारी मिली की टीला मोड़ थाना क्षेत्र के गरिमागार्डन स्थित मदीना मस्जिद में कुछ गैर सामुदायिक लड़के जूते पहनकर प्रवेश कर गए हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच कराई गई तो इसमें सत्यता पाई गई। प्रकरण में तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए छानबीन शुरु की गई। आज सुबह दोनों अभियुक्तों को गरिमा गार्डन से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार युवकों के नाम अन्नू चौधरी व दक्ष चौधरी हैं। उधर धर्मीज स्थल की देखरेख से जुड़े व्यक्ति ने दोनों को हिंदू रक्षादल का पदाधिकारी होना बताया है। उन्होंने यह भी बताया कि धार्मिक टिप्पणी करने और माहौल बिगाड़ने, धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले का मुकदमा शहवाज नामक युवक ने दर्ज कराया है। उसने आरोप लगाया कि ने बताया कि सोमवार रात 12 बजे अन्नू और दक्ष धार्मिक स्थल में घुस आए थे। धार्मिक टिप्पणी करते हुए धक्कामुक्की की और नवाज नहीं पढ़ने देने की चेतावनी दी। समझाने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। उधर युवकों ने पुलिस को बताया कि शोर सुनकर दोनों अंदर गए थे। पुलिस ने दोनों को आईपीसी की 151ए, 295, 295ए, 323, 504 व 506 धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## एनईए में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कैंप लगाकर लाभों से कराया वाकिफ

**नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन सेक्टर-6 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त शशांक दिनकर, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 डॉ. जोगेन्द्र एवं सहा. आयुक्त दिव्य ज्योति, रविन्द्र कुमार ने कर्मचारी भविष्य निधि के अंतर्गत मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। साथ ही अवगत कराया कि जिनकी समस्याओं का समाधान किसी कारणवश कैंप में नहीं हो पाया। उनकी समस्याओं का समाधान अगले 3 कार्य दिवस में कर दिया जाएगा । कैंप में अंशदाताओं के ईसीआर, रिटर्न, केवाईसी सीडिंग और सदस्य विवरण सुधार, अपडेशन, उच्चतर वेतन पर पेंशन, प्रमुख नियोक्ता पोर्टल पर ठेकेदारों की जानकारी व यूएएन जनरेट करना आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त शशांक दिनकर एवं उनकी पूरी टीम को एनईए भवन में आकर पीएफ से संबंधित समस्याओं का त्वरित निदान करने पर धन्यवाद दिया साथ ही आशा व्यक्त की भविष्य निधि विभाग द्वारा इसी प्रकार कैंप का आयोजन किया जाता रहेगा। इस अवसर पर एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वीके सेठ, वरि उपाध्यक्ष हरीश जोनेजा आदि मौजूद रहे।




## अवैध खनन करने के मामले में दो गिरफ्तार

**नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना खादर में बालू का अवैध करने वाले दो आरोपियों को मंगलवार को एसओजी और क्राइम रिस्पांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर बालू से भरे तीन ट्रैक्टर और ट्राली को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने अवैध खनन करने की धारा में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान फरीदाबाद के भूपानी के सतनाम और महेश नागर के रूप में हुई है। दोनों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। मुखबिर से मिली सूचना पर दोनों को दलेलपुर के जंगल के पास से दबोचा गया। एसओजी और सीआरटी को यमुना के खादर क्षेत्र से अवैध खनन किए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम ने थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के दलेलपुर के जंगल से दो आरोपियों को बालू से भरे 3 ट्रैक्टरों समेत पकड़ा। दोनों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। यमुना खादर में अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की एक टीम काम कर रही है। इससे पहले रायपुर खादर में भी अवैध खनन और पत्थरों की पिसाई करने के मामले में कई वाहनों का जब्त किया जा चुका है।

## संभव में नगर आयुक्त ने सुनी समस्याएं, दिए तत्काल समाधान के निर्देश

**गाजियाबाद,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ जिसमें 12 संदर्भ प्राप्त हुए अधिकांश संदर्भ टैक्स विभाग से प्राप्त हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक समस्त विभाग के अधिकारियों सहित जन समस्याओं को सुना। निर्माण विभाग से 2, स्वास्थ्य विभाग से 1, प्रकाश से 1, टैक्स विभाग से 6, अन्य अतिक्रमण से संबंधित 2 संदर्भ प्राप्त हुए, नगर आयुक्त द्वारा संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। संभव के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव को प्राप्त टैक्स विभाग के संदर्भों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आए हुए शिकायतकर्ताओं को अवगत कराने के निर्देश दिए, 'संपत्ति का म्यूटेशन, संपत्ति पर टैक्स लगवाने, ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने, टैक्स के प्राप्त बिलो में करेक्शन करने व अन्य विषय प्राप्त हुए, संबंधित जोनल प्रभारी को अवगत कराते हुए कार्रवाई कराई गई।



संभव के दौरान संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, टैक्स प्रभारी डॉ. संजीव, निर्माण विभाग प्रभारी व अन्य टीम उपस्थित रही। संभव के दौरान कई क्षेत्रीय पार्षदों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं पर नगर आयुक्त महोदय से चर्चा की जिस पर योजना बनाते हुए कार्य करने के लिए अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## पति की मौत का सदमा नहीं झेल सकी पत्नी, सातवीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

**गाजियाबाद,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। कौशाम्बी थाना इलाके में एक नवविवाहित युवती अपने पति की मौत का सदमा नहीं झेल सकी और उसने सातवीं मंजिल से छलांग लगाकर जान दे तीन महीने पहले ही दोनों ने प्रेम विवाह किया था। सोमवार को दोनों दिल्ली में चिड़िया घर गए थे। जहां पर पति की अचानक तबियत खराब ही गई थी। बाद में उसकी मौत हो गई।



■ **तीन माह पहले ही दोनों ने किया था प्रेम विवाह**

मामला वैशाली सेक्टर तीन की अलकाइन हाई राइज सोसाइटी का है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 23 वर्षीय अंजलि व अभिषेक ने तीन माह पूर्व ही प्रेम विवाह किया था। सोमवार को दोनों दिल्ली के चिड़ियाघर देखने गए थे वहीं पर अभिषेक की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी मौत हो गई इसके बाद अभिषेक को उनके घर लाया गया तो पत्नी पति की लाश को देखकर पापा को बैठी और इतनी सदमे में आ गई कि उसने साथी मंजिल की बालकनी से नीचे चलांग लगा दी महिला को अंजलि को तत्काल वैशाली के निजी अस्पताल भेजा गया। जहां से उसे सफदरजंग रेफर कर दिया गया था। वहां महिला की उपचार के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। महिला के पति एनजीओ में काम करते थे। पुलिस ने अंजलि के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एनटीपीसी के किसानों के लिए एक समान मुआवजा और रोजगार पर बनी सहमति

**नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। एनटीपीसी पर 66 दिनों तक किसानों ने धरना दिया। इसके बाद एक हाइपावर कमेटी गठित की गई। इस हाइपावर कमेटी के सामने किसानों ने अपनी बात रखी। जिसमें एनटीपीसी के अधिकारियों और किसानों ने अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए। ये तथ्य जिलाधिकारी और उन जिलाधिकारी दादरी के समक्ष रखे गए। बता दे हाइपावर कमेटी में डीएम सदस्य बनाए गए है। इस दौरान एनटीपीसी के डायरेक्टर एचआर डीके पटेल, एस राव RED INR, सी कुमार ईडी एचआर, नीरज कपूर जीएम सीएसआर मौजूद रहे।

हाइपावर कमेटी की ये पहली बैठक थी। इसमें किसानों की ओर से एक समान मुआवजा और बेरोजगार किसानों को रोजगार देने के मुद्दे पर चर्चा की गई। किसानों ने जमीन अधिग्रहण के दौरान एनटीपीसी की ओर से किए गए वायदों को दिखाया। इसके बाद उन्होंने विगत में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुए समझौते से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए।

काफी देरतक विचार विमर्श होने के बाद अधिकारियों ने कहा कि हम किसानों की तथ्यों से संतुष्ट है। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि जितनी भी जल्दी हो सके किसानों को हम सामान रोजगार और मुआवजे की मुहीम को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। किसानों की तरफ से सुखवीर खलीफा, जय जवान जय किसान संगठन से सुनील फौजी की एडवोकेट सचिन अवाना, अनूप राघव मनिंदर भाटी पंकज खारी, गोपाल शर्मा सतीश राणा विजय राणा मौजूद रहे।

**एनटीपीसी पर धरने की वजह भी जाने, क्या है समान मुआवजा और रोजगार की मांग**

भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफा ने बताया कि एनटीपीसी दादरी परियोजना के लिए 1986,1987,1989,1991 और 1994 आदि में जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इस दौरान किसानों को मुआवजा राशि एक समान न होकर एनटीपीसी अधिकारियों ने अपनी सुविधा के अनुसार अलग-अलग तय की। जिसमें कुछ किसानों को 8 रुपए, 20 रुपए और 45 रुपए प्रतिगत के हिसाब से मुआवजा और नौकरी दी गई।

वहीं कुछ किसानों को रेलवे लाइन के अधिग्रहण बताकर 50 रुपए और 110 रुपए प्रतिगत व नौकरी दी गई। जबकि ये अधिग्रहण भी दादरी परियोजना में आता है। इस दौरान स्थानीय नेताओं



एनटीपीसी व किसानों के बीच एक समझौता कराकर किसानों को 110 रुपए प्रतिगज व 250 रुपए प्रतिगज व नौकरी दिलवाई। जब एक परियोजना के लिए अधिग्रहण किया जा रहा है तो रेट भी समान होने चाहिए।

■ **कमेटी ने माना किसानों के तथ्य सही, जल्द फाइल आगे बढ़ाने के निर्देश**

इसके अलावा 2291 परिवारों ने एनटीपीसी की स्थापना के लिए अपनी जमीन दी है। जिनमें केवल 182 प्रभावित व्यक्तियों को एनटी पीसी में नौकरी दी गई और 25 प्रतिशत को दुकानें। एनटी पीसी के प्रभावित सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए। एनटी पीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भू विस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए। 200 बेड का अस्पताल बनाया जाए। दादरी में दो डिग्री कॉलेज खुलवाई जाए।

**66 दिनों तक धरना के बाद बनी थी हाइपावर कमेटी**

एनटीपीसी पर 66 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया गया। ये धरना भारतीय किसान परिषद के बैनर तले किया गया। पहले दिन धरना दिया गया इसके बाद किसानों ने रोजाना एनटीपीसी की परिक्रमा लगाई, मटकी फोड़ आंदोलन किया गया, तालाबंदी का प्रयास किया गया। अंत में संयुक्त किसान मोर्चा के दिल्ली चलो कॉल के बाद हाइपावर कमेटी बनी और उसकी पहली बैठक की गई।

## 12 करोड़ की लागत से निगम औद्योगिक क्षेत्र की बना रहा है 8 सड़कें, नगर आयुक्त ने लिया जायजा

**गाजियाबाद,** 27 फरवरी (देशबनधु)। सेंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड के फंड से गाजियाबाद नगर निगम औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के सुधार पर विशेष कार्रवाई कर रहा है। जिसके क्रम में वसुंधरा जोन के अंतर्गत 6 सड़कों पर तेजी से कार्य चल रहा है तथा कवि नगर और विजयनगर जोंन की सड़क भी इसमें शामिल की गई थी। जिनका कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग 12 करोड़ की लागत से गाजियाबाद नगर निगम द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की आठ सड़कों पर कार्य कराया गया नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा जोन के अंतर्गत चल रहे सड़क सुधार के कार्यों का मौके पर औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी ने बताया सेंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड से प्राप्त धनराशि से,



वार्ड संख्या 24 बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र की 120 मी रोड का निर्माण हो चुका है, विजयनगर वार्ड संख्या 25 के अंतर्गत कोट गांव फाटक के पास 795 मी सड़क का कार्य भी पूर्ण हो चुका है, वसुंधरा जोन के अंतर्गत कार्य प्रगति पर है जो कि शीघ्र ही पूर्ण हो जाएंगे नगर आयुक्त महोदय द्वारा चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया, मौके पर कार्य चल रहा था तथा चल रहे कार्यों से संतुष्ट मिले।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल न करने को लेकर नगर निगम ने चलाया अभियान

गजियाबाद। स्वास्थ्य विभाग सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल न करने को लेकर अभियान चला रहा है मोहन नगर जोन के अंतर्गत वार्ड संख्या 78 शालीमार गार्डन में कार्रवाई की गई दुकानदारों को प्लास्टिक इस्तेमाल न करने के लिए अपील भी की गई तथा कई दुकानदारों के यहां पॉलिथीन या प्लास्टिक की बनी हुई वस्तुएं मिली जिसको जब्तकिया गया साथ ही जुर्माना भी वसूला गया। गाजियाबाद नगर निगम के प्लास्टिक मुक्त अभियान में क्षेत्रवासी भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं कई नागरिकों द्वारा जागरुक होकर प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार कर दिया गया है प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा बार-बार शहर वासियों से अपील की जा रही है शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कई सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं जो की सराहनीय है, अभियान के दौरान प्रवर्तन दल की टीम भी उपस्थित रही।

उवाच

बिसरख के खसरा नंबर 773 की जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन है। कुछ कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल की टीम ने मंगलवार को मौके पर जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। करीब 3 घंटे तक यह कार्रवाई चली।

हिमांशु वर्मा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ओएसडी

# कैपिटल ज़ोन

# तीन माह में 4500 किसानों को मिल जाएंगे सात फीसदी आबादी भूखंड

**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को दिए जाने वाले सात फीसदी आबादी भूखंडों के आवंटन कर दिए जाएंगे। यमुना प्राधिकरण शहर में विकास कार्यों को गति देने लिए अगले 100 दिनों की कार्य योजना तैयार की है। इसके तहत क्षेत्र के 16 गांवों के लगभग 4500 किसानों को तीन माह में आबादी भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे। पूर्व में हुए प्रकाशन में आई आपत्तियों का निस्तारण कर अब पात्र किसानों की अंतिम सूची का प्रकाशन किए जाने की तैयारी चल रही है। नियोजन और परियोजना विभाग को ले- आउट के अनुसार विकास कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को यमुना प्राधिकरण में 7 फीसदी विकसित भूखंड दिए जाने का प्रावधान है। जमीन अधिग्रहण के कई साल बाद भी इसका लाभ पाने से वंचित रह गए किसान पिछले काफी समय से आबादी भूखंड दिए जाने की मांग कर रहे हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के किसान लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसको देखते हुए यमुना प्राधिकरण सभी पात्र किसानों को जल्द से

> जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को 7 फीसदी आबादी भूखंड का लाभ जल्द मिल सके, इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में नियोजन और परियोजना विभाग को आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अगले तीन में आबादी भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे।
> डॉ. अरुणवीर सिंह
> मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना प्राधिकरण

जल्द आबादी भूखंड आवंटित करने की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई 100 दिनों की कार्ययोजना के अनुसार पात्र किसानों की सूची तैयार कर अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। पूर्व में किए गए प्रकाशन में आई आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है। नियोजन और परियोजना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आबादी भूखंड के लिए गांव के

- **यमुना प्राधिकरण के 16 गांवों के लगभग 4500 किसानों को मिलेगा लाभ**
- **पात्र किसानों की सूची का जल्द किया जाएगा प्रकाशन**
- **नियोजन व परियोजना विभाग को दिए गए दिशा निर्देश**
- **50 फीसदी हिस्से में व्यवसायिक गतिविधि कर सकते हैं किसान**

आसपास जमीन चिन्हित कर उसका विकास करने के बाद आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाए। नियोजन विभाग द्वारा 16 गांवों के किसानों के 7 फीसदी आबादी भूखंडों का लेआउट अनुमोदित करा लिया जाए। परियोजना विभाग द्वारा अनुमोदित ले- आउट के अनुसार स्थल पर विकास कार्य कराए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### पचास फीसदी भूखंड पर कर सकेंगे व्यवसायिक गतिविधि

किसानों को आबादी भूखंडों के आवंटन से यीडा क्षेत्र में बसावट भी हो सकेगी। नियमानुसार आबादी भूखंड के 50 फीसदी हिस्से पर व्यवसायिक गतिविधि को अंजाम दिया जा सकता है। फिलहाल 8 गांवों के 790 किसानों को आबादी भूखंड दिए जा चुके हैं।

### 10 फीसदी आबादी भूखंड देने के लिए शासन को भेजा गया है पत्र

यमुना प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को 7 के बजाय 10 फीसदी विकसित भूखंड देना चाह रहा है। इससे संबंधित प्रस्ताव बोर्ड बैठक से पास कर शासन को भेजा जा चुका। शासन से अनुमति मिलने के बाद उन किसानों को 3 फीसदी अतिरिक्त आबादी भूखंड आवंटित किए जाएंगे, जिनको पूर्व में 7 फीसदी आबादी भूखंड मिल चुके होंगे।

### इन गांवों के किसानों को मिलेंगे आबादी भूखंड

रौनीजा, सलारपुर, फतेहपुर अट्टा, धनौरी, रुस्तमपुर, उस्मानपुर, चांदपुर, रामपुर, मूंजखेड़ा, खेरलीभाव, अच्छेजा बुजुर्ग, मोहम्मदपुर बुजुर्ग, पचोकरा, कादरपुर, निलौनी शाहपुर, जगनपुर-अफजलपुर आदि गांव शामिल हैं।

# यमुना प्राधिकरण ला रहा सब्जी व दूध बूथ के लिए भूखंड की योजना



> आवासीय सेक्टर 18,20, और 22 डी में सब्जी व मिल्क बूथ के लिए 200 वर्गमीटर के 52 भूखंड की योजना मार्च में लांच की जाएगी। योजना के तहत सिर्फ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के कोपरेटिव सोसायटी को ही भूखंड आवंटित किया जाएगा। आवासीय सेक्टर में मंदिर के लिए तीन भूखंड की योजना आ रही है।
> डॉ. अरुणवीर सिंह
> मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण

- **पराग, अमूल, मदर डेयरी जैसी कोपरेटिव सोसायटी को आवंटित होंगे भूखंड**
- **मंदिर के लिए प्राधिकरण ला रहा एक, चार व पांच हजार वर्गमीटर भूखंड की योजना**

**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण आवासीय सेक्टरों में बसावट होने पर आवंटियों को दूध और सब्जी जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो सके, इसके लिए सब्जी व मिल्क बूथ के लिए भूखंड की योजना ला रहा है। प्रदेश व राष्ट्रीय कोपरेटिव सोसायटी को ही भूखंड आवंटित किया जाएगा। प्राधिकरण आवासीय सेक्टरों में पूजा पाठ के लिए मंदिर के लिए भी तीन भूखंड़ों की योजना ला रहा है। मार्च के पहले सप्ताह में प्राधिकरण भूखंड़ों की योजना लांच करेगा। प्राधिकरण आवासीय सेक्टर 18, 20 और 22 डी में आवंटियों को भूखंड पर कब्जा देना शुरू कर दिया है। भूखंड पर कब्जा मिलने के साथ आवंटियों ने मकान का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। सेक्टरों में जल्द बसावट हो इसके लिए यमुना प्राधिकरण अब मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। सब्जी, फल और मिल बूथ के लिए प्राधिकरण मार्च के प्रथम सप्ताह में भूखंड की योजना ला रहा है। योजना के तहत 200 वर्गमीटर के 52 भूखंड होंगे। प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की कोपरेटिव सोसायटी को ही सब्जी व मिल्क बूथ के भूखंड आवंटित किए जाएंगे। आवासीय सेक्टरों में सब्जी और मिल्क बूथ के लिए जमीन प्राधिकरण पहले से चिन्हित कर रखा है।

### आवासीय सेक्टरों में मंदिर के लिए तीन भूखंड की योजना

यमुना प्राधिकरण आवासीय सेक्टर 18 और 20 में मंदिर के लिए तीन भूखंड की योजना ला रहा है। जिसमें 1000, 4000 और 5000 वर्गमीटर के भूखंड होंगे। मार्च के प्रथम सप्ताह में मंदिर के लिए भूखंड की योजना लांच की जाएगी।

# महागुन बिल्डर्स की साइट सीज करने की जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। स्टांप राजस्व में वृद्धि करने एवं फ्लैट बायर्स के फ्लेटों की रजिस्ट्री करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम बीएस वर्मा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन द्वितीय शशि भानू मिश्र, समस्त उपनिबंधक, संबंधित प्राधिकरण के अधिकारीगण तथा बिल्डर्स एवं फ्लैट बायर्स उपस्थित रहे। फ्लैट बायर्स ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि बिल्डर को फ्लैट की पूरी धनराशि भुगतान करने के बावजूद भी बिल्डर्स के द्वारा फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित बिल्डर्स से जवाब मांगा। बिल्डर्स के द्वारा बताया गया कि प्राधिकरण से ओ.सी. न मिल पाने के कारण फ्लैटो की रजिस्ट्री करने में विलंब हो रहा है। जिलाधिकारी ने सभी बिल्डर्स को कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से जिन फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए ओ.सी. प्राप्त हो गई है, उनकी यथाशीघ्र रजिस्ट्री कराई जाए एवं जिनकी अभी ओ.सी. प्राप्त नहीं हुई है यथाशीघ्र उनकी ओ.सी. प्राप्त करते हुए सभी फ्लैट बायर्स की फ्लैटो की रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। साथ ही बिल्डर्स को निर्देश दिए कि फ्लैट बायर्स का अनावश्यक रूप से शोषण न किया जाए। जिलाधिकारी ने महागुन बिल्डर्स के द्वारा बैठक में उपस्थित न होने एवं उनसे संबंधित फ्लैट बायर्स की अधिक समस्या होने के कारण अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार को उनकी साइट को सील करने के निर्देश दिए।

# ग्रेनो प्राधिकरण की वाणिज्यिक भूखंड योजना लांच

**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने चार एफएआर (फ्लोर एरिया रेश्यो) वाले 18 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना लांच कर दी है। अगर ये सभी भूखंड आवंटित हो गए तो ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही 18 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे। ग्रेटर नोएडावासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में और सुविधा हो जाएगी। रिजर्व प्राइस पर इन 18 भूखंडों की कीमत लगभग 1134 करोड़ रुपए है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वाणिज्यिक विभाग ने चार एफएआर वाले 18 भूखंडों की योजना सोमवार को लांच कर दी है। 28 फरवरी से इस योजना के भूखंडों के लिए पंजीकरण शुरू हो जाएंगे। ये भूखंड 2313 वर्ग मीटर से लेकर 12000 वर्ग मीटर एरिया तक के हैं। सेक्टर-10 में चार, सेक्टर-12 में छह, अल्फा टू, इकोटेक 12 और टेकजोन में एक-



- **योजना में चार एफएआर के 18 भूखंड शामिल**
- **योजना में पंजीकरण की अंतिम तिथि 21 मार्च**

एक और डेल्टा टू में पांच भूखंड स्थित हैं। चार एफएआर होने के कारण आवंटी कुल ग्राउंड कवरेज का 400 फीसदी पर निर्माण कर सकता है। इससे ग्रेटर नोएडा में अब हाईराइज कॉमर्शियल इमारतें बन सकेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि 28 फरवरी से ब्रोशर डाउनलोड करने की सुविधा शुरू हो जाएगी। स्कीम में पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। प्रोसेसिंग फीस और डॉक्यूमेंट जमा करने की अंतिम तारीख 23 मार्च है। इन भूखंडों का आवंटन ऑक्शन के जरिए ही किया जाएगा। आवेदन से लेकर आवंटन तक की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। एसबीआई पोर्टल के जरिए आवेदन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से भी एसबीआई पोर्टल को लिंक किया गया है, ताकि आवेदक प्राधिकरण की वेबसाइट से भी आवेदन कर सकें। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा है कि निवेशकों की मांग और ग्रेटर नोएडावासियों की जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण ने चार एफएआर के साथ वाणिज्यिक भूखंड योजना को लॉन्च कर दी है। आवंटन प्रक्रिया पूरी होते ही पजेशन दे दिया जाएगा। इन भूखंडों पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू होने से आसपास के निवासियों की रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी।

# बिसरख गांव में अवैध रूप से बने विला पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बिसरख के खसरा नंबर 773 की जमीन पर अवैध कब्जे रूप से बने विला को ढहा दिया। इस कार्रवाई में 20 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली कराई गई, जिसकी कीमत लगभग 40 करोड़ रुपए होने का आकलन है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि बिसरख के खसरा नंबर 773 की जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन है। कुछ कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान, प्रबंधक प्रशांत समाधिया और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल की टीम ने मंगलवार को मौके पर जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। करीब 3 घंटे तक यह कार्रवाई चली। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के साथ ही बिसरख कोतवाली की पुलिस भी इस कार्रवाई में शामिल रही। टीम ने लगभग 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। टीम ने खसरा नंबर



750 की जमीन पर अवैध निर्माण करने वालों को भी तत्काल खाली करने की चेतावनी दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति ने अवैध कब्जे की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने लोगों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।

# आगामी त्योहारों को लेकर कोतवाली में शांति समिति की बैठक

**दनकौर,** 27 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी त्योहारों को लेकर मंगलवार को दनकौर कोतवाली परिसर में पुलिस ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक की। इस दौरान सभी से त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। साथ हो किसी भी घटना की जानकारी के सम्बंध में पुलिस से तुरंत सम्पर्क करने को कहा गया। उनका कहना है कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग की गई तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



कोतवाली के कार्यवाहक प्रभारी हरीन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि आगामी दिनों में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के मानने वाले लोगों के त्योहार आने वाले हैं। इसलिए सभी मिलजुल कर त्योहारों को मनाएं। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि त्योहार पर किसी भी तरह का कोई विवाद होता है तो उसकी जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी जाए। इस मौके पर सोनू वर्मा, महेन्द्र शर्मा, लीला नागर, गजब प्रधान, नासिर अब्बासी, यतेंद्र प्रधान, बाबू नागर और प्रताप नागर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट निशांत कुमार विदेश की धरती पर भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। 40वीं यूपी वाहिनी एनसीसी बटालियन सिकंदराबाद से गलगोटियास विवि के सीनियर अंडर ऑफिसर निशांत कुमार 5 मार्च से 15 मार्च-2024 तक नेपाल में होने वाले 'अन्तरराष्ट्रीय यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम' में 'नेपाल' में कैडेट यूथ एम्बेसडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। निशांत कुमार की इस महान उपलब्धि पर उनको शुभकामनाएँ देते हुए गलगोटियाज विश्वविद्यालय के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के उज्वल भविष्य का निर्माण करने की जिम्मेदारी 'भारत देश' के युवाओं की है। भारत आज दुनिया का सबसे युवा देश है और देश के युवाओं



को चाहिए कि वो अपनी कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से उस भारत के भविष्य का निर्माण करें जो एक बार फ़िर से दुनिया के मस्तक की बिंदी बनकर चमके और फिर से विश्व-गुरू बन जाए। यही मेरी शुभकामनाएं हैं। एनसीसी ऑफिसर दुष्यन्त राणा ने कहा कि वह 40वीं यूपी वाहिनी एनसीसी बटालियन सिकंदराबाद (उत्तर प्रदेश) से गलगोटियास यूनिवर्सिटी के सीनियर अंडर ऑफिसर हैं। आज वो विदेश की धरती पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ये उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम का तो परिणाम हैं ही हमारे विश्वविद्यालय के लिये भी ये खुशी के बहुत ही अद्भुत पल हैं।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथमतल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308
जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0) दूरभाष न0-0120-2395151, फैक्स नं0-0120-2395150

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड संख्या-15, ब्लाक-2C, सैक्टर-18, क्षेत्रफल-300 वर्गमीटर, आवंटन संख्या-YEA007576 के आवंटी/अन्तरिकी LATE SHRI JAGMOHAN की मृत्यु के उपरांत उनके पत्नि MRS. ALKA BANSAL उम्र 66 वर्ष द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी/अन्तरिकि LATE SHRI JAGMOHAN निवासी R/O 23, VRINDAVAN APARTMENTS, PLOT NO. 110 I.P. EXTENSION PATPARGANJ, EAST DELHI-110092 की मृत्यु के उपरांत उनके सम्बन्धी MRS. ALKA BANSAL उम्र 66 वर्ष के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने नए सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया की शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) ने वर्ष 2024-25 आगामी सत्र में 16 नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है, संस्थान में 155 कोर्स के लिए 4202 सीट पर प्रवेश दिया जाएगा, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नए शैक्षिक सत्र में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है, जो 25 अप्रैल तक चलेगी। 12 मई को मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं की रिमोट प्रोक्टर ऑनलाइन परीक्षा की विधि से प्रवेश परीक्षा होगी। देशभर में 36 सेंटर बनाए है। मंगलवार को इसकी जानकारी संस्थान के कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा, रजिस्ट्रार विश्वास त्रिपाठी, एडमिशन चेयरपर्सन प्रदीप तोमर, एडमिशन कोऑर्डिनेटर राकेश श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी है।

### जीबीयू नई शिक्षानीति के साथ शोध की गुणवत्ता पर कर रहा केन्द्रित

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रविंद्र सिन्हा ने बताया कि हम लोग शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन प्रक्रिया इस बार फरवरी माह से शुरू कर दी गई है। नए सत्र से मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं के लिए 16 नए डिग्री और डिप्लोमा कोर्स शुरू किए है। अब कुल मिलाकर 155 कोर्स हो गए है। उन्होंने बताया कि संस्थान में 4202 सीट पर आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जोकि अब 25 अप्रैल तक चलेगी। इस बार एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स और डेटा साइंस), एमटेक आईसीटी, बीटेक (गणित और कम्प्यूटिंग), बीएससी (ऑनर्स) व (फोरेंसिक साइंस), बीएससी ऑनर्स व पर्यावरण विज्ञान, एमएससी भू विज्ञान, बीए (ऑनर्स) (संस्कृत), एमए संस्कृत, एमए लोक नीति और शासन,



- **विवि ने नए सत्र में 16 नए पाठ्यक्रम को शामिल करने की घोषणा की**

एमए मानवाधिकार, एमएलआईएससी, एमएससी (एप्लाइड रसायन विज्ञान) शुरू किया। जबकि, बीटेक (रोबोटिक्स और एआई) मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ऑटोमोबाइल और औद्योगिक इंजीनियरिंग और मेक्ट्रोनिक्स को शुरू किया।

### शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए प्रोफेसर की हुई नियुक्ति

रजिस्ट्रार विश्वास त्रिपाठी ने बताया कि परिसर में नए सत्र से 15 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। कुछ डिपार्टमेंट में नए शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। संस्थान के सभी विभागों में 300 से अधिक स्टाफ है।

### वर्किंग प्रोफेशनल के लिए दो कार्यक्रम शुरू

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विश्वास त्रिपाठी ने बताया कि वर्किंग प्रोफेशनल के लिए एम टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग और एम टेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग), (इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग/पावर सिस्टम/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ड्राइव/इंस्ट्रूमेंटेशन एंड सिग्नल प्रोसेसिंग/रिन्यूएबल एनर्जी / पावर एंड एनर्जी मैनेजमेंट/कंट्रोल एंड रोबोटिक्स में शुरू किया है। जबकि, शोध के लिए पीएचडी फूड प्रोसेसिंग को प्रोग्राम में जोड़ा है। उनका कहना है कि डायरेक्ट मोड में कार्यक्रम प्रवेश के प्रत्यक्ष मोड के अंतर्गत आते हैं, बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, बीबीए-एमबीए, डिप्लोमा और एमबीए (कार्यकारी), सभी एम टेक, बी टेक सिविल इंजीनियरिंग (वर्किंग प्रोफेशनल), एमयूआरपी में एडमिशन ले सकेंगे।

### एडवांस एआई केन्द्र की होगी स्थापना

विवि के कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में गौतम बुद्ध विवि के लिए सौ करोड़ रुपए दिया है, जिसमें से 50 करोड़ रुपए की लागत से विवि में एडवांस आर्टिफिसियल इंटलिजेन्स केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गुनपुरा, परगना दनकौर, जिला गौतमबुद्धनगर, में तहसीलदार, बल्लभगढ से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 864/रीडर/2024 दिनांक 09.01.2024 में मृतक श्रीमती स्व0 जयवती पत्नी फिरे व पति स्व0 श्री फिरे राम पुत्र स्व0 श्री रंजीत, निवासी 519, राजीव कॉलोनी सैक्टर-56ए तहसील, बल्लबगढ, जिला फरीदाबाद के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम गुनपुरा | 13 | मृतक श्रीमती स्व0 जयवती पत्नी फिरेराम पुत्र स्व0 श्री रंजीत, निवासी 519 राजीव कॉलोनी सैक्टर-56ए तहसील बल्लबगढ जिला-फरीदाबाद | रेखा | पुत्री | 20 | अविवाहित |
| | | | | सचिन | पुत्र | 19 | अविवाहित |
| 2. | अट्टा गुजरान | 384 | | | | | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खैरलीभाव में उप जिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 2775/राजस्व सहायक दिनांक 15.01.2021 से प्राप्त पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र स्व0 रधुवर दयाल शर्मा निवासी मौ0 खत्रीबाडा, कस्बा व तहसील सिकन्द्राबाद जिला बुलन्दशहर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानो के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | |
| 1 | खैरलीभाव | 28,29,30, 31,32,42, 54,57,58, 73,92,94, 106,112,113, 114,118 व 119 | स्व0 प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र स्व0 श्री रधुवर दयाल शर्मा निवासी मौ0 खत्रीबाडा कस्बा व तहसील सिकन्द्राबाद जिला बुलन्दशहर | उर्वशी शर्मा | पत्नी | 50 वर्ष | विधवा |
| | | | | श्रीमती अंकिता शर्मा | पुत्री | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती अंजली वत्स | पुत्री | 31 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती संध्या शर्मा | पुत्री | 28 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती शिखा भरद्वाज | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री आकाश | पुत्र | 25 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार,
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 28 फरवरी 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## निताशा कौल को लौटाना लोकतंत्र विरोधी आचरण

यूनाइटेड किंगडम की भारतीय मूल की प्रोफेसर निताशा कौल को जबरिया उनके देश लौटाकर एक बार फिर से भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि यहां लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की बात करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निताशा कर्नाटक सरकार की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में भाग लेने के लिये सम्मानित वक्ता के रूप में आमंत्रित की गई थीं परन्तु उन्हें बेंगलुरु हवाईअड्डे से वापस लंदन भेज दिया गया। वहां के वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय में अध्यापन करने वाली निताशा 24-25 को कर्नाटक सरकार द्वारा 'संविधान व राष्ट्रीय एकता' सम्मेलन में भाग लेने के लिये आई थीं। वे कश्मीर के मामलों में अपने बेबाक विचारों के लिये जानी जाती हैं। वे नरेंद्र मोदी सरकार की कश्मीर मामले में नीतियों की विरोधी के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने का तो विरोध किया ही था, 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म पर भी सरकार की आलोचना की थी।

वैसे तो उन्हें वापस भेजने का कोई स्पष्ट कारण भारत सरकार की ओर से नहीं बतलाया गया है लेकिन स्पष्ट है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी, भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विरोधी होने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। फिर, यह कार्यक्रम कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की ओर से आयोजित किया गया था, सो मोदी सरकार द्वारा ऐसा करना लाजिमी ही था। अपने एक्स हैंडल पर निताशा ने इस बाबत लिखी पोस्ट में बतलाया है कि उन्हें कर्नाटक सरकार ने आमंत्रित किया था। उनके यात्रा सम्बन्धी सभी दस्तावेज़ सही थे तो भी उन्हें आव्रजन अधिकारियों की ओर से बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हिरासत में रखा गया। उन्हें रोके जाने का किसी ने कोई कारण नहीं बताया। अधिकारी केवल यही कहते रहे कि 'वे कुछ नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें दिल्ली से ऐसा करने के आदेश मिले हैं।' निताशा का यह भी आरोप है कि उन्हें सोने के लिये तकिया तक नहीं दिया गया और उन्हें अखबारों को ही तकिया बनाकर सोना पड़ा था। खाने-पीने तक नहीं दिया गया। वे यह भी कहती हैं कि उन्हें न आने के लिये केन्द्र सरकार की ओर से कोई आदेश भी नहीं मिला। शुक्रवार को सुबह वे बेंगलुरु हवाईअड्डे पर उतरीं और शनिवार की सुबह वापस लंदन भेज दी गईं।

राजनीति शास्त्र एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रोफेसर निताशा का जन्म गोरखपुर में हुआ था। वे एक ऐसे कश्मीरी पंडित के घर में जन्मी थीं जो घाटी छोड़कर आया था। उन्होंने दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र में स्नातक एवं दिल्ली विवि से उच्च शिक्षा हासिल की है। 1997 में 21 वर्ष की आयु में वे इंग्लैंड चली गयीं। वहां के हल विवि से अर्थशास्त्र व दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट करने के बाद वे वेस्टमिंस्टर विवि में पढ़ाने लगीं। भारत में राष्ट्रवाद, लैंगिक असमानता तथा नागरिक अधिकारों आदि से सम्बन्धित विषयों पर उनके विचार सुर्खियों में आये थे। भाजपा व संघ के विचारों के खिलाफ वे बोलतीं तथा लिखती रहती हैं। वे एक उपन्यासकार तथा कवयित्री के रूप में भी पहचान रखती हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर भाजपा समर्थक उनके खिलाफ कई तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने निताशा को भारत विरोधी बतलाते हुए कहा है कि वे कश्मीर में हिन्दुओं के नरसंहार की बात से इंकार करती हैं और कश्मीर पर भारत द्वारा कब्जा किया जाना बतलाती हैं।

आरोप-प्रत्यारोपों को दरकिनार कर दिया जाये तो भी लोकतंत्र का तकाज़ा तो यही होता है कि उन्हें अपनी बात कहने का अवसर दिया जाता। उन्हें इस प्रकार से वापस भेज दिया जाना एक लोकतांत्रिक देश होने का दावा करने वाली सरकार के लिये शोभनीय नहीं कहा जा सकता। यह वाकया ऐसे वक्त पर हुआ है जब एक बार फिर से राहुल गांधी कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अपना व्याख्यान देने पहुंच चुके हैं। पिछले वर्ष जब वे इसी विश्वविद्यालय एवं अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में गये थे तब उन्होंने यही आरोप लगाये थे कि मोदी सरकार द्वारा विरोधी विचारों का गला घोंटा जाता है। निताशा को वापस भेजकर सरकार उनके इन आरोपों की पुष्टि ही कर रही है। वे जिस देश से आई हैं, उसके समेत तमाम पाश्चात्य देशों में मुक्त संवाद की परम्परा है। अपने घोर विरोधियों को तक धैर्यपूर्वक सुनने का उन देशों में चलन है। मोदी सरकार का आचरण इसके विपरीत है जो अक्सर वहां के पत्रकारों की रिपोर्टों एवं लेखों में प्रतिध्वनित होता है। यह भी होता है कि ऐसी खबरें आने पर बौखलाई केन्द्र सरकार, उसका आईटी सेल एवं भाजपा के समर्थक यह कहकर टूट पड़ते हैं कि मोदी की लोकप्रियता एवं भारत की तरक्की से घबराए हुए ये देश दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे इसे भारत पर पश्चिमी देशों का हमला बतलाने से तक नहीं चूकते।

निताशा के साथ जो व्यवहार हुआ है, उसका संदेश खराब जायेगा। चूंकि वे एक सक्रिय तथा प्रसिद्ध लेखिका और अध्यापक हैं,, वे लोगों से यह कहने में बिलकुल पीछे नहीं हटेंगी कि जो वे कहती रही हैं, उन्होंने भारत सरकार का व्यवहार ठीक वैसा ही पाया है। इस घटना को उसी कड़ी में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को चाहे 'लोकतंत्र की जननी' कहते हों परन्तु वे खुद एवं उनकी सरकार का आचरण घोर लोकतंत्र विरोधी होता है। इसलिए वे आलोचना को देश पर हमला बतलाते हैं। नरेन्द्र मोदी स्वयं भी उनकी आलोचना को गालियां समझते हैं। नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्र सरकार को अपने खिलाफ कही गई बातों व आरोपों के तार्किक जवाब देने चाहिये। निताशा को यूं भेजकर उन्होंने लोकतंत्र विरोधी होने का सबूत दिया है।

# देश जो 'सब' का था, अब 'कुछ' का होकर रह गया है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनवरी की 22 तारीख़ को तमाम वीआईपियों की मौजूदगी में अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के जरिये देश में रामराज्य की स्थापना किये अभी एक महीना ही हुआ है और उधर कर्नाटक के राजाजीनगर मेट्रो स्टेशन पर जो कुछ हुआ उसने बता दिया है कि देश अब किसका है। इस स्टेशन पर एक किसान को इसलिये मेट्रो ट्रेन में चढ़ने नहीं दिया गया क्योंकि उसने गंदे कपड़े पहन रखे थे और सिर पर एक गठरी थी। यह घटना बताती है कि जो देश कभी हर किसी का हुआ करता था अब थोड़े से लोगों का होकर रह गया है। कहने को तो बेंगलुरु मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने यह कहकर उक्त पर्यवेक्षक को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है कि 'मेट्रो एक समावेशी सार्वजनिक परिवहन है।' हालांकि निगम ने उक्त यात्री से माफी मांग ली है पर यह घटना बतलाती है कि कई तरह की गैरबराबरियों वाले इस देश में किसी की माली हालत देखकर भेदभाव करने की प्रवृत्ति भी बढ़ चली है। समाज की यह बदलती मानसिकता इसलिये घातक है क्योंकि इससे एक और प्रकार के सामाजिक विभाजन की जमीन तैयार होती दिखती है।

अगर एक मोटा अंदाजा लगाएं तो यह पर्यवेक्षक सम्भवत: उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है जिसे जाहिर है कि मोटी तनख्वाह मिलती होगी। यह उस खाये-पिये-अघाये वर्ग का बंदा है जिसके पास होम लोन के जरिये अपना मकान होना चाहिये, अपने वाहन की किश्तें पटाने के लिये पैसे होंगे ही। पत्नी भी कमाती होगी, बच्चे अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ते होंगे। यह वह वर्ग है जिसके पास बैंक बैलेंस भी होगा, कर्मचारी प्राविडेंट फंड का पैसा जमा हो रहा होगा। सम्भव है कि शेयरों में भी ज़रूर कुछ निवेश कर रखा होगा। वैसे इसमें कोई बुराई नहीं है। होना भी चाहिये। ये सारे कयास ही हैं परन्तु जो बात साफ है वह यह कि उसने हाल के वर्षों में अपने जैसों या कुछ ऊपर-नीचे वाली स्थिति के लोगों से घृणा करना सीख लिया है। बेशक, यह मानसिकता पिछले 10 वर्षों की देन है। मोदी ने जनसामान्य को भी आडंबर और दिखावे की आदत लगा दी है। भव्यता एवं विलासिता में डूबे लोग अब इस देश को भाने लगे हैं। वे अब सादगी पसंद लोगों को देश के कर्णधार नहीं मानते बल्कि उनकी पसंद के लोग धन्ना सेठ, सिने कलाकार और लकदक ढंग से रहने वाले नेता हैं। यही वह वर्ग है जिसे कोरोना काल में सैकड़ों किलोमीटर धूप में भूखे-प्यासे पैदल चलने वाले मजदूरों व गरीबों की परेशानियां नहीं दिखी थीं बल्कि उन्हें इनकी गंदगी चिंतित करती थी। यह वर्ग मोदी का इसलिये मुरीद है क्योंकि वे किसानों के आंदोलन को कुचलना जानते हैं, श्रम कानूनों को कारखानेदारों और बड़े व्यवसायियों के पक्ष में बदल रहे हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> ट्रेनों को लेकर जैसा सरकार व खासकर मोदी का नज़रिया है, वैसा ही रेलों में काम करने वालों का भी हो गया है। जैसे सुरक्षा पर्यवेक्षक ने एक किसान को मेट्रो ट्रेन में चढ़ने से रोका, वह रेलवे के इसी परिवर्तित नज़रिये का नतीज़ा है। अब तो लोग मानने लगे हैं कि सामान्य लोगों के लिये असुविधाजनक ट्रेनें हैं और मेट्रो, तेजस, वंदे भारत, बुलेट ट्रेनें विशिष्ट लोगों के लिये हैं।

भारत को 5 ट्रिलियन इकानॉमी वाला देश बनने का बेसब्री से इंतज़ार करने वाला यह वर्ग मानता है कि गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं को मिलने वाली सब्सिडी को खत्म कर देना चाहिये क्योंकि ये खैरात, मुफ्तखोरी और रेवड़ियां हैं। वे इस तरह की बातें अपने प्रेरणा स्रोत यानी नरेन्द्र मोदी के श्रीमुख से हमेशा सुनते आए हैं। इसी भरोसे पर उन्होंने मोदी को वोट दिया था कि वे ये सारे बेकार के खर्च बन्द कर देंगे। अलबत्ता उन्हें इस बात से कोई उज्र नहीं है कि बड़े फ्रॉडस्टर सरकारी बैंकों का पैसा लेकर भाग जाते हैं। उनके लिये यह भी कोई मसला नहीं है कि लोगों के पास रोजगार नहीं है। पेट्रोल-डीज़ल, गैस, उपभक्ता वस्तुओं के बढ़ते दाम उन्हें कतई परेशान नहीं करते। वे मानते हैं कि कीमतें बढ़ना समृद्धि की निशानी है। जब बात प्याज, लहसुन की बढ़ती कीमतों पर आ जाती है तो वे यह कहकर दूसरा रास्ता पकड़ लेते हैं- 'मैं तो प्याज नहीं खाता (ती) जी!'

मोदी ने दरअसल यही हिन्दुस्तान बनाया है। 85 करोड़ लोगों को 5 किलो राशन पर निर्भर करते मोदी का रहन-सहन देखें तो रईसजादों से कम नहीं है। वे दिन में तीन-चार बार कपड़े बदलते हैं. करोड़ों की कार और हवाई जहाज में घूमते हैं। महंगे चश्मे और पेन से सुसज्जित मोदी ने कभी कहा था कि 'वे ऐसा देश बनाएंगे, जिसमें हवाई चप्पल वाले हवाई जहाजों में घूमते हुए दिखेंगे।' ऐसा तो हो नहीं पाया, उल्टे अब हवाई चप्पल वालों को मेट्रो में भी चढ़ने नहीं दिया जा रहा है।

यह मामला ट्रेन का है, तो उसी की बात कर ली जाये। मोदी ने ट्रेन यात्राओं को इस कदर महंगा कर दिया है कि उससे यात्रा करने के पहले कोई सौ बार सोचता है। मोदी की दिलचस्पी ट्रेन में सुधार करने और लोगों की सहूलियतें बढ़ाने में नहीं वरन महंगी ट्रेनें चलाने में है। बुलेट ट्रेन, तेजस, वंदे भारत ट्रेनों का हाल देखा जा सकता है। रेलवे के सारे संसाधन यदि ऐसी ट्रेनों में लगा दिये जायें तो जाहिर है कि सामान्य ट्रेनों के लिये उसके पास पैसे नहीं रह जायेंगे। वैसे भी रेल प्रशासन की वरीयता अब पैसेंजर नहीं बल्कि मालवाही ट्रेनें हो गई हैं। कोयला लादकर चलने वाली ट्रेनों को पहले रास्ता दिया जाता है ताकि निजी पावर प्लांट बंद न हो जायें और उनके मालिकों को घाटा न हो। इसके चलते देश भर की ट्रेनें अक्सर विलम्ब से चलती हैं। पंद्रह-बीस मिनट देर से नहीं वरन अब तो घंटे-दो घंटे की लेटलतीफ़ी भी मामूली बात बनकर रह गई है। ट्रेनों को लेकर जैसा सरकार व खासकर मोदी का नज़रिया है, वैसा ही रेलों में काम करने वालों का भी हो गया है। जैसे सुरक्षा पर्यवेक्षक ने एक किसान को मेट्रो ट्रेन में चढ़ने से रोका, वह रेलवे के इसी परिवर्तित नज़रिये का नतीज़ा है। अब तो लोग मानने लगे हैं कि सामान्य लोगों के लिये असुविधाजनक ट्रेनें हैं और मेट्रो, तेजस, वंदे भारत, बुलेट ट्रेनें विशिष्ट लोगों के लिये हैं।

ऐसे में अगर कोई सुरक्षा पर्यवेक्षक एक किसान को गंदे कपड़े देखकर उसे मेट्रो में चढ़ने से रोकता है तो आश्चर्य ही क्या? यह कला तो आखिर मोदी ने ही सिखाई है- कपड़े देखकर किसी को पहचान लेना। ये कपड़े ही एक भारत के भीतर दूसरा भारत बना चुके हैं; और इसके निर्माता स्वयं मोदी हैं। मोदी के कार्यक्रमों को देखें और उनकी उठ-बैठ जिन लोगों के साथ है, वे सारे उस भव्य लोक में विचरण करने वाली आत्माओं की तरह हैं जिन्होंने देश में ऐसी मायानगरी रची है जिसे देखकर किसी को भी देश के सम्पन्न और खुशहाल होने का आभास हो सकता है। यही वह चमक है जिसके पीछे 85 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने का स्याह सच छिप जाता है। इस पर भी अगर वह नहीं छिपता तो मोदी उसे पर्दे या दीवार की आड़ लगाकर ऐसे छिपा देते हैं कि उन रास्तों से गुजरने वाले विदेशी मेहमानों को इस बात की भनक तक नहीं लग पाती कि इस देश में गरीब भी रहते हैं, किसान हैं, मजदूर हैं, भूखे लोग हैं। देश को सम्पन्न दिखलाने का उत्तरदायित्व अब सामूहिक हो गया है। सरकार के सारे संस्थान, विभाग और उनकी कृपा पर चलते सारे निजी उपक्रमों को भी देश के बारे में यही धारणा बनाने की जिम्मेदारी दे दी गई है कि वे सब मिलकर एक ऐसा देश प्रस्तुत करें जिसमें गरीबों के लिये कोई जगह नहीं है- मेट्रो तो दूर की बात है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

■ के आर सुधामन

2024 के लोकसभा चुनावों के लिए तमिलनाडु में राजनीतिक सीटों की साझेदारी के संबंध में अभी तक विभिन्न पार्टियों के बीच समझौते पूरे नहीं हुए हैं। राज्य में आधी सदी या उससे भी अधिक समय से राजनीति दो द्रविड़ पार्टियों द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। कुछ साल पहले द्रमुक के संरक्षक एम करुणानिधि और अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जे जयललिता की मृत्यु के बाद से दोनों दलों, जिनके पास लगभग 30 से 35 प्रतिशत वोट शेयर थे, निश्चित रूप से कम हो गये हैं। तब से दोनों द्रविड़ पार्टियों का व्यक्तिगत वोट शेयर घटकर 20-25 प्रतिशत रह गया है और जैसा कि हमने पिछले कुछ चुनावों में देखा था, जो भी पार्टी बेहतर गठबंधन बनाती है, वह जीतती है, चाहे वह तमिलनाडु विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का।

तमिलनाडु में सत्ता में आने वाले पार्टी संयोजन को लगभग 40 प्रतिशत वोट हासिल करने होते हैं, इसलिए चुनाव जीतने के लिए आवश्यक अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत वोट गठबंधन सहयोगियों से आना होता है, जिसमें से कोई भी पार्टी शामिल हो जाती है। राष्ट्रीय पार्टियों ने अतीत में किसी न किसी द्रविड़ पार्टियों के साथ गठबंधन किया है, जिससे उनके प्रति कोई वैचारिक बाधा नहीं होने का संकेत मिलता है। हर चुनाव में एक तीसरा मोर्चा भी होता है, जिसे लगभग 15-20 प्रतिशत वोट मिलते हैं क्योंकि तमिलनाडु की आबादी का एक प्रतिशत ऐसा है, जो द्रविड़ पार्टियों या उनके संयोजन में से किसी को वोट नहीं देता है।

पिछले कुछ समय से तमिलनाडु के चुनावों का यही गणित रहा है। हालांकि कांग्रेस के 1967 में राज्य की सत्ता से बाहर होने पर भी हर निर्वाचन क्षेत्र में उसके कुछ प्रतिबद्ध मतदाता हैं और वे लगभग 8-12 प्रतिशत वोट बनाते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि हवा किस तरफ है। इसलिए कांग्रेस जिस द्रविड़ पार्टी के साथ गठबंधन करती है, उसे वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव जीतने में बढ़त हासिल होती है।

> तमिलनाडु में गठबंधन को लेकर अभी साफ तस्वीर सामने आना बाकी है। परंपरागत रूप से द्रमुक के साथ रहने वाली कुछ छोटी पार्टियों ने द्रविड़ पार्टी के साथ जाने का अपना फैसला दोहराया है। अब तक डीएमके ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 1 लोकसभा सीट दी है। दूसरी सीट कोंगुनाडुमक्कलदेसियाकाची को दिए गए। ये डीएमके के दो छोटे साझेदार हैं, जिन्होंने पिछली बार भी गठबंधन का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ा था।

हाल ही में, अन्नामलाई के नेतृत्व में, भाजपा तमिलनाडु में एक बड़ी ताकत बनकर उभर रही है, खासकर युवाओं के बीच, जो दो द्रविड़ पार्टियों के बढ़ते भ्रष्टाचार और जाति-आधारित राजनीति से तंग आ चुके हैं। पिछले 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर करीब 4-5 फीसदी था, इस बार 14-15 फीसदी तक जाने की उम्मीद है। भाजपा, जिसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी द्रविड़ पार्टी के साथ गठबंधन का हिस्सा नहीं होगी, दिवंगत फिल्मस्टार से राजनेता बने विजयकांत की पार्टी जैसी कुछ छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन कर सकती है और इससे अतिरिक्त 10-12 सीटें मिल सकती हैं।

फिलहाल डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस के साथ सीटों की साझेदारी पर चर्चा अभी शुरू नहीं हुई है। अगर राज्य में बड़ा साझेदार होने के नाते डीएमके सीट बंटवारे की कवायद में सख्त रुख अपनाती है, तो कांग्रेस के सख्त रुख अपनाने की संभावना हमेशा बनी रहती है। एआईएडीएमके ने कुछ समय पहले भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया है और बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह कम से कम 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा से हाथ नहीं मिलायेगी।

अन्नाद्रमुक को भाजपा का कनीय साझेदार होने मंजूर नहीं है क्योंकि उसे डर है कि अंतत: पार्टी भाजपा द्वारा हाशिए पर धकेल दी जायेगी जैसा कि महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में शिवसेना और जद (यू) के साथ हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम और शशिकला के भतीजे टीटीवीदिनाकरन के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के अलग-अलग समूहों के भाजपा के साथ जाने की संभावना के संकेत हैं।

तमिलनाडु में गठबंधन को लेकर अभी साफ तस्वीर सामने आना बाकी है। परंपरागत रूप से द्रमुक के साथ रहने वाली कुछ छोटी पार्टियों ने द्रविड़ पार्टी के साथ जाने का अपना फैसला दोहराया है। अब तक डीएमके ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को 1 लोकसभा सीट दी है। दूसरी सीट कोंगुनाडुमक्कलदेसियाकाची को दिए गए। ये डीएमके के दो छोटे साझेदार हैं, जिन्होंने पिछली बार भी गठबंधन का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ा था। इस हफ्ते कांग्रेस से बातचीत होने की उम्मीद है।आई यूएमएल रामनाथपुरम संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेगी। तमिलनाडु में 39 लोकसभा सीटें हैं तथापुडुचेरी से एक।

अभिनेता से नेता बने कमल हासन, जो मक्कलनीदिमय्यम (एमएनएम) के प्रमुख हैं, ने संकेत दिया है कि वह गठबंधन के लिए बातचीत कर रहे हैं। वह खुद इस बार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं और संकेत हैं कि वह डीएमके गठबंधन के साथ जायेंगे। जाहिर तौर पर वह निर्णय लेने से पहले द्रमुक-कांग्रेस सीट साझाकरण वार्ता के नतीजे का इंतजार कर रहे हैं।

फिलहाल डीएमकेकांग्रेस, विदुथलाईचिरूथैगलकाची (वीसीके), मारुमलारची द्रविड़ मुनेत्रकड़गम (एमडीएमके), वाम दल समेत अन्य पार्टियों को एकजुट रख रही है और उनके साथ सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू कर रही है।

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी, अन्नाद्रमुक, जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से बाहर हो गई है, द्रमुक के विकल्प के रूप में पेश करने के लिए एडप्पादी के पलानीस्वामी के तहत अधिक से अधिक पार्टियों को लाने का प्रयास कर रही है। हाल ही में, एडप्पादी ने सोशलडेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की बैठक में भाग लिया और भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि वे अल्पसंख्यकों के लिए खड़े हैं। उन्होंने दोहराया था कि वे लोकसभा चुनाव या 2026 में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा से हाथ नहीं मिलायेंगे।

अन्नाद्रमुक के प्रमुख नेताओं में से एक सी वीशनमुगम ने पट्टालीमक्कलकाची के संस्थापक डॉ. एस रामदास के साथ बातचीत की और इस बैठक को महत्व दिया जा रहा है क्योंकि राज्य की प्रमुख पार्टियों में से एक पीएमके ने अभी तक गठबंधन पर अपने फैसले की घोषणा नहीं की है। पिछले हफ्ते, विशेष कार्यकारी बैठक के दौरान, पीएमके ने राज्य और देश दोनों के कल्याण की परवाह करने वाली पार्टियों के साथ गठबंधन में आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के अपने फैसले सहित कई प्रस्ताव पारित किये थे।

एआईएडीएमके के ये कदम उठाने के साथ ही भाजपा भी गैर-द्रविड़ नेताओं से बातचीत कर रही है। जबकि अन्नाद्रमुकपीएमके और प्रेमलताविजयकांत के नेतृत्व वाली देसियामुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) के साथ भी बातचीत कर रही है, सूत्रों ने कहा कि बाद वाले के भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होने की संभावना है। डीएमडीके की कार्यकारी और सामान्य परिषद की बैठक के दौरान, प्रेमलता ने कहा था कि वे किसी भी पार्टी के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इससे पहले, उन्हें लिखित रूप में राज्यसभा सीट का वायदा करना होगा।

डीएमडीके के अलावा, टीटीवीदिनाकरन की अम्मा मक्कलमुनेत्रकड़गम, टीआरपारीवेंधर की इंडिया जननायगाकाची (आईजेके), और के कृष्णास्वामी की पुथियातमिड़गम जैसी अन्य पार्टियां हैं जिनके एनडीए का हिस्सा बनने की संभावना है। पूर्व मुख्यमंत्री और अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम संभवत: भगवा पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। जी के मूपनार के बेटे जी के वासन की अगुवाई वाली तमिल मनीला कांग्रेस भी भाजपा के साथ जा सकती है। वह एआईएडीएमके के साथ भी जा सकते हैं।

फिलहाल गठबंधन को लेकर तस्वीर अभी भी साफ नहीं है और सभी संभावनाएं अभी भी खुली हैं। उन्हें आकार लेने में कुछ सप्ताह या उससे भी अधिक समय लग सकता है। लेकिन एक बात तो साफ है कि लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। एक का नेतृत्व द्रमुक, दूसरे का नेतृत्व अन्नाद्रमुक और तीसरे का नेतृत्व भाजपा करेगी।

अगर डीएमके कांग्रेस के साथ जाती है, तो कई छोटी पार्टियां भी उसके साथ चली जायेंगी, जिससे यह एक मजबूत गठबंधन बन जायेगा। उस स्थिति में, अन्नाद्रमुक को मुख्य नुकसान होने की संभावना है। लेकिन तमिलनाडु में द्रमुक शासन के खिलाफ नाराजगी भी बढ़ रही है और यह मुख्य रूप से 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों में दिखाई देगी। हालांकि, भाजपा राज्य में एक उभरती हुई ताकत होगी, भले ही उसे लोकसभा सीटें न मिलें। लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों में तस्वीर अलग हो सकती है, अगर यही रुझान जारी रहा और द्रविड़ पार्टियों में से एक हाशिए पर चली जायेगी।

## पावन प्रसंग

### मन ही मनुष्य का मित्र, मन ही शत्रु

अपने जीवन को भौतिक रूप से सुखी. समृद्ध बनाना हो या फिर मोक्ष, मुक्ति निर्वाण, कैवल्य समाधि भगवत्प्राप्ति आदि के रूप में जीवन के परम लक्ष्य को पाना हो, इन सबमें हमारे मन की भूमिका अहम होती है। मन हमापे शरीर में स्थित वह सूक्ष्म वस्तु है, जो किसी भी विषय को लेकर संकल्प-विकल्प करता है। हमारे द्वारा संचालित सभी क्रियाएं, सभी कर्म मन के द्वारा ही प्रेरित होते हैं। हमारे चिंतन, चरित्र और व्यवहार आदि भी मन के द्वारा ही प्रभावित होते हैं। अस्तु हमारे जीवन की गति भी मन की गति पर ही निर्भर होती है। हमारे जीवन की दशा-दिशा तय होती है। मन की स्वीकृति पाकर ही हम कोई शुभ कर्म अशुभ कर्म, पाप कर्म, पुण्य कर्म आदि करते हैं और तदनुरूप ही हम उन कर्मों के फल को भोगते हैं।

हमारे स्थूल शरीर में स्थित हमारा सूक्ष्म मन बड़ा ही बलशाली है, बड़ा ही ताकतवर है, पर सत्य यह भी है कि मन अपने बल का अपनी शक्ति का, अपनी ताकत का उपयोग और दुरुपयोग दोनों कर सकता है। नियंत्रित मन, निर्मल मन, अपनी शक्ति का सदुपयोग कर व्यक्ति के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और आनंद लाता है तो वहीं अनियंत्रित मन व्यक्ति के जीवन में तबाही और संकट लाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि दुर्जन मन, अनियंत्रित मन हमारे लिए संकट पैदा कर देता है। वैसे ही, जैसे अनियंत्रित हो जाने पर हाथी भारी तबाही का कारण बन जाता है। अनियंत्रित हो जाने पर हाथी पर सवार व्यक्ति का जीवन भी खतरे में पड़ जाता है उसी तरह हमारे जीवन की गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर हमारा मन ही ड्राइवर है। हमारे जीवनरूपी रथ का ड्राइवर, सारथी हमारा मन ही है। हमारा मन चाहे तो हमें सही दिशा में ले जा सकता है और चाहे तो हमें गलत दिशा में भी ले जा सकता है।

यह ड्राइवर की मरजी है कि वह हमें किसी भी दिशा में ले जाता है। इसी तरह जब तक मन की मरजी है, तब तक हमारे लिए पग-पग पर खतरे ही खतरे हैं, क्योंकि यदि हम सच्चाई की ओर जाना चाहें तो यह तभी संभव है जब हमारा मन भी सच्चाई की ओर चलने को तैयार हो। यदि मन की मरजी इसमें नहीं है तो फिर वह हमें बलात बुराई की ओर ले जाएगा और हमें बुरे कर्म, अशुभ कर्म आदि में प्रवृत्त करेगा। कई बार हम बुरे कर्म की ओर नहीं जाना चाहते पर फिर भी चल पड़ते हैं। क्यों? क्योंकि हमें हमारे मन पर नियंत्रण नहीं है इसलिए हम मन के ही इशारे पर चलते हैं। बुरे कर्म करते हुए हमें बड़ी आत्मग्लानि होती है और अच्छे कर्म करते हुए आत्मा आनंदित होती है। इसलिए हम अच्छे कर्मों की ओर, भगवत्प्रेम. दान, यज्ञ सेवा, परोपकार आदि में प्रवृत्त होना चाहते हैं, पर मन हमें इन कर्मों से बलात अटकाकर हमें बुरे कर्मों की ओर प्रवृत्त कर देता है। तब हम अपने मन को बहुत ही असहाय, लाचार पाते हैं। बुरे कर्म करने के पश्चात हमें ग्लानि होती है तब हम सोचते हैं कि काश यदि हम ऐसा न किए होते, हम मन के बहकावे में न आए होते तो हम जेल की सलाखों के पीछे नहीं होते।

जीवन में सफल होना है तो मन का एकाग्रचित्त होना आवश्यक है। मन को नियंत्रित कर शांत मन से ही हम अपने किसी भी कार्य में हम अपनी समस्त शारीरिक-मानसिक ऊर्जा लगा सकते हैं, और जिस कार्य में हम अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगा पाते हैं तभी सही निर्णय कर पाते हैं, उस कार्य में हमें सफलता और सिद्धि अवश्य ही प्राप्त होती है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### गांवों में फैल रही गंदगी

लोग कचरे कों नहर में फेंक देते हैं और फिर उस कचरे को कुत्ते घरों में लेकर आते हैं. कई बार तो इस्तेमाल किये गए पैड को भी गधेरों में फेंका जाता है, जिससे बहुत ज्यादा दुर्गंध आती है जिससे बहुत ज्यादा मच्छर और दुर्गंध फैलती है। यह कहना है 45 वर्षीय कलावती देवी का -हमारे गांव में बिल्कुल भी स्वच्छता और साफ सफाई के प्रति लोग जागरूक नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि प्रशासन स्वच्छता के प्रति सजग नहीं है, वास्तव में ग्रामीण क्षेत्र अपनी सुंदरता और अपनी हरियाली के लिए जाना जाता है। जहां प्रकृति की सौंदर्यता नजर आती है। जहां का वातावरण साफ़ रहता है परंतु पिंगलो गांव में सफाई न होने के कारण वातावरण लगातार दूषित हो रहा है। गरुड़ ब्लॉक से करीब 22 किमी दूर यह गांव पहाड़ की गोद में बसा है। उच्च जाति की बहुलता वाले इस गांव की आबादी 1950 है और साक्षरता दर करीब 85 प्रतिशत है। इसके बावजूद इस गांव में स्वच्छता के प्रति लोग विशेष रूप से जागरूक नज़र नहीं आते हैं। गांव में कूड़ा डालने के लिए डस्टबिन भी उपलब्ध नहीं है।

लोग नदी और नहरों में कूड़ा फैला देते हैं जिससे पीने का पानी गंदा हो जाता है। यहां तक कि जानवरों के लिए भी वह पानी पीने लायक नहीं रहता है। यदि कोई मवेशी उस पानी को पीता है तो उसकी तबीयत खराब हो जाती है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की कमी होने के कारण वह साफ़ सफाई के महत्व से अनजान हैं।

गांव की 28 वर्षीय चांदनी का कहना है कि 'हमारे गांव में कचरे के निस्तारण की कोई उचित सुविधा नहीं है। जिस कारण लोग इधर- उधर कचरा फैला देते हैं। लोग बोलते तो हैं कि गड्ढे बनाएंगे फिर उसमें कचरा डालेंगे, लेकिन कोई ऐसा नहीं करता है। जिसकी वजह से पूरे गांव का वातावरण दूषित हो रहा है और लोग विशेषकर बच्चे बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। यदि कचरे के निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं है तो लोगों में भी स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता नहीं है। वह भी जहां तहां कूड़ा फेंक देते हैं। गांव में एक कूड़ेदान है भी तो वह घरों के आसपास नहीं बल्कि दूर रोड पर है, जहां केवल दुकान वाले ही कूड़ा डालते हैं। गांव में ऐसी कोई सुविधा नहीं है जिससे कूड़े को एक जगह फेंका जा सके। हम चाहते हैं कि अगर गांव के बीचों बीच एक कूड़ेदान बनाया जाए तो यह संभव हो सकता है कि थोड़ी साफ सफाई हो पाए, पर अभी तक ऐसा नहीं हुआ है।

गांव के ग्राम प्रधान पान सिंह खाती का कहना है कि पंचायत द्वारा पूरे गांव में छोटे-छोटे कूड़ेदान बांटे गए हैं लेकिन गांव के लोग उसमें कूड़ा नहीं डालते हैं और अपने आसपास के स्थानों में कूड़ा फेंक देते हैं जिस वजह से गंदगी ज्यादा फैलती है। वही कूड़ा फिर कुत्ते और पालतू जानवरों द्वारा इधर-उधर फैला दिया जाता है। जिस वजह से और अधिक गंदगी फैल जाती है। वह कहते हैं कि इस समस्या का समाधान केवल जागरूकता है। प्रशासन या पंचायत कोई भी व्यवस्था कर ले, यदि लोग स्वच्छता के प्रति स्वयं जब तक जागरूक नहीं होंगे, उस समय तक कोई भी व्यवस्था कारगर सिद्ध नहीं हो सकती है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रैंडी कहती हैं कि स्वच्छता एक ऐसा विषय है, जिसे कानून द्वारा अमल में नहीं लाया जा सकता है। यह केवल लोगों की साफ सफाई के प्रति सजगता पर निर्भर करता है। जब तक ग्रामीण स्वयं इसके महत्व को नहीं समझेंगे उस समय तक इस समस्या का समाधान संभव नहीं हो सकता है।

**योगिता, चोरसौ, गरुड़ उत्तराखंड**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## कजाखस्तान के हवाई अड्डे पर आग लगने से उड़ाने प्रभावित

**अस्ताना।** कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को आग लगने के कारण 18 उड़ानों में विलंब हुआ। हवाई अड्डे की प्रेस सेवा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सुबह 07:50 बजे आग लगने की सूचना दिये जाने के बाद करीब पौन घंटे में इस पर काबू पा लिया गया। आग से भारी धुएं के कारण हवाई अड्डे के टर्मिनल पर यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। आपातकालीन मंत्रालय के मुताबिक हवाई अड्डे पर टर्मिनल नंबर 2 के सर्वर रूम में 10 से 15 वर्ग मीटर बिजली के तारों में आग लग गई।

# देश विदेश

### फिलिस्तीनी प्रधान मंत्री के इस्तीफे पर बोले यूएन प्रवक्ता

# मजबूत फिलिस्तीनी सरकार चाहता है यूएन

**संयुक्त राष्ट्र,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) एक मजबूत और सशक्त फिलिस्तीनी सरकार देखना चाहता है। यह बात विश्व निकाय के एक प्रवक्ता ने फिलिस्तीन के प्रधान मंत्री मोहम्मद शतायेह के नेतृत्व वाली सरकार के इस्तीफे पर अपनी प्रतिक्रिया में कही। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शतायेह की सोमवार की इस घोषणा पर ध्यान दिया है कि उन्होंने अपनी सरकार का इस्तीफा फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंप दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने प्रवक्ता के हवाले से कहा,एक मजबूत, सशक्त व संप्रभु फिलिस्तीनी सरकार ही इलाके में स्थायी शांति हासिल करने का एकमात्र तरीका है। उन्होंने एक दैनिक प्रेस वार्ता में कहा कि संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीनी लोगों



के सामने आने वाली मानवीय, राजनीतिक, वित्तीय और सुरक्षा की चुनौतियों पर काबू पाने के उद्देश्य से प्रयासों का समर्थन जारी रखेगा। प्रवक्ता ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) द्वारा समर्थित फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने दक्षिणी गाजा में खान यूनिस के नासिर अस्पताल से 72 गंभीर रोगियों को निकालने का काम पूरा कर लिया है। प्रवक्ता ने कहा, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट है कि गाजा में नवजात शिशु मर रहे हैं, क्योंकि उनकी माताएं प्रसवपूर्व या प्रसवोत्तर जांच में शामिल होने में असमर्थ हैं।

### कतर के अमीर गाजा संघर्ष पर चर्चा के लिए फ्रांस जाएंगे

दोहा। कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी गाजा पट्टी की स्थिति पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को फ्रांस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। कतरी मीडिया ने यह जानकारी बताया। समाचार पत्र 'कतर ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार अमीर अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्र और दुनिया में स्थिति के विकास पर चर्चा करेंगे।

### जॉर्डन ने गाजा में गिराई राहत सामग्री

अम्मान। जॉर्डन सशस्त्र बलों ने सोमवार को घोषणा की कि उन्होंने गाजा पट्टी में लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए विमानों से चार बार राहत सामग्री गिराई है। जॉर्डन सशस्त्र बलों द्वारा भेजे गयी मानवीय सहायता में राहत और उच्च पोषण वाले तैयार भोजन जैसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं। राज्य संचालित पेट्रा समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। पेट्रा के अनुसार, आपूर्ति सीधे पीड़ित निवासियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर से दक्षिण तक क्षेत्र के तट पर गिरायी गई है। इस काम में चार सी130 विमानों का इस्तेमाल किया गया जिनमें से एक विमान फ्रांसीसी सशस्त्र बलों का है। पेट्रा ने बताया कि गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली हमलों के कारण बिगड़ती मानवीय स्थितियों के बीच अकाल पड़ने की संभावना है। सशस्त्र बलों ने एक हवाई पुल के माध्यम से गाजा को मानवीय सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## बाइडेन को चार मार्च तक गाजा युद्ध विराम की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली बंधकों को मुक्त कराने के लिए मुझे उम्मीद है कि अगले सोमवार तक संघर्ष विराम हो जाएगा। बाइडेन न्यूयॉर्क में थे और उन्होंने एक आइसक्रीम स्टोर पर रुकते हुए ये टिप्पणी की। इजरायली



बातचीत के समापन पर चार मार्च तक गाजा में युद्धविराम प्रभावी हो जाएगा। सोमवार को जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि उन्हें कब संघर्ष विराम की उम्मीद है, तो उन्होंने कहा, सप्ताहांत तक, मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुझसे कहते हैं कि हम इसके करीब हैं। वार्ताकार मिस्र और कतर के मध्यस्थों के साथ बंधक वार्ता के लिए दोहा में हैं। इजरायली युद्ध कैबिनेट ने पिछले सप्ताहांत छह सप्ताह के संघर्ष विराम के बदले में 40 बंधकों की रिहाई को मंजूरी दे दी, जो रमजान की शुरुआत में प्रभावी हो सकता है।

## सुडोकू 6480

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | 3 | | 5 | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| 1 | 5 | | 7 | | | 6 | 3 | |
| | | | | | 5 | 9 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | | 3 |
| 5 | | | | | 2 | | 1 | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 28 फरवरी , 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4

### राशिफल

मेष -आज का दिन वित्तीय और व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है। आपकी लंबी योजनाएं पूरी होंगी। बिजनेस में नई योजनाएं बना सकेंगे। लोकहित के लिए किए गए प्रयासों से आपका मन खुश रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ -आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में मदद करेगी। शुभ काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन -मानसिक दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में परेशानी होगी। विचारों की अधिकता के कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावुकता आपकी दृढ़ता को कमजोर बनाएगी।

कर्क -अपने काम में सफलता प्राप्त करने के कारण आपके आनंद और उत्साह में बहुत अधिक वृद्धि होगी। ताजगी और स्फूर्ति का अहसास होगा। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से मिलना हो सकता है।

सिंह -आपका दिन मिश्रितफल देनेवाला रहेगा। किसी लंबी योजना में आप कन्फ्यूज हो सकते हैं। महत्वपूर्ण काम में मनोवांछित सफलता प्राप्त नहीं कर सकेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा।

कन्या -आपकी वाणी की मधुरता नए सम्बंध विकसित करने तथा कई जगहों पर लाभ कराने में सहायक होगी। आपके विचार अधिक समृद्ध होंगे। आप व्यापार-धंधे में सफल होंगे। अच्छा लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे।

तुला -आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना आवश्यक है। परिवार या बाहर किसी के साथ विवाद होने की संभावना है। आप किसी का भला करने जाएंगे, लेकिन उसका प्रतिफल अच्छा नहीं मिलेगा। आय से अधिक व्यय होगा।

वृश्चिक -नौकरी- धंधे और व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात तथा प्रवास का आयोजन करेंगे। विवाहोत्सुक युवक- युवतियों के लिए शुभ संयोग निर्मित होगा तथा पत्नी से लाभ होगा।

धनु -आज आपकी यश, कीर्ति तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावनाएं बढ़ेंगी। तंदुरुस्ती बनी रहेगी। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर -बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कार्यों को नया स्वरूप देगी। व्यवसाय के क्षेत्र में प्रतिकूल वातावरण आपके मन को अस्वस्थ बनाएंगे।

कुंभ -आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े विवाद से बचें। क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक माहौल दूषित रहेगा। वित्तीय तंगी का अनुभव होगा।

मीन -व्यापारियों को आगे बढ़ने के बहुत से अवसर मिलते रहेंगे। पार्टनरशिप के काम के लिए समय अच्छा है। कलाकार और साहित्यकार कुछ अच्छा रचने के काबिल रहेंगे। बड़े लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ब्रिक्स वित्त मंत्रियों की मेजबानी करेगा ब्राजील

**ब्रासीलिया,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक मंगलवार को ब्राजील के शहर साओ पाउलो में होगी।




यह बैठक जी20 मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर होगी। एक जनवरी 2024 से एसोसिएशन के नए सदस्यों की भागीदारी के साथ ब्रिक्स वित्तीय ट्रैक की यह पहली आमने-सामने बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता रूस द्वारा की जाएगी। उपस्थित लोगों से विश्व अर्थव्यवस्था के विकास की संभावनाओं, ब्लॉक के देशों की अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के मिश्रित वित्तपोषण के लिए उपकरण, सीमा शुल्क और कर सहयोग के साथ-साथ कई मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक में रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव शामिल होंगे। वित्त मंत्री के अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक और वित्तीय प्रणाली में सुधार पर एक पहल पेश करने की उम्मीद है।

## हंगरी की संसद ने स्वीडन के नाटो में शामिल होने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**बुडापेस्ट,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। हंगरी की संसद ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के लिए स्वीडन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।



**199 सदस्यों में से 194 ने सोमवार को मतदान में भाग लिया**

संसद के 199 सदस्यों में से 194 ने सोमवार को मतदान में भाग लिया। इनमें से 188 वोट पक्ष में और छह विपक्ष में पड़े।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हंगरी की संसद ने सोमवार को वसंत सत्र के पहले दिन विधेयक पर मतदान किया। हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा, स्वीडिश-हंगेरियन सैन्य सहयोग और स्वीडन के नाटो में शामिल होने से हंगरी की सुरक्षा मजबूत होगी। विपक्षी पार्टी अवर होमलैंड के एलोड नोवाक उन छह सांसदों में से एक थे, जिन्होंने इसके खिलाफ मतदान किया। मतदान से पहले उन्होंने कहा, आइए स्वीडन के नाटो में शामिल होने पर वीटो करें। सोमवार को अपने समर्थन के साथ, हंगरी उन 31 नाटो सदस्य देशों में से अंतिम देश बन गया, जिसने इस सैन्य गठबंधन में शामिल होने के लिए स्वीडन के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अब जुलाई में वाशिंगटन डीसी में होने वाले नाटो के अगले शिखर सम्मेलन में स्वीडन आधिकारिक तौर पर गठबंधन का 32वां सदस्य बन जाएगा। बिल को कानून बनने के लिए अभी भी हंगरी के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति तमस सुलियोक के हस्ताक्षर की आवश्यकता है। हंगेरियन संसद की मंजूरी का स्वीडिश प्रधान मंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने स्वागत किया। इसे एक ऐतिहासिक दिन बताते हुए क्रिस्टर्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि स्वीडन यूरो-अटलांटिक सुरक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार है।

## तमस सुलिओक बने हंगरी के नए राष्ट्रपति

**बुडापेस्ट,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। हंगरी के सांसदों ने संवैधानिक न्यायालय के प्रमुख तमस सुलिओक को देश का नया राष्ट्रपति चुना है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 199 सांसदों में से 146 ने सोमवार को मतदान में भाग लिया। इनमें से 134 वोट पक्ष में और पांच वोट विपक्ष में पड़े। सात वोट अवैध था। विपक्ष के अधिकतर सांसदों ने मतदान में भाग नहीं लिया। सुलिओक ने गुरुवार को अपने नामांकन के दौरान भाषण में कहा था, एक न्यायविद् के रूप में, और गणतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में मेरी भूमिका में, मेरी सबसे महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता जनता की भलाई के लिए काम करना और कानून के बुनियादी मूल्यों को बनाए रखते हुए देश की एकता को मूर्त रूप देना है। सुलिओक की पूर्ववर्ती कैटालिन नोवाक ने बाल दुर्व्यवहार क्षमा घोटाले के बाद 10 फरवरी को पद छोड़ दिया। सुलिओक को पांच साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है। 24 मार्च, 1956




■ 199 सांसदों में से 146 ने सोमवार को मतदान में भाग लिया

को दक्षिणी हंगरी के किस्कुनफ़ेलेगिहाज़ा में जन्मे, सुलिओक ने 1980 में सेज्ड में जोज़सेफ अत्तिला विश्वविद्यालय से स्नातक किया। 2004 में यूरोपीय कानून योग्यता और 2013 में पीएचडी भी की। सुलिओक ने न्यायिक क्लर्क, कानूनी सलाहकार, वकील के रूप में और सेज्ड में ऑस्ट्रिया के मानद वाणिज्य दूत व 2005 से सेज्ड विश्वविद्यालय में संवैधानिक कानून में अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्य किया है।

## बुर्किना फासो में मस्जिद पर हमले में मारे गए दर्जनों लोग

**औगाडौगू,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्वी बुर्किना फासो में एक मस्जिद पर हुए हमले में रविवार को दर्जनों मुस्लिम श्रद्धालु मारे गए। फेडरेशन ऑफ इस्लामिक एसोसिएशन ऑफ बुर्किना ने सोमवार को जारी एक बयान में मृतकों की अनुमानित संख्या बताई। बयान में कहा गया कि रविवार को बुर्किना फासो के पूर्वी क्षेत्र में नाटियाबोनी में एक मस्जिद पर हुए हमले में कम से कम 14 मुस्लिम उपासक मारे गए, जिनमें से दो की अस्पताल में मौत हो गई। एक सुरक्षा सूत्र ने सोमवार को बताया कि हथियारबंद व्यक्तियों ने रविवार सुबह करीब 5 बजे नाटियाबोनी में एक मस्जिद पर हमला किया, जिसमें कई दर्जन लोग मारे गए। एक अन्य स्थानीय स्रोत के अनुसार, बुर्किना फासो सेना के सहायक, होमलैंड की रक्षा के लिए स्वयंसेवकों के सैनिकों और सदस्यों को भी बड़ी संख्या में आई भीड़ द्वारा निशाना बनाया गया था। चर्च के एक अधिकारी ने एक बयान में कहा, उसी दिन, उत्तरी बुर्किना फासो के साहेल क्षेत्र के एस्साकेन गांव में एक कैथोलिक चर्च पर हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए।

## वर्ग पहेली 6480



**बायें से दायें:-**

१. गर्भपात
३. ऊटपटांग, बेढंगा
५. भवन-निर्माण, अंत:पुर का रक्षक
६. बचकर किनारे से निकलना, कतराना (मुहावरा
७. भर्त्सना करना
९. सहृदय, संवेदनशील संजीदा
१०. अफवाह, किंवदंती
१२. जल, पानी
१३. लोहे, लकड़ी आदि का चूरा
१४. जिसे अधिकार मिला हो, अधिकार संपन्न
१६. वायु, हवा
१८. भीतर
२०. सब कुछ जानने वाला परमेश्वर
२१. व्यापार (उर्दू)
२३. उसी समय का, तुरंत होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. अधीरता, उत्कंठा, अत्यधिक इच्छा
२. एक हीस मय में हो या रहने वाला सम सामयिक
३. बहुत ज्यादा, प्रचुर
४. पारिश्रमिक
५. जगह की कमी
८. नाटक करने या लिखने वाला
१०. समुद्र
११. चांदी
१२. खिन्न, भावहृदय
१३. ऊंचा (उर्दू)
१४. नाराज, नाखुश
१५. आभार, उपकार मानने का भाव
१६. स्तंभ, स्तंभ रूप में बनी इमारत (उर्दू)
१८. करसम्पुट
१९. कामदेव की पत्नी
२२. गरम, उष्ण, तपा हुआ

### वर्ग पहेली-6479



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1580- गोवा से पहला ईसाई मिशनरी अकबर के दरबार फतेहपुर सिकरी आया।
1712- मुगल बादशाह बहादुर शाह प्रथम की लाहौर में मृत्यु हुई ।
1847- अमेरिका ने सकरामेंटो के युद्ध में मैक्सिको को पराजित किया ।
1922- मिस्र ने ब्रिटेन से दोबारा आजादी प्राप्त की।
1924- अमेरिका ने मध्य अमरीकी देश होंडुरस पर हस्तक्षेप शुरू किया ।
1928- सी वी रमन को फिजिक्स के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
1936- जवाहर लाल नेहरू की पत्नी कमला नेहरू का स्विजरलैंड में निधन हुआ।
1943- कोलकाता का हावडा पुल (रवीन्द्र सेतु) शुरू हुआ था।
1947- चीनी राष्ट्रीय पार्टी कोमिंटांग के खिलाफ ताइवान में प्रदर्शन किया गया।
1948- ब्रिटेन का आखिरी सैनिक दस्ता भारत से स्वदेश रवाना हुआ ।
1963- भारत के राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद का निधन हुआ था।
1975- अमेरिका के नेवादा परीक्षण स्थल से परमाणु परीक्षण किया गया था।
1991- अमेरिका तथा गठबंधन सेना ने इराक में युद्धविराम की घोषणा की थी।
1999 - कोलीन प्रेसकोट एवं एंडी एल्सन (ब्रिटेन) ने 233 घंटे 55 मिनट तक गुब्बारे की मदद से आकाश में रहने का विश्व रिकार्ड बनाया था।

**सफलता** पूर्ण संस्थागत ढांचा प्रणाली हो चुकी है स्थापित

## चीन में दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन बाजार बना

**बीजिंग,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। चीन में कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाज़ार की स्थापना को ढाई साल हो चुके हैं। चीनी पारिस्थितिकी और पर्यावरण मंत्रालय के उप प्रमुख चाओ यिंगमिन ने कहा कि पिछले ढाई सालों में कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाजार स्थिर रहा। वर्तमान में वार्षिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन 5 अरब 10 करोड़ टन है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कवर करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन बाज़ार बन गया है। चाओ यिंगमिन ने कहा कि चीन के कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाज़ार में विद्युत उत्पादन उद्योग को प्राथमिकता देते हुए दो पूर्ति चक्र सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

अब अपेक्षाकृत पूर्ण संस्थागत ढांचा प्रणाली स्थापित हो चुकी है। राष्ट्रीय कार्बन बाजार सूचना नेटवर्क की स्थापना हुई। पंजीकरण व्यवस्था, व्यापार व्यवस्था और प्रबंधन मंच का काम स्थिरता से चल रहा है। कार्बन उत्सर्जन की लेखांकन और प्रबंधन क्षमता स्पष्ट रूप से बढ़ी है। पिछले साल के अंत तक कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाज़ार में व्यापार की कुल मात्रा 44 करोड़ टन रही और राशि करीब 24 अरब



90 करोड़ युआन रही। आने वाले समय में चीन संबंधित नियम के अनुसार व्यापार की किस्मों, संस्थाओं और तरीकों को लगातार समृद्ध करेगा और बाजार की जीवन शक्ति बढ़ाएगा, ताकि अर्थव्यवस्था और समाज का हरित और निम्न-कार्बन परिवर्तन बढ़ सके।

### शांगहाई प्राचीन मिस्र सभ्यता प्रदर्शनी आयोजित करेगा

**बीजिंग।** शांगहाई संग्रहालय के अनुसार, मिस्र की सर्वोच्च पुरावशेष परिषद और शांगहाई संग्रहालय एक सहयोग समझौते पर पहुंचे, जिसके मुताबिक, शांगहाई संग्रहालय 19 जुलाई, 2024 से 17 अगस्त, 2025 तक पिरामिड का शीर्ष-प्राचीन मिस्र सभ्यता प्रदर्शनी की मेजबानी करेगा। प्रदर्शनी में प्राचीन मिस्र सभ्यता के विभिन्न कालखंडों की 787 सांस्कृतिक



कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। ये टुकड़े मिस्र के कई सबसे महत्वपूर्ण संग्रहालयों से प्राप्त किए गए हैं, जिनमें मिस्र का राष्ट्रीय संग्रहालय, मनियाल पैलेस संग्रहालय, लक्सर संग्रहालय, इस्माइलिया संग्रहालय और स्वेज संग्रहालय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, शांगहाई में हाल ही में खोजे गए मिस्र के सांस्कृतिक अवशेषों का एक संग्रह होगा। शांगहाई संग्रहालय के निदेशक चू श्याओपो ने कहा कि यह प्रदर्शनी एशिया में प्राचीन मिस्र के सांस्कृतिक अवशेषों की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होगी।

## दुनिया को जानें

### चीन का संस्कृति और पर्यटन उपभोक्ता बाजार बढ़ा

**बीजिंग,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। साल 2024 की शुरुआत के बाद से दो महीनों में, चीन के संस्कृति और पर्यटन उपभोक्ता बाजार की लोकप्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो उपभोग के पीछे एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बन गई है। फरवरी में हाल ही में समाप्त हुई 8-दिवसीय चीनी पारंपरिक वसंत महोत्सव की छुट्टियों के दौरान, 2.311 अरब लोगों ने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इन यात्राओं के पीछे प्राथमिक प्रेरणा प्रियजनों से मिलना और यात्राएं करना था। चीनी संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय ने डेटा जारी किया है, जिससे पता चलता है कि वसंत महोत्सव की छुट्टियों में प्रभावशाली यात्रा-संबंधी मेट्रिक्स और समग्र व्यय मील के पत्थर देखे गए। घरेलू पर्यटकों की संख्या 47.4 करोड़ से अधिक हो गई, कुल खर्च 6.3 खरब युआन से अधिक हो गया। दर्शनीय स्थलों की यात्रा के टिकट बिक गए और आवास पूरी तरह से बुक हो गए, जिसके परिणामस्वरूप होटल के उपलब्ध कमरों की कमी हो गई। प्रारंभिक आंकड़ों से संकेत मिलता है कि नए साल की अवधि के दौरान पूरे चीन में लगभग 1.5 लाख सांस्कृतिक कार्यक्रम, जैसे कि ग्रामीण वसंत महोत्सव रात्रि समारोह, ओपेरा नाटक महोत्सव, नए साल की पेंटिंग आदि।

# प्रादेशिकी

## विपक्ष ने बजट सत्र में सरकार को घेरा

**देहरादून**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। सरकार ने सदन में बजट पेश करने से पहले विपक्ष ने उसे जमकर घेरा। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कानून व्यवस्था के मुद्दे को सदन में उठाया। दूसरे दिन की कार्रवाई शुरू होते ही सदन में विपक्ष लगातार प्रश्नकाल में सरकार के ऊपर एक के बाद एक सवाल दागे। वहीं सदन में जाने से पहले नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विपक्ष की पूरी कोशिश है कि वह सदन को सुचारू संसदीय कार्य प्रणालियों के अनुसार चलाने में अपना सहयोग दे। साथ ही यशपाल आर्य ने यह भी कहा कि उनकी हर एक कोशिश होती है कि सदन में किसी भी तरह का व्यवधान विपक्ष खड़ा ना करे।

# हिमाचल सरकार ने खोया अपना बहुमत: जयराम ठाकुर

**शिमला**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ जबरदस्त हंगामा किया। नौबत यहां तक आ गई विधानसभा की कार्यवाही पहले कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई और दूसरी बार सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ किए गए हंगामे के कारण बुधवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान विपक्षी दल भाजपा ने दावा किया कि सरकार ने अपना बहुमत खो दिया है।

मंगलवार को भोजनावकाश के बाद उस समय हंगामा शुरू हुआ जब विपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग को लेकर लाए गए कटौती प्रस्ताव को लेकर ध्वनिमत से करवाए गए मत विभाजन पर विपक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही यह मामला उठाया और कहा कि विपक्ष ने कटौती प्रस्तावों को मत विभाजन के लिए रखने की मांग की, लेकिन इसके विपरीत सदन में इसे ध्वनिमत से पारित करवा दिया गया। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने सदन में बहुमत खो दिया है, इसी कारण कटौती प्रस्तावों पर मत विभाजन से सरकार भाग गई। उन्होंने यहां तक कह डाला कि अब इस सरकार को तो भगवान भी नहीं बचा सकता।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने इस दौरान सरकार के बचाव करते हुए कहा कि सदन के भीतर कांग्रेस के 33 से अधिक विधायक मौजूद थे, जबकि विपक्ष के 25 विधायक उपस्थित थे। इसलिए अध्यक्ष ने ध्वनिमत से कटौती प्रस्तावों को नामंजूर करने का सही फैसला लिया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायकों की संख्या कम होने पर ही मत विभाजन किया जाता है। लेकिन सरकार के पास चूंकि बहुमत था, ऐसे में मत विभाजन का सवाल ही पैदा नहीं होता।

इस दौरान भाजपा सदस्य विपिन परमार ने भी अपना पक्ष रखा और मत विभाजन न करवाए जाने पर ऐतराज जताया। इस दौरान दोनों ओर से शोर गुल होने लगा और देखते ही देखते हंगामा हो गया और सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक और नारेबाजी हुई। इस दौरान सदन में भारी हंगामे की स्थिति को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इस सारे घटनाक्रम दिलचस्प बात यह रही कि न केवल विपक्ष, बल्कि सत्ता पक्ष के विधायक भी एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।

इससे पूर्व, विपक्षी दल भाजपा के सदस्यों ने कटौती प्रस्तावों को नामंजूर करने और सदन की कार्यवाही स्थगित करने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के चैंबर तक भी मार्च किया और विरोध जताया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने जबरन विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में प्रवेश का भी प्रयास किया।



### भाजपा ने भी लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि जब भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में अपनी आपत्ति दर्ज करने जा रहे थे तो वहां मौजूद मार्शलों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और धक्के दिए। उन्होंने कहा कि मार्शलों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार का कॉलर तक पकड़ लिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बाद में भाजपा के कुछ विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर अपनी नाराजगी जताई और मार्शलों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में आज जो कुछ हुआ, वह हिमाचल के इतिहास में काले दिन के रूप में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की न केवल मत विभाजन की मांग नामंजूर की गई, बल्कि इस आधार पर सदन को स्थगित कर दिया कि सदन में पूरी तरह अव्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि भाजपा बुधवार को सदन में सरकार के अल्पमत में होने का मामला फिर से उठाएगी।

### विपक्ष पर दुर्व्यवहार का आरोप

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाद में पत्रकारों से बात करते हुए विपक्ष पर सत्ता पक्ष के विधायकों से दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष ने कांग्रेस के विधायकों को धमकाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को बोलने का अधिकार है और कांग्रेस के विधायक भी उनमें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में संख्या बल कांग्रेस के पक्ष में है और कांग्रेस ने व्हिप भी जारी किया था। ऐसे में भाजपा का हंगामा तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि व्हिप जारी होने के बावजूद सदन में मौजूद नहीं थे, उनके खिलाफ कार्रवाई के बारे में विचार किया जाएगा।

# गहरी खाई में गिरा वाहन, एक की मौत, एक घायल, एक की तलाश जारी

**नैनीताल**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। बीती रात शहर के डीएसबी मार्ग में नगर पालिका का पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर करीब 800 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में एक अन्य वाहन में सवार व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। जिसकी तलाश जारी है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा गया है। घायल का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तल्लीताल बूचड़खाना निवासी रहमान आउटसोर्स पर नगर पालिका में कूड़ा वाहन चलाता है। जो कि देर रात वह मेट्रोपोल में कूड़ा उतारने के बाद डीएसबी मार्ग से घर की ओर जा रहा था। मस्जिद के समीप उससे शेरवुड निवासी शहनवाज खान ने लिफ्ट ली। वाहन डीएसबी गेट के करीब पहुंचा ही था कि नीचे की ओर आ रही एक स्कूटी को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होता देख तत्काल लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाल डीवी सोलंकी, एसएसआई दीपक बिष्ट पुलिस टीम के साथ ठंडी सड़क क्षेत्र में पहुंचे। मगर वाहन बीच खाई में पेड़ से टकराकर रुक जाने के कारण एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम को भी बुलाना पड़ा। एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम ने चालक और सवार को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शाहनवाज खान को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से चोटिल चालक से जब हादसे को लेकर पुलिस ने पूछताछ की तो उसने वाहन में तीन लोगों के सवार होने की बात कही। जिसके बाद फिलहाल पुलिस टीम वाहन सवार तीसरे व्यक्ति की तलाश में जुटी हुई है।




- धामी ने पुनर्विकास शिलान्यास समारोह में वर्चुअल माध्यम से किया प्रतिभाग
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव का जताया सीएम ने आभार

## सार संक्षेप

### हल्द्वानी वन प्रभाग में तैनात बीट अधिकारी की संदिग्ध हालत में गोली लगने से मौत

**टनकपुर**। हल्द्वानी वन प्रभाग में तैनात एक वन बीट अधिकारी की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है प्रारंभिक सूचना के आधार पर मौत तमंचे से गोली लगने की वजह से हुई है। इस घटना के बाद वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। मृतक वनकर्मी का शव उसके सरकारी आवास से बरामद हुआ है इधर गोली कैसे चली इसको लेकर फिलहाल कोई जानकारी अभी नहीं मिल पाई है फिलहाल वन व पुलिस टीम वन कर्मी की मौत कैसे हुई इस जांच में जुट गई है। घटना के उपरांत वन बीट अधिकारी के शव को उनके सरकारी आवास से टनकपुर उप जिला चिकित्सालय लाया गया है। जहां पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मृतक वन कर्मी नैनीताल जिले के चोरगलिया का रहने वाला है। इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। यहाँ मिली जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी वन प्रभाग के सेनापानी रेंज के कलोनिया चैकी में तैनात वन बीट अधिकारी हरीश चंद्र जोशी (35) का शव 27 फरवरी की सुबह कलोनिया स्थित सरकारी आवास में मिला। हरीश चंद्र जोशी अविवाहित थे। उनका अप्रैल में विवाह होना था। बताया गया कि गोली लगने से उनकी मौत हो गई। गोली खुद चलाई या किसी ओर ने इसका अभी पता नहीं चल सका है।

### विधानसभा में गूंजा ब्लूम्ज कालेज के छात्रों का मामला

**शिमला**। मंडी जिले के नाचन विधानसभा क्षेत्र में स्थित ब्लूम्ज कॉलेज के 95 बीएड छात्रों का भविष्य दांव पर लगने का मामला मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा में गूंजा। नाचन के विधायक विनोद कुमार ने प्रश्नकाल के बाद प्वाइंट ऑफ आर्डर के तहत यह मामला उठाते हुए सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इन छात्रों को परीक्षा में बैठने के लिए रोल नंबर मिल जाए, क्योंकि इनकी परीक्षाएं पांच मार्च से शुरू होने वाली हैं। विनोद कुमार ने कहा कि इन 95 छात्रों को 12 दिसंबर 2023 को आयोजित काउंसलिंग के बाद ब्लूम्ज कालेज में प्रवेश दिया गया था। उन्हें योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया गया था, लेकिन अब उनका भविष्य दांव पर है, क्योंकि उन्हें पांच मार्च से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए अपना रोल नंबर नहीं मिला है। विनोद कुमार ने मांग की कि सरकार को या तो सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी और ब्लूम्ज कालेज के बीच इस मुद्दे को सुलझाना चाहिए, या फिर इन बच्चों को किसी अन्य कालेज में स्थानांतरित करना चाहिए। विनोद कुमार ने कहा कि ये बच्चे रोल नंबर हासिल करने के लिए कालेज और विश्वविद्यालय से लेकर शिमला तक दौड़े हैं और शिक्षा मंत्री से भी मिले हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्या का हल नहीं हुआ है। इस कारण इन बच्चों के मां-बाप भी बहुत चिंतित हैं।

### सुडोकू 6480 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 |

# 20 लाख की स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

**नैनीताल**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने 20 लाख रूपये की स्मैक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में से एक रोडवेज बस का चालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है।

मिली जानकारी के अनुसार हल्द्वानी कोतवाली पुलिस व एएनटीएफ की टीम को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एएनटीएफ टीम द्वारा क्षेत्र में संयुक्त अभियान अभियान चला दिया गया। इस दौरान संयुक्त टीम को मोतिया तिराहे लाइन के पास, गन्ना सेंटर, ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में बाइक सवार तीन संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 223 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम चरणजीत सिंह पुत्र सुच्चा सिंह निवासी दूधियानगर रुद्रपुर उधमसिंह नगर, मनीष कुमार पुत्र सेवा राम गंगवार निवासी बरगवां, रसूलपुर, बहेड़ी, बरेली यूपी, हाल निवासी सीएमडी कॉलोनी, देवलचैड हल्द्वानी व रिंकू कश्यप पुत्र ओम प्रकाश कश्यप निवासी नाथपुर अंगदराय, दातागंज, बदायूं यूपी बताया। बताया कि वह बरामद स्मैक को दातागंज बदायूं यूपी से बिट्टू नाम के व्यक्ति से खरीदकर हल्द्वानी शहर में बेचने के लिये ला रहे थे। बताया कि मनीष और चरणजीत आपस में साला और जीजा हैं। मनीष हल्द्वानी में रहता है जिसे आरोपी रिंकू बदायूं से स्मैक लेकर रुद्रपुर निवासी चरणजीत सिंह (जो रुद्रपुर से बदायूं की रोडवेज का चालक है) के साथ मिलकर स्मैक को हल्द्वानी लाते हैं और बेचते हैं। बहरहाल पुलिस ने उनके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया है।



# आयुर्वेद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया को दर किनार कर बाजार से खरीदी महंगी औषधियां

**देहरादून**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। आयुर्वेद विभाग लंबे समय से घोटाले के लिए नम्बर एक पर रहा है। अब एक ताजा घोटाला सामने आ रहा है, जिसमें ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी में कच्ची औषधियों की खरीद के टेंडर में करोड़ों रुपए का घोटाला सामने आया है। लोकल कंपनियों को बाहर करने के लिए जानबूझकर टेंडर शर्तों में 3 वर्ष तक 4 करोड़ रुपए टर्नओवर की शर्त को जोड़ दिया गया, जबकि सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार ऐसा कोई भी नियम आयुष विभाग में खरीद के लिए निर्धारित नहीं है। इसके कारण लंबे समय से उत्तराखंड में स्थानीय स्तर पर कच्ची औषधियों की आपूर्ति कर रही सभी फर्में टेंडर प्रक्रिया से ही बाहर हो गईं। अब खरीद में शामिल जिम्मेदार अधिकारियों ने बाजार दरों से लगभग 6 गुना से भी अधिक दरों पर कच्ची औषधियों की खरीद कर ली है, जिसमें सूत्रों के अनुसार अभी तक दो करोड़ रुपए से भी अधिक का भुगतान किया जा चुका है।




- चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए टेंडर में जोड़ दी 4 करोड़ रुपए टर्नओवर की शर्त

यह टेंडर प्रक्रिया सीधे निदेशालय स्तर से संचालित की गई है, जबकि अभी तक फार्मेसी के अधीक्षक स्तर पर ही यह टेंडर होते थे और इसमें लोकल तथा छोटी फर्में भी भाग लेती थी और सरकार को कम दाम में अच्छी गुणवत्ता की कच्ची औषधियां मिलती थी।

नियमों का उल्लंघन करके टेंडर में ऐसी ऐसी शर्तें जोड़ी गईं हैं जिससे प्रतिस्पर्धा तो खत्म हो ही गई है साथ ही उत्तराखंड की सभी फर्में टेंडर प्रक्रिया से बाहर हो गई हैं। सरकार को बाजार से कई गुना अधिक दाम पर माल खरीदना पड़ रहा है और एमआरपी से भी काफी अधिक दरों पर खरीद हो रही है। यह अपने आप में एक अहम सवाल है कि एक ओर सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के अधीन आयुष विभाग में ही सरकारी धन की खुलेआम लूट हो रही है। देखने वाली बात यह होगी कि विभागीय मंत्री तथा मुख्यमंत्री इस घोटाले का क्या संज्ञान लेते हैं। इस संबंध में राज्य आंदोलनकारी तथा उत्तराखंड लोकायुक्त अभियान के संयोजक परमानंद बलोदी ने आयुर्वेद विभाग के निदेशक को भी भ्रष्टाचार के संबंध में ईमेल और रजिस्टर्ड डाक से शिकायत की थी लेकिन उनकी शिकायत पर भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया है और खरीद प्रक्रिया बदस्तूर जारी है। राज्य आंदोलनकारी सुमन बडोनी चेतावनी देते हुए कहते हैं कि यदि यह घोटाला जारी रहा तो लोकायुक्त अभियान के कार्यकर्ता इस भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# प्रदेश कार्यालय में बीजेपी प्रबंधन समिति की हो रही बैठक

**देहरादून**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। बलबीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा कर, आगे की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति और चुनाव प्रभारी मौजूद हैं।

- लोकसभा प्रत्याशियों के नामों पर किया जा रहा मंथन

गौर हो कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रबंधन की बैठक प्रदेश पार्टी कार्यालय में चल रही है। बैठक में चुनाव की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। साथ ही बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर मंथन होगा। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार शामिल हैं। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा कर, आगे की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। बता दें कि इस बैठक के बाद मुख्यालय में ही शाम 3 बजे से भाजपा प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होनी है। चुनाव समिति बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की अध्यक्षता में चल रही प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को लोकसभा चुनाव के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। चुनावों के दृष्टिगत बैठक में प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम, चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक और राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल के अलावा प्रदेश महामंत्री संगठन मंत्री अजेय कुमार भी मौजूद हैं। वहीं बैठक में हाल में बनाई गई प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के तहत गठित विभिन्न विभागों के प्रमुखों और सह प्रमुख भी उपस्थित हैं।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा के बीच हुई शुरू

**देहरादून**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड बोर्ड की 2024 की 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गयी हैं। आज मंगलवार 27 फरवरी को दसवीं का हिंदुस्तानी संगीत, जबकि 12वीं की हिंदी और कृषि की परीक्षाएं हैं। परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों ने कहा कि उनके मन में प्रश्न पत्र को लेकर थोड़ा डर और थोड़ा एक्साइटमेंट भी है। छात्र छात्राओं ने कहा कि उन्होंने अपनी पूरी तैयारी की है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में इस बार 10वीं और 12वीं में कुल 210,354 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। 10वीं में 115,606 परीक्षार्थी शामिल हैं। 12वीं में 94,748 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हैं। बोर्ड परीक्षा आज 27 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च को समाप्त होंगी। उत्तराखंड बोर्ड द्वारा इस बार 162 संवेदनशील परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए हैं। इनमें 156 संवेदनशील जबकि 6 अतिसंवेदनशील केंद्र चिन्हित किए गए हैं। 10वीं कक्षा में अगर (संस्थागत) रेगुलर परीक्षार्थियों की बात करें तो 113,281 परीक्षार्थी रेगुलर हैं। जबकि 2,325 प्राइवेट परीक्षार्थी एग्जाम में शामिल हो रहे हैं। इस प्रकार 10वीं की बोर्ड परीक्षा में इस बार 115,606 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं 12वीं कक्षा में रेगुलर (संस्थागत) परीक्षार्थी 90,351 हैं जबकि प्राइवेट परीक्षार्थी 4,397 हैं। इस प्रकार इंटरमीडिएट में कुल 94,748 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। 10वीं और 12वीं के कुल परीक्षार्थियों का योग 210,354 है। इस बार दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज यानी 27 फरवरी 2024 से शुरू होकर 16 मार्च को खत्म होंगी। 27 फरवरी को दसवीं का हिंदुस्तानी संगीत, जबकि 12वीं का हिंदी कृषि की परीक्षा है। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक है। परीक्षा देने के लिए आए सभी परीक्षार्थियों ने कहा कि वह पूरी तैयारी कर परीक्षा देने आए हैं। छात्रों का कहना है कि हालांकि प्रश्न पत्र कैसा आता है, उसको लेकर उनके मन में डर और एक्साइटमेंट दोनों बने हुए हैं। छात्र छात्राओं ने साथ ही अपने शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने उनकी पूरी और अच्छी तैयारी करवाई है। वरिष्ठ शिक्षक नवेंदु मठपाल ने कहा कि बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन बनाने को लेकर पूरी तैयारी की गई है। साथ ही उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से कहा कि हमारी कोशिश है कि परीक्षार्थी भय मुक्त होकर आनंदमय वातावरण में परीक्षा दें।



- 10 वीं व 12 वीं के 2 लाख के लगभग छात्र-छात्राएं दे रही बोर्ड परीक्षा
- 162 संवेदनशील परीक्षा केंद्र किए गए चिन्हित

# उत्तराखण्ड का अब तक का सबसे बड़ा बजट, धामी सरकार ने पेश किया 89,230 करोड़ रुपये का बजट

**देहरादून**, 27 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड की धामी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89 हजार 230 करोड़ 7 लाख का बजट पेश कर दिया है। सरकार को 88,597.11 करोड़ के राजस्व प्राप्ति का अनुमान है। इसमें 60,552.90 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति और 28,044.21 करोड़ की पूंजीगत प्राप्तियों का अनुमान लगाया गया है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल छिहत्तर हजार पांच सौ बयानबे करोड़ चैवन लाख रुपये (76592.54 करोड़ रुपये) का बजट पेश किया गया था। इसमें सत्तावन हजार पचास करोड़ छब्बीस लाख (57057.26 करोड़ रुपये) राजस्व प्राप्तियां व उन्नीस हजार पांच सौ पैंतीस करोड़ अट्ठाइस लाख (19535.28 करोड़ रुपये) पूंजीगत प्राप्तियां अनुमानित थीं।

धामी सरकार ने अपने 2024-25 के बजट में राष्ट्रीय खेलों के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। दरअसल 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड को मिली है। 38वें राष्ट्रीय खेल इसी साल होने हैं। ऐसे में राज्य सरकार ने 250 करोड़ के बजट से अब नेशनल गेम्स की तैयारियों को पंख लगेंगे। खेलो इंडिया के लिए दो करोड़ का बजट रखा गया है।

युवा शक्ति को तोहफा देते हुए धामी सरकार ने बजट में सरकारी डिग्री कॉलेजों की शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने हेतु 10 करोड़ रुपए दिए हैं। इसके साथ ही एनईपी के तहत चल रही अनुसंधान योजना को के लिए 2 करोड़ की व्यवस्था की गई है। दरअसल आरटीई के तहत 94 हजार से ज्यादा बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। बजट में विज्ञान केंद्र चंपावत को तीन करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इसके साथ ही उदीयमान खिलाड़ियों की छात्रवृत्ति के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राज्य और राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए 10 करोड़ रुपए दिए गए हैं। प्रशिक्षण शिविर के लिए 5 करोड़ की व्यवस्था की गई है। पिथौरागढ़ स्पोर्ट्स कॉलेज भवन के लिए दो करोड़ का बजट रखा गया है।



- 88,597.11 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति का अनुमान
- युवाओं को समर्पित है धामी सरकार का बजट
- राष्ट्रीय खेलों के लिए 250 करोड़
- सरकारी डिग्री कॉलेजों की शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने के लिए 10 करोड़ रुपये

### फ्री गैस सिलिंडर के लिए 54 करोड़

देहरादून। धामी सरकार ने बजट में गरीबों का भी ध्यान रखा है। 1,83,419 अंत्योदय कार्ड धारकों के निशुल्क गैस रिफिल के लिए साल में तीन सिलिंडर के लिए 54 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। खाद्यान्न योजना के लिए 20 करोड़ का बजट रखा गया है। इसके साथ ही पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए 390 करोड़ का बजट दिया गया है। राज्य आंदोलनकारियों के कल्याण और कोर्पस फंड के लिए 44 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

### सब्सिडी के लिए 679 करोड़

देहरादून। विभिन्न विभागों की योजनाओं में सब्सिडी के लिए 679 करोड़ 34 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही उत्तराखंड के सभी जिलों में हवाई संपर्क के लिए कदम उठाया जा रहा है। सड़क और पैदल यात्रा मार्गों के असुरक्षित पुलों से छुटकारा दिलाने की भी सरकार की योजना है। सभी जिलों में स्वरोजगार केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों में ऑडिटोरियम और संस्कृति केंद्रों की स्थापना भी होगी। सबसे खास बात ये होगी कि अनुभव बढ़ाने के लिए छात्रों को राज्य से बाहर शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जाएगा।

# प्रादेशिकी

## भूसा लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, दबकर एक बाइक सबार की मौत

**फर्रुखाबाद,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। भूसा लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमे दबकर निकल रहे एक बाइक सबार के साथ ही चार ट्रैक्टर पर बैठी सबारियां घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती किया गया। चिकित्सक नें बाइक सबार को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया। थाना अमृतपुर के ग्राम कलक्टरगंज निवासी आलोक पुत्र रामफेरे अपने 22 वर्षीय भाई अंकित शर्मा के साथ मंगलवार शाम बाजार करनें कस्बा आया था। जहां से वह बाइक पर सबार होकर वह घर जा रहे थे। उसी दौरान बलीपट्टी के निकट ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिससे उसमे दबकर बाइक सबार आलोक शर्मा के साथ ही ट्रैक्टर पर बैठे जगपाल पुत्र हरिपाल, सुआलाल पुत्र सरजू, अभिषेक पुत्र सतीश घायल हो गए।

# प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना में उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक अनुदान स्वीकृत

**लखनऊ,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन तथा उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव एम.पी. अग्रवाल द्वारा पी.एम. ऊषा की टीम के साथ मिलकर दिन-रात मेहनत के उपरान्त भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के विश्वविद्यालयों से प्रस्ताव प्राप्त कर प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना हेतु भारत सरकार को प्रेषित किए गए, जिसके फलस्वरूप पूरे देश में उत्तर प्रदेश राज्य को सर्वाधिक अनुदान स्वीकृति किया गया। योजना भवन लखनऊ मे मंगलवार को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समागम 2024 को सम्बोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राज्य के विश्वविद्यालयों हेतु धनराशि स्वीकृत किए जाने हेतु आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की योजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा



- उप्र को लगभग 740 करोड़ रुपए का अनुदान विभिन्न मदों में हुआ जारी
- अनुदान का उपभोग विश्वविद्यालयों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा जर्जर हो चुके पुराने भवनों को रेनोवेशन करने पर किया जाएगा

### प्रदेश में काम करने के तेवर तथा व्यवस्थाओं के कलेवर बदले

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मे काम करने के तेवर तथा व्यवस्थाओं के कलेवर बदले है। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के जीवन को बेहतर करने में इस तरह के समागम मील का पत्थर साबित होंगे। भौतिक विकास के साथ-साथ संस्कारों को भी महत्व देना चाहिए। विवि मे आम जनसामान्य के हितों से जुड़े हुये शोध किये जाना चाहिए, जिससे प्रदेश के आम जनसामान्य के जीवन को एक नई दिशा मिल सके। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के अन्तर्गत चिन्हित न्यूनतम सकल नामांकन अनुपात के क्रम में असेवित क्षेत्रों में नए राजकीय मॉडल महाविद्यालयों हेतु अनुदान प्रदान किया गया है।

अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को लगभग धनराशि 740 करोड़ रूपये का अनुदान विभिन्न मदों में जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा स्वीकृति अनुदान का उपभोग विश्वविद्यालयों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा जर्जर हो चुके पुराने भवनों को रेनोवेशन करने पर किया जायेगा। केन्द्रीय वित्त पोषण उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये एक बड़ा बढ़ावा होगा। राज्य का लक्ष्य अनुसंधान और नवाचार के लिये एक सक्षम वातावरण बनाना है।

## पीड़ित परिवार सीओ से बोले, झूठे मुकदमे दर्ज करा वसूली कर रहे

**मवाना,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। मवाना नगर के मोहल्ला कल्याण सिंह निवासी महिला नसरीन के साथ अनेक महिलाएं मंगलवार दोपहर सीओ सौरभ सिंह से मिली और अपनी आपबीती सुनाई। महिलाओं ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाली इमराना का परिवार झूठे आरोप लगाते हुए पुलिस से मिलकर मुकदमा दर्ज करा रही है। वहीं झूठे मुकदमें दर्ज होने के बाद वापस कराने के नाम पर उनसे दो लाख रुपये की डिमांड की जा रही है। इसके बाद पुलिस उनके परिवार को जेल भेजने की धमकी दे रही है। उधर सीओ सौरभ सिंह ने पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए पुलिस द्वारा जांच करने की बात कही है। कुछ दिनों पहले गत दिनों इमराना की बेटी सोनी से कुछ युवकों ने रास्ते में जाते हुए अश्लील फब्तियां कस छेड़छाड़ कर दी थी। जिस पर पीड़ित इमराना की बेटी सोनी ने चार आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद जेल भेज दिया था। आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपी जमानत पर छूटने के बाद एक बार फिर से इमराना के बेटे को नशीला पदार्थ सुंघाकर जान से मारने की धमकी देते हुए कुकर्म की घटना को अंजाम दे दिया था। मंगलवार को अनेक लोग नसरीन के साथ झूठा मुकदमा दर्ज कराने की जांच की मांग को लेकर सीओ सौरभ सिंह से मिले।

## राजकीय महाविद्यालयों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी सरकार

**लखनऊ,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में ग्रास रूट लेवल पर खेलों को बढ़ावा दे रही योगी सरकार अब महाविद्यालयों में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर वहां भी खिलाड़ियों को तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यायलों में खेलकू इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि को 31 मार्च 2024 तक किया जाना अनिवार्य होगा।

**प्रत्येक महाविद्यालय को मिलेंगे एक लाख रुपए**

इस राशि से खेलकूद से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे, ताकि महाविद्यालयों में आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए कहीं अन्य जगह भटकना न पड़े।

प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के राजकीय महाविद्यालयों में खिलाड़ियों को तैयार किए जाने की योजना है। साथ ही, पहले से जो खिलाड़ी महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं उन्हें खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में शासन स्तर पर कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्राविधानित बजट 1.72 करोड़ के सापेक्ष 1.71 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय को एक लाख रुपए मुहैया कराए जाएंगे, ताकि वो अपने यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकें। इसके माध्यम से खिलाड़ी महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ अपने पसंदीदा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं को भी मूर्त रूप दे सकेंगे। मालूम हो कि महाविद्यालय इस राशि से खेल से संबंधित नए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकेंगे। इसमें विभिन्न खेलों से संबंधित कोर्ट, टर्फ आदि शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने में वित्त विभाग के द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस राशि का उपयोग हर हाल में 31 मार्च 2024 तक किया जाना है।

## सार संक्षेप

### कृषक इण्टर कालिज में नवनियुक्त सूबेदार मेजर का स्वागत

**मवाना।** कृषक इण्टर कालिज मंगलवार को



73 यूपी बटालियन एनसीसी के नवनियुक्त सूबेदार मेजर देवेंद्र कुमार का प्रथम बार विद्यालय आगमन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार व स्टेटिक मजिस्ट्रेट राकेश महलवाल ने संयुक्त रूप से सूबेदार मेजर देवेंद्र कुमार को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि सूबेदार मेजर देवेंद्र कुमार सरल व्यक्तित्व व अनुशासित जीवनशैली में विश्वास रखते हैं। इनकी व्यवहार कुशलता ने प्रथम मुलाकात में ही हमें अपना मुरीद बना लिया है। उन्होने 23 ग्रनेडियर रेजीमेंट में लम्बा समय देश की सेवा में व्यतीत किया है व वर्तमान में वह 33 राष्ट्रीय राइफल में पुंछ में तैनात थे। सेना में उनके लम्बे अनुभव का हम सभी को लाभ मिलना निश्चित है। हमारे युवा एनसीसी कैडेट्स को उनके सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर एक नई दिशा प्राप्त होगी। सूबेदार मेजर देवेंद्र कुमार से मिल कर हम सब स्वयं को उर्जावान महसूस कर रहे हैं। प्रथम बार विद्यालय आगमन पर उनको सम्मानित करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यहां पर सूबेदार मेजर देवेंद्र कुमार स्टेटिक मजिस्ट्रेट राकेश महलवाल, डिप्टी लाल कमल, विनोद कुमार, अमित गुप्ता, मोहित शर्मा, शिवम त्यागी, गोविन्द सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### रास चुनाव में भाजपा के आठ सदस्य जीते

**लखनऊ।** राज्यसभा सदस्यों के लिए मंगलवार को हुए मतदान में भारतीय जनता पार्टी के आठों उम्मीदवार जीत गए हैं। आठवें उम्मीदवार संजय सेठ को 29 वोट हासिल हुए जबकि समाजवादी पार्टी के तीसरे उम्मीदवार आलोक रंजन 19 वोट ही हासिल कर सके। इस प्रकार उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा है। समाजवादी पार्टी के दो उम्मीदवार जया बच्चन और रामजी लाल सुमन चुनाव जीत गए हैं। मंगलवार सुबह से शुरू हुए मतदान में 499 सदस्यों में से 395 सदस्यों ने मतदान किया। सपा के सात सदस्यों ने क्रास वोटिंग की है। इनमें पार्टी के मुख्य सचेतक रहे विधायक मनोज पाण्डेय ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

### पीसीएफ प्रबंधक पर दलित महिला कर्मचारी से छेड़छाड़

**फर्रुखाबाद।** महिला कर्मी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पीसीएफ प्रबंधक के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पीड़िता नें दर्ज एफआईआर में कहा है कि उसके पति चन्द्र शेखर आजाद यूपी कपरेटिव फेडरेशन लि. (पीसीएफ) में भंडार नायक के पद पर कार्यरत थे। सेवाकाल के दौरान ही 5 अक्टूबर 2021 को उनकी मौत हो गई। अनुकम्पा के आधार पर पीड़िता का चयन सहयोगी के पद पर 23 जून 2023 को हुआ। वर्तमान समय में सातनपुर मंडी फतेहगढ़ में कार्यरत नियुक्ति के समय से ही जिला प्रबन्धक विपिन कुमार यादव की उस पर गंदी नजर थी।

## फैक्ट्री में हुए हादसे का जायजा लेने घटनास्थल पहुंचे डीएम व एसएसपी



**मेरठ,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने एसएसपी रोहित सिंह सजवान के साथ मेरठ थाना इंचौली क्षेत्र में फिटकरी गांव के पास फैक्ट्री में हुए हादसे का संज्ञान लेते हुए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए नियमित उपचार दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती घायल व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें अधिकारी : चैत्रा वी.

**मेरठ,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. ने बिजनेस प्लान के अन्तर्गत 33 केवी नई लाईनों का निर्माण, 33/11 केवी नए उपकेन्द्रों का निर्माण, पावर परिवर्तक एवं वितरण परिर्वतकों की क्षमता वृद्धि, जर्जर तार व पोल बदलने सहित गार्डिंग इत्यादि कार्यों का बिजनेस प्लान में प्रावधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को मिशन मोड में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने को कहा। प्रबन्ध निदेशक की अध्यक्षता में आज यहां ऊर्जा भवन, मेरठ के सभागार में उपभोक्ताओं को सुचारू



रूप से गुणवत्तापरक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए, बिजनेस प्लान के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों समीक्षा की गई। बैठक में डिस्कॉम के समस्त 14 जनपदों के मुख्य अभियन्ता (वितरण), अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) एवं डिस्कॉम मुख्यालय के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। समीक्षा बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने कहा राजस्व में वृद्धि, विद्युत लाईन हानियों में कमी और मीटर आधारित शतप्रतिशत बिलिंग विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा अधिकारी अपने-अपने जनपदों में राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीति तैयार करें और राजस्व में वृद्धि करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर अनुरक्षण माह के तहत उपकेन्द्रों व विद्युत ट्रांसफार्मरों की क्षमतावृद्धि, जर्जर तार व पोल बदलने, पुरानी ओसीबी बदलने, वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिये, केपेसिटर बैंक को क्रियाशील रखने, क्षतिग्रस्त केपेसिटर को बदलने आदि कार्य प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने मासिक राजस्व वसूली की समीक्षा की और लक्ष्यों के सापेक्ष राजस्व वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने कहा अधिकारी कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करें।

## तंमचे के बल पर आश्रम में महाराज के साथ लाखों की लूट

**मवाना/हस्तिनापुर,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। दो हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने नगर की मनोहरपुर कालोनी स्थित आश्रम में घुसकर लाखों के नकदी और जेवरात लूट लिए। आश्रम में मौजूद महाराज को बंधक बनाकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। किसी तरह बंधनमुक्त होकर महाराज ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। साथ ही तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। नगर स्थित मनोहरपुर कालोनी में गोरखनाथ नाम से एक आश्रम है। आश्रम की देखरेख महाराज दलबीर नाथ करते है। सोमवार रात आश्रम में महाराज मंदिर परिसर स्थित छुने के पास में सोए हुए थे। रात्रि लगभग डेढ बजे आश्रम की दीवार फांदकर दो बदमाश अंदर आ घुसे। उन्होंने धुने के पास सो रहे महाराज को बंधक बना तंमचे के बल पर महाराज के कानों के लगभग आठ तोले सोने के कुंडल निकाल लिये। लुट के बाद बदमाश आश्रम से फरार हो गए।



**आश्रम में पहले भी हो चुकी है लूट की घटना**

## कर्तव्य मार्ग पर चलकर ही होगी अधिकारों की प्राप्ति : डॉक्टर गौरव

**मेरठ,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। कर्तव्य पथ पर चलकर ही अधिकारों की प्राप्ति होगी कर्तव्य को भूलकर अधिकारों को प्राप्त नहीं किया जा सकता कर्तव्य मार्ग पर चलने से ही हम बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं भगवान श्री राम ने कर्तव्य पालन धैर्य और धर्म की व्याख्या की थी धर्म का मूल अर्थ ही कर्तव्य है यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम ए जर्नी ऑफ इंडिया टू भारत के दौरान मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर गौरव प्रधान ने कही। डॉ. गौरव प्रधान ने कहा कि भारत आज का नाम नहीं है सतयुग वेदों से यह नाम चल रहा है भारत का मूल आधार ज्ञान है और वेदों में ही सारा ज्ञान है जो देश अपनी सभ्यता अपनी जड़ को भूल जाता है उसका समाप्त होना निश्चित है भारत फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है इसके लिए सभी का साथ चाहिए विश्व गुरु बनने का मतलब यह है नहीं है कि किसी पर राज करना हमारी सभ्यता दूसरों को दबाकर राज करना नहीं है बल्कि सबको साथ लेकर



सबका सम्मान करते हुए चलना है उन्होंने कहा कि जब तक संघर्ष नहीं करोगे तो सफलता नहीं मिलेगी जीत जरूरी नहीं है बल्कि सच्चे मन से संघर्ष जरूरी है अपने पास जो संसाधन है उन्ही उपलब्ध संसाधनों से ही संघर्ष करना है। कहां की यदि आदमी के अंदर से बाहर निकल जाए तो उसको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता यदि हमें कुछ करना है तो सबसे पहले सीखने की आदत को अपने अंदर डालें जहां पर ज्यादा सीखने को मिले वहीं पर पहले जाना चाहिए 1000 साल की गुलामी नहीं हमें सहना सिखा दिया था। संचालन डॉ विवेक कुमार त्यागी ने किया।

## कैंटर की टक्कर में मोटर साइकिल सवार की मौत

**मवाना/हस्तिनापुर,** 27 फरवरी (देशबन्धु)।। मंगलवार देर शाम मवाना हस्तिनापुर मार्ग स्थित ट्रांसलम एकेडमी के सामने कैंटर की टक्कर से सैफपुर कर्मचंदपुर वापस लौट रहे मोटरसाइकिल गंभीर रूप से घायल हो गये। रहागीरों ने घायलों को मवाना सीएचसी भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के चलते घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिससे मोटरसाकिल पर सवार एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। मवाना हस्तिनापुर मार्ग पर मंगलवार शाम लगभग पांच बजे कार्य से गांव वापस लौट रहे 22 वर्षीय तालीम पुत्र महबुब और 26 आसिफ पुत्र नुरमौहम्द को तेज रफ्तार में जा कैंटर संख्या युपी 15 सीटी 7956 ने टक्कर मार दी। जिससे सैफपुर कर्मचंदपुर निवासी दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी थाना पुलिस और कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना पहुंचाया। जहां दोनों युवकों की हालत गंभीर होने के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान तालीम की मौत हो गई।

## एएस इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने डायल 112 की दी जानकारी



**मवाना,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को मवाना थाना प्रभारी तथा चौकी इंचार्ज के निर्देशन में डायल 112 की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया कि प्रत्येक परिस्थिति में पुलिस के द्वारा 112 की सुविधा उपलब्ध है किसी भी छात्रा के साथ कोई भी स्थिति आती है उस दशा में 112 पर फोन करिए उत्तर प्रदेश पुलिस आपकी सेवा में तत्पर रहेगी।

किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। वहीं नुक्कड़ नाटक के द्वारा छात्र-छात्राओं को डायल 112 के उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही यह भी जानकारी दी गई की घरेलू छुटपुट नाराजगी के लिए 112 का उपयोग कर अनावश्यक रूप से तंग ना किया जाए तो अच्छा होगा, क्योंकि 112 का उपयोग अपनी सुरक्षा एवं आपात स्थिति के लिए किया जाए। छात्राओं तथा अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की यदि किसी छात्रा को विषम परिस्थिति में परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में परेशानी हो रही है और डायल 112 कहीं पर भी खड़ी हुई नजर आती है तो वह आपकी मदद के लिए तत्पर है।

**आयोजन** | वेंक्टेश्वरा में 'आजाद' विषय पर विचार संगोष्ठी व वृहद रक्तदान शिविर आयोजित

# आजादी के रणबांकुरे चन्द्रशेखर आजाद का सदैव ऋणी रहेगा देश : डॉ. सुधीर

**मेरठ, 27 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालयध् संस्थान में देश के महान सपूत आजदी के रणबांकुरे चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आजादी का महानायक 'आजाद' विषय पर विचार गोष्ठी एवं वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने चन्द्रशेखर आजाद को देश की आजादी का सबसे बड़े रणबांकुरों में से एक बताते हुए कहा, कि ये देश सदैव आजाद का ऋणी रहेगा। इसके साथ ही वृहद रक्तदान शिविर में 164 यूनिट रक्त संचय किया गया।**

चन्द्रशेखर आजाद जयंती पर वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी.रमन सभागार में आयोजित आजादी का महानायक 'आजाद' विषय पर संगोष्ठी एवं वृहद रक्तदान शिविर का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ.ए.के. शुक्ला एवं कुलसचिव पीयूष पाण्डे आदि ने चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया।

अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि ये देश आजादी के रणबांकुरे चन्द्रशेखर आजाद का सदैव ऋणी रहेगा। जिन्होनें देश के युवाओं में क्रान्ति की मशाल जलाकर सही मायने में आजादी की नींव रखी। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने चन्द्रशेखर आजाद को याद करते हुए कहा कि ''ना चाहा वंशजों ने, जिसके कुछ भी बाद दुनिया से।

मिटा सकता नहीं कोई भी, उसकी याद दुनिया से। बिना जिसके अमर बलिदान की गाथा अधूरी है। जिया 'आजाद' दुनिया में, गया 'आजाद' दुनिया से। उन्होंने कहा जीते जी अंग्रेजों से लोहा लेते हुए आखिरी समय में अंग्रेजों द्वारा घेर लिए जाने पर उनकी पकड़ में आने के बजाय उन्होंने अपने आप को गोली मारकर इस देश के लिए खुद को शहीद कर लिया। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी विम्स डॉ. आई.बी. राजू, सलाहकार आर.एस. शर्मा, सी.एफओ. विकास भाटिया, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. नौशाद, डॉ. मानिक त्यागी, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, मेरठ परिसर निदेशक डॉ प्रताप सिंह, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. स्नेहलता गोस्वामी, अरूण गोस्वामी, विशाल शर्मा, फरहीन, मनीष कुमार शर्मा, मारूफ चौधरी, एस. एस. बघेल, विकास श्रीवास्तव एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।




- महान देशभक्त चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई
- चन्द्रशेखर आजाद ने अकेले क्रान्ति की मशाल जलाकर सबसे पहले आजादी की नींव रखीः डॉ. राजीव
- वृहद रक्तदान शिविर लगाकर 164 यूनिट रक्त संचय किया गया

**मुझे नहीं लगता मैं पूरी तरह से साफ-सुथरे व नेक इंसान का किरदार निभा सकता हूं : इमरान हाशमी**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी का कहना है कि वह स्क्रीन पर पूरी तरह से साफ-सुथरे, नेक इंसान की भूमिका नहीं निभा सकते हैं। एक्टर जल्द ही अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज 'शोटाइम' में दिखाई देंगे। एक्टर ने इसके पीछे का कारण भी बताया। उन्होंने कहा कि एक एक्टर के रूप में उनकी इमेज के कारण ऐसी भूमिकाएं उनके लिए पेचीदा हैं। इमरान हमेशा से ही अपने एंटी हीरो किरदारों में माहिर रहे हैं। इमरान हाशमी शोटाइम में ग्रे शेड्स वाले एक अन्य किरदार रघु खन्ना की भूमिका में सहजता से ढल गए हैं। वेब सीरीज में महिमा मकवाना, मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी हैं। इसी बारे में बात करते हुए इमरान हाशमी ने कहा मुझे नहीं लगता कि मैं कम से कम अपनी स्क्रीन इमेज के हिसाब से पूरी तरह से साफ-सुथरे, नेक इंसान का किरदार निभा सकता हूं।

## रसोई के धुएं से आफत में दिल और फेफड़े

# मच्छर भगाने वाली क्वॉइल 100 सिगरेट जितनी खतरनाक

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। किचन का धुआं शरीर के लिए आफत बन रहा है, चाहे वह मिट्टी का चूल्हा हो या एलपीजी से जलने वाला चूल्हा। इनसे न सिर्फ फेफड़े, बल्कि दिल और दिमाग भी बीमार हो रहे हैं। और तो और घर में मच्छरों को भगाने वाली क्वॉइल भी जाने-अनजाने जानलेवा बन रही है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक क्वॉइल 100 सिगरेट पीने जितनी खतरनाक है।

**■ धुएं से श्वसन तंत्र और फेफड़े प्रभावित**

हाल ही में आईआईटी मंडी की एक रिसर्च में पारंपरिक तरीके से खाना बनाने के तरीके के नुकसान पर बात की गई है। इसके मुताबिक लकड़ी और उपले के इस्तेमाल से खाना बनाने में जो धुआं निकलता है, उससे इनडोर पॉल्यूशन होता है। चूंकि गांवों में आज भी आमतौर पर महिलाएं खाना बना रही हैं तो उनकी सेहत पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ता है। वहीं, एलपीजी से जलने वाले चूल्हे से भी वायु प्रदूषण की बात कही गई है। इसके चलते रेस्पिरेटरी डिजीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और लंग कैंसर का खतरा बढ़ रहा है।



आमतौर पर लोग सिगरेट के धुएं और वायु प्रदूषण को सेहत के लिए हानिकारक मानते हैं, लेकिन हमारा किचन भी कम बीमारियां नहीं देता है। गांव या दूर दराज के इलाकों में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल हो रही लकड़ी और उपले से निकलने वाला धुआं धीरे-धीरे हमें मौत की तरफ ले जाता है।

वहीं एलपीजी गैस को जलाने से निकल रहीं कई खतरनाक गैस भी गंभीर बीमारियों की वजह बनती हैं। इन्हें लेकर कई रिसर्च भी सामने आई हैं।

**अध्ययन में खुलासा-कितना खतरनाक है ये धुआं**

अध्ययन के मुताबिक भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जैसे- असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को सांस, कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा ज्यादा है, क्योंकि दूर-दराज के इलाकों में एलपीजी या दूसरे कम नुकसानदेह ईंधनों की पहुंच उतनी सुलभ नहीं है।

ऐसा नहीं है कि एलपीजी के धुएं से कोई नुकसान नहीं होता है, लेकिन आईआईटी मंडी के रिसर्चर्स ने अपनी शोध में पाया है कि लकड़ी या उपलों से निकले वाला धुआं इसकी अपेक्षा 57 गुना अधिक नुकसानदायक है। इस रिसर्च के मुताबिक पूर्वोत्तर राज्यों में आज भी 50 प्रतिशत आबादी खाना बनाने के लिए पारंपरिक ईंधनों पर ही निर्भर है। इसके चलते इन घरों में बेहद हानिकारक गैस एयरोसोल की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है। यह सीधे श्वसन तंत्र और फेफड़ों को प्रभावित कर रही है। रिसर्च के मुताबिक एयरोसोल गैस का 29 से 79 फीसदी हिस्सा श्वसन तंत्र में ही जमा हो जाता है। इससे फेफड़ों को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचाव किया जा सकता है।


**एलपीजी गैस के धुएं से होते ल्युकेमिया और लिंफोमा जैसे कैंसर**

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के मुताबिक एलपीजी गैस के चूल्हों से कई हानिकारक गैस निकलती हैं। इनसे सांस की बीमारियों के अलावा भी कई खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। इनसे ल्युकेमिया और लिंफोमा जैसे कैंसर होने का भी खतरा होता है। रिसर्च के मुताबिक एलपीजी गैस के चूल्हे का एक नॉब अगर 45 मिनट तक खुला रहता है तो इससे इतनी बेंजीन गैस निकलती है, जो एक सिगरेट के धुएं से निकलने वाली बेंजीन से कहीं ज्यादा होती है।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी जताई चिंता**

विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में हर साल 70 लाख से ज्यादा लोगों की मौत प्रदूषण से होती है। यह प्रदूषण वातावरण या हमारे किचन और मॉस्किटो क्वॉइल की वजह से भी हो सकता है। इससे मौतों के कई मामले सामने आ रहे हैं। इसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अस्थमा के अलावा अन्य 5 गंभीर बीमारियों को जिम्मेदार माना है।

## निशांत जैसी फिल्मों में काम करना चाहती है महिमा मकवाना



**मुंबई,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा मकवाना, निशांत जैसी फिल्मों में काम करना चाहती है। महिमा मकवाना ने टीवी शो 'मोहे रंग दे', सीआईडी, 'आहट', 'मिले जब हम तुम', 'सपने सुहाने लड़कपन के' में काम किया है। महिमा ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया। महिमा मकवाना ने सलमान खान प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म अंतिम से बॉलीवुड में डेब्यू किया। महिमा मकवाना इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है। महिमा मकवाना ने इस शो में नवोदित कलाकार का किरदार निभाया है,जो इंडस्ट्री में कदम जमाने की कोशिश कर रही हैं, और उनका मुकाबला सुपरस्टार इमरान हाशमी के साथ है। महिमा मकवाना ने बताया कि शो टाइम बेहद इंटरटेनिंग शो है। फिल्म में मेरा किरदार महिका नंदी का है। महिका का किरदार निभाना मेरे लिये बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। शो टाइम में दिखाया गया है कि किस तरह से फिल्मी दुनिया में इनसाइडर और आउटसाइडर के बीच क्लैश चलता है। मुझे उम्मीद है कि शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा।

महिमा मकवाना ने बताया कि उन्हें स्मिता पाटिल, शबाना आजमी, तब्बू की फिल्में बेहद पसंद है। उन्होंने बताया कि उन्हें स्मिता पाटिल-शबाना आजमी और नसीरउद्दीन साह की फिल्म निशांत बेहद पसंद है। यदि उन्हें अवसर मिलता है वह निशांत जैसी फिल्मों में काम करना पसंद करेंगी। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 08 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## एआईआरएफ के नाम भारत सरकार ने डाक टिकट किया जारी, गौरवपूर्ण इतिहास

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। रेलवे के सबसे पुराने, एतिहासिक एवं जुझारू संगठन, ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) की स्थापना को इस वर्ष 100 वर्ष पूरे होने जा रहे है। इसकी स्थापना 24 अप्रैल 1924 में हुई थी। इसके उपलक्ष्य में भारत सरकार के द्वारा एक 'स्मृति डाक टिकट' जारी करने का निर्णय लिया गया। इस शताब्दी वर्ष संस्मरण डाक टिकट को, भारत सरकार के रेल, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा दिनांक 27 फरवरी 2024 को करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम, में एक भव्य समारोह के अर्न्तगत लगभग 5 हजार से अधिक रेल कर्मियों की उपस्थिति में जारी किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर रेल मंत्रालय, भारतीय डाक एवं उत्तर रेलवे के अनेक प्रमुख उच्च अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही देशभर के रेलवे, पोस्टल तथा अन्य सरकारी तथा असंगठित श्रमिको के संगठन के शीर्ष पदाधिकारी, अन्य गणमान्य प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे। यह देश के इतिहास में पहला अवसर है, जब किसी श्रमिक संगठन के नाम से उसके 'शताब्दी वर्ष में भारत सरकार द्वारा 'डाक टिकट' जारी करके उसको सम्मान देने का काम किया गया है, जो कि इस बात का प्रतीक है कि यह संगठन इस देश एवं श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संगठन है। इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अश्वनी वैष्णव ने इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संगठन को ऐसे लोगो ने नेतृत्व प्रदान किया है जिनका इस देश के ट्रेड यूनियन आंदोलन ही नहीं बल्कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर के ट्रेड यूनियन आंदोलन में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। रेलकर्मियों का यह संगठन एक जिम्मेदार ट्रेड यूनियन संगठन की भूमिका निभाते हुए न केवल रेल कर्मचारियों के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन के लिए बल्कि रेल उद्योग एवं इसके उपभोक्ताओ के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए फेडरेशन द्वारा रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवार के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में समय-समय पर किये गये कार्य-कलापो के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सौ वर्षों की यात्रा में जहां रेलवे कर्मचारियों ने ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के नेतृत्व में भारतीय रेलो की विकास गाथा लिखी, रूट किलोमीटर 68 किलोमीटर तक पहुंचाया और आज 82 वंदे भारत एक्सप्रेस चल रही है, तथा 30 हजार अमृत भारत कोचो को निर्माण हमारे कर्मचारियों द्वारा होने वाला है वहीं इस फेडरेशन ने संघर्ष और उपलब्धियो के वह आयाम स्थापित किए जिसमें अंग्रेजो के समान वेतन, सुविधायें, छटनी पर रोक, मैन आफक्राफ्ट और मैन आफलेटर की बराबरी, बोनस, वेतन आयोगो के माध्यम से वेतन भत्तों एवं सुविधाओ में प्रसार, कैडर रिस्ट्रक्चरिंग के माध्यम से प्रोन्नतियों में विस्तार, सभी को वातानुकूलित पास की सुविधा, चिकित्साओ में विस्तार इत्यादि जैसी अनगिनत उपलब्धियॉ एआईआरएफ के नाम है। समारोह में एआईआरएफके अध्यक्ष डॉ. एन कनैया, एनएफआईआर के महामंत्री डॉ. एम राघवैया, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा, महानिदेशक भारतीय डाक स्मिता कुमार, रेलवे बोर्ड के महानिदेंशक (एचआर) नवीन गुलाटी, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभुन चौधरी, एआईआरएफ के कार्यकारी अध्यक्ष जे आर भोसले, एआईआरएफ के कोशाध्यक्ष सी एच शंकराराव, राष्ट्रीय महिला संयोजक प्रवीना सिंह सहित अनेक महत्वपूर्ण पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन एआईआरएफ के सहायक महामंत्री एस के त्यागी ने किया।



## परी चौक पर प्रसव पीड़ित महिला का शारदा अस्पताल की नर्स ने कराया डिलवरी

**ग्रेटर नोएडा,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। परीचौक पर एक महिला प्रसव पीड़ा से सड़क पर पड़ी थी उसी दौरान शारदा अस्पताल की नर्स रेनू पहुंचकर महिला का नार्मल प्रसव कराया। रेनू ने बताया कि वो कासना से ड्यूटी पर जा रही थी, परीचौक पर ऑटो से उतरी तो महिला रोशनी सड़क पर लेटी हुई है उनके पति प्रशांत लोगों से मदद की गुहार लगा रहे थे। उसने अपनी साथी नर्स ज्योति को फोन किया वो भी ड्यूटी के लिए जा रही थी वो भी जल्द आ गई। उसने लोगों से कहा हम शारदा अस्पताल में नर्स है।

पहले महिला को अपने शॉल से एक महिला की सहायता से कवर किया उसके बाद हम दोनों ने महिला की नॉर्मल डिलीवरी करवा दी। उसके बाद बच्चे को अपने जैकेट में लपेटा ऑटो बुक करके अस्पताल जाने लगे। ऑटो में महिला को झटके से तकलीफ होने लगी पर हम उसे जगाते हुए अस्पताल में भर्ती करवाया। शारदा अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रुचि श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी नर्सो ने डिलीवरी के बाद अस्पताल में फोन कर दिया। उसके बाद जैसे ही वो महिला और बच्चे को लेकर आए तो तुरंत हमने इलाज शुरू कर दिया।



बच्चे का वजन करीब 2.50 किलो है। महिला का यह दूसरा बच्चा है अब दोनों स्वस्थ है। इनका इलाज कासना स्थित एक अस्पताल में चल रहा था लेकिन उन्होंने सिजेरियन बच्चे होने की बात कही। वहां से अपने घर लुक्सर चली गई। सुबह उनको लेबर पेन शुरू हुआ जैसे ही परीचौक पहुंची वहां सड़क पर गिर गई। हमारी नर्सो ने जो काम किया है इसको लेकर सभी को उन पर गर्व है।

## रिपोर्ट में दावा, 70.7 करोड़ भारतीय इंटरनेट यूजर्स उठा रहे ओटीटी एंटरटेनमेंट सर्विस का आनंद

**मुंबई,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में करीब 86 प्रतिशत इंटरनेट यूजर्स (70.7 करोड़) ओटीटी ऑडियो-वीडियो सर्विसेज का आनंद उठा रहे हैं। यह खुलासा मंगलवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में हुआ है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई), मार्केटिंग डेटा और एनालिटिक्स कंपनी कांतार ने संयुक्त रूप से 'इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट 2023' तैयार की है। रिपोर्ट से पता चला कि बढ़ोतरी मुख्य रूप से गैर-पारंपरिक उपकरणों जैसे- स्मार्ट टीवी, स्मार्ट स्पीकर, फायरस्टिक्स, क्रोमकास्ट, ब्लू-रे आदि से संचालित है।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल मिलाकर पूरे भारत में 2021-23 के बीच इनमें 58 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। आईएएमएआई के चेयरमैन और ड्रीम स्पोर्ट्स के को-फाउंडर हर्ष जैन ने कहा कि इंटरनेट इन इंडिया, आईसीयूबीई-2023 अध्ययन पर आधारित है, जिसमें लक्षद्वीप को छोड़कर भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 90,000 से अधिक घरों को शामिल किया गया है। यह देश में इंटरनेट के उपयोग का सबसे बड़ा सर्वे है।




उन्होंने यह रिपोर्ट जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इंडिया डिजिटल समिट-2024 के उद्घाटन सत्र में जारी की। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पारंपरिक लीनियर टीवी (18.1 करोड़) की तुलना में अधिक लोग केवल इंटरनेट उपकरणों (20.8 करोड़) पर वीडियो कंटेंट तक पहुंच रहे हैं। इंटरनेट के अन्य टॉप यूज के मामलों में कम्युनिकेशन (62.1 करोड़ यूजर्स) और सोशल मीडिया (57.5 करोड़ यूजर्स) शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत के यूजर्स इन सभी उपयोग-मामलों को चला रहे हैं, जो प्रत्येक उपयोग के मामले के लिए यूजर्स आधार का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। भारत में इंटरनेट की बढ़ती पहुंच 80 करोड़ के नए मील के पत्थर को पार कर गई है। साल 2023 में कुल एक्टिव इंटरनेट यूजर्स 82 करोड़ तक पहुंच गए हैं, जिसका मतलब है कि पिछले साल 55 प्रतिशत से अधिक भारतीयों ने इंटरनेट का उपयोग किया है।

## बच्चों को दिमागी बुखार से बचाने को टीकाकरण शुरू

**भोपाल,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के चार जिलों में जैपनीज इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) के मरीज सामने आए हैं। इस बीमारी को रोकने के लिए राज्य के चारों जिलों में टीकाकरण शुरू किया गया है। इस अभियान में 37 लाख बच्चों का टीकाकरण होगा। भोपाल के डीईआईसी (डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर) में जैपनीज इंसेफेलाइटिस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उपस्थित जनों को जैपनीज़ इंसेफेलाइटिस (दिमाग़ी बुख़ार) के प्रति जागरूकता लाने और टीकाकरण अभियान में सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

उप मुख्यमंत्री ने टीकाकरण अभियान के पोस्टर का विमोचन किया और टीकाकृत बालकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। अभियान में भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर और सागर जिलों के एक से 15 वर्ष उम्र के लगभग 37 लाख बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। विगत वर्ष विदिशा एवं रायसेन जिलों में टीकाकरण किया गया था। शासकीय और चिन्हित निजी चिकित्सकीय संस्थानों में जैपनीज़ इंसेफेलाइटिस का नि:शुल्क टीकाकरण किया जाएगा।



**■ जैपनीज़ इंसेफेलाइटिस बीमारी का खतरा एक से 15 साल की उम्र के बच्चों को अधिक**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जैपनीज इंसेफेलाइटिस टीकाकरण अभियान निश्चित रूप से सफल होगा। हम इस घातक बीमारी से अपने नौनिहालों को और बच्चों को सुरक्षित करने में सफल होंगे। उप मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और निर्देश दिया कि हर बच्चे का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जैपनीज इंसेफेलाइटिस वेक्टर बोर्न डिजीज है। यह बीमारी क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होती है। ये मच्छर रुके हुए पानी में रहते हैं, और रात में काटते हैं। आर्डिडाई प्रजाति के विचरण करने वाले पक्षी और सुअर इस बीमारी के फ्लेवी वायरस के मुख्य संवाहक होते हैं।

जापानी इंसेफेलाइटिस बीमारी को पहली बार जापान में देखा गया था, इसलिए इस बीमारी का नाम जापानी इंसेफेलाइटिस पड़ा। जैपनीज़ इंसेफेलाइटिस बीमारी का खतरा एक से 15 साल की उम्र के बच्चों को अधिक होता है। इस बीमारी से संक्रमित 80 प्रतिशत से अधिक लोग इसी आयुवर्ग के होते हैं। इसीलिए प्राथमिकता के आधार पर एक से 15 साल के बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। टीके से ही इस बीमारी से बचाव संभव है।

## जिंदगी के अनजाने सफर से बेहद प्यार करते थे इंदीवर

**मुंबई,** 27 फरवरी (एजेंसियां)।

**'जिंदगी से बहुत प्यार हमने किया,**
**मौत से भी मोहब्बत निभाएंगे हम**
**रोते रोते जमाने में आए मगर**
**हंसते हंसते जमाने से जाएंगे हम'।**

जिंदगी के अनजाने सफर से बेहद प्यार करने वाले हिन्दी सिने जगत के मशहूर शायर और गीतकार इंदीवर का जीवन से प्यार उनकी लिखी हुई इन पंक्तियों में समाया हुआ है। श्यामलाल बाबू राय उर्फ इंदीवर का जन्म उत्तर प्रदेश के झांसी में 1924 में हुआ था। बचपन से ही वह गीतकार बनने का सपना देखा करते थे और अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए वह मुंबई आ गए। बतौर गीतकार सबसे पहले 1946 में प्रदर्शित फिल्म 'डबल क्रॉस' में उन्हें काम करने का मौका मिला, लेकिन फिल्म की असफलता से वह कुछ खास पहचान नहीं बना पाए। अपने वजूद को तलाशते इंदीवर को गीतकार के रूप में पहचान बनाने के लिए लगभग पांच वर्ष तक फिल्म इंडस्ट्री में संघर्ष करना पड़ा। इस दौरान उन्होंने कई बी और सी ग्रेड की फिल्मे भी की। वर्ष 1951 मे प्रदर्शित फिल्म 'मल्हार' की कामयाबी से वह गीतकार के रूप में कुछ हद तक वह अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए। इस फिल्म का गीत 'बड़े अरमानो से रखा है बलम तेरी कसम' श्रोताओं के बीच आज भी लोकप्रिय है। वर्ष 1963 में बाबूभाई मिस्त्री की संगीतमय फिल्म 'पारसमणि' की सफलता के बाद इंदीवर शोहरत की बुंलदियो पर जा पहुंचे। इंदीवर की जोड़ी निर्माता-निर्देशक मनोज कुमार के साथ बहुत जमी। मनोज कुमार ने सबसे पहले उनसे फिल्म 'उपकार' के लिढ गीत लिखने की पेशकश की। कल्याणजी आनंद जी के संगीत निर्देशन में उपकार के लिए इंदीवर ने 'कस्मेवादे प्यार वफा' जैसे दिल को छू लेने वाले गीत लिखकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इसके अलावा मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम के लिए भी उन्होंने 'दुल्हन चली वो पहन चली' और 'कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे' जैसे सदाबहार गीत लिखकर अलग ही समां बांधा। वर्ष 1970 मे विजय आनंद निर्देशित फिल्म 'जॉनी मेरा नाम' में 'नफरत करने वालो के सीने में प्यार भर दूं', 'पल भर के लिए कोई मुझे प्यार कर ले' जैसे रूमानी गीत लिखकर इंदीवर ने श्रोताओ का दिल जीत लिया। मनमोहन देसाई के निर्देशन में फिल्म सच्चा-झूठा के लिए इंदीवर का लिखा एक गीत 'मेरी प्यारी बहनिया बनेगी दुल्हनिया' को आज भी शादी के मौके पर सुना जा सकता है। इसके अलावा फिल्म राजेश खन्ना अभिनीत फिल्म 'सफर' के लिए उन्होंने 'जीवन से भरी तेरी आंखे' और 'जो तुमको हो पसंद' जैसे गीत लिखकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।



## एक अनूठा संसार है जामनगर में अनंत अंबानी का 'वनतारा'

**जामनगर (गुजरात),** 27 फरवरी (एजेंसियां)। रिलायंस उद्योग समूह के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने उपेक्षित एवं घायल पशु-पक्षियों की सेवा सुश्रुषा को समर्पित 'वनतारा' हाथियों, मगरमच्छों, गेंडों और चीतों सहित हजारों की संख्या में जानवरों को जीवनदान देकर उनका पुनर्वास कर चुका है।

**■ 'वनतारा' हाथियों, मगरमच्छों, गेंडों और चीतों सहित हजारों की संख्या में जानवरों को जीवनदान देकर हुआ पुनर्वास**

रिलायंस के जामनगर रिफ़ाइनरी कॉम्प्लेक्स की ग्रीन बेल्ट में वनतारा के लिए 3,000 एकड़ की जगह दी गई है। वनतारा क्षेत्र को पशु-पक्षियों की बड़े स्तर की चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ एक हरे-भरे जंगल की तरह विकसित किया गया है। इस काम में देश-विदेश के पशु-पक्षियों की चिकित्सा के विशेषज्ञ जुड़े हैं। इसके लिए सेवाकर्मियों की टीमें भी हैं।

वनतारा अपने काम में इस क्षेत्र की विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करता है। देश में पशु-पक्षियों को इस पैमाने पर समपर्ति इस क्षेत्र में जानवरों को समर्पित अपनी तरह का देश का पहला कार्यक्रम है। वनतारा की इस समय एक विशेष कारण से चर्चा हो रही है और वह है- अनंत अंबानी का यहां पहली मार्च से शुरू हो रहा विवाह-पूर्व समारोहर। इन समारोहों की तैयारियों के बीच अनंत अंबानी ने जानवरों के पुनर्वास को समर्पित अपने मन की इस परियोजना को 'वनतारा' का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया है।

वनतारा की ओर से जारी एक विवरण के अनुसार इस परियोजना में अब तक 200 हाथियों सहित हज़ारों जानवरों की सेवा सुश्रुषा करके उनको बचाया गया है। इनमें गेंडे, चीते और मगरमच्छ सहित कई प्रजातियों के पशु, पक्षी और सरिसृप शामिल हैं। इनमें कई पशुओं का पुनर्वास भी किया गया है। विवरण के मुताबिक इसमें भारत ही नहीहं विदेशों से भी उपेक्षित जानवरों को लाया और बचाया गया है।

अनंत अंबानी कहते हैं, 'छोटी उम्र से इस तरह का काम करना मेरा सपना था। अब वनतारा मेरे जीवन का एक मिशन बन गया है। हमारा ध्यान मुख्य रूप से देश की सर्वाधिक संकटग्रस्त प्रजातियों के पशु पक्षियों और प्राणियों बचाना है। हमारे मिशन में देश-विदेश के कई विशेषज्ञ शामिल हैं। वनतारा केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और अन्य सरकारी संगठनों के साथ पार्टनरशिप में काम करता है।'



विवरण के मुताबिक वनतारा में हाथियों के लिए विशेष आश्रय-स्थल बनाए गए हैं। हाथियों के नहाने के लिए जगह-जगह जलाशय हैं, हाथियों के लिए जैकूजी और मसाज जैसी सुविधाएं भी हैं।

वनतारा में 200 हाथियों का ख़्याल रखने के लिए 500 से ज़्यादा प्रशिक्षित कर्मचारी और महावत हैं। एक्स-रे मशीन, लेज़र मशीन, हाइड्रोलिक पुली और क्रेन, हाइड्रोलिक सर्जिकल टेबल और हाइपरबेरिक ऑक्सीजन चेंबर और हाथियों के उपचार का तमाम आधुनिक सुविधाओं से लैस, एक अस्पताल भी है जो 25 हजार वर्ग फुट में फैला है। अन्य जानवारों के लिए 650 एकड़ में एक पुनर्वास सेंटर और एक लाख वर्गफुट में अलग अस्पताल है।

इस परियोजना पर खर्च के विषय में पूछे जाने पर समूह के एक अधिकारी ने कहा कि यह संकटग्रस्त पशु-क्षियों और वन्य जीवों के कल्यणा को समर्पित कार्य है। यह लाभ कमाने के लिए नहीं है। इसकी व्यवसाय की तरह से कोई लागत नहीं निकाली गई है। एक तरह से इसे आप अघोषित दान के रूप में देख सकते हैं।

अनंत अंबानी का विवाह उनकी स्कूल के दिनों की मित्र राधिका मर्चेंट से तय हुई है। विवाह की तिथि तय अभी नहीं है। जामनगर में मार्च के प्रारंभ में विवाह पूर्व समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

**GNIT COLLEGE OF PHARMACY**
(A UNIT OF SHRI RAM EDUCATIONAL TRUST)
Approved by P.C.I, New Delhi & Affiliated to Dr. A.P.J Abdul Kalam Technical University & Board of Technical Education Lucknow (U.P.)

*Invites Applications for the following Posts in D.Pharm. & B.Pharm.*
▪Director ▪Professor ▪Associate Professor ▪Assistant Professor

**ALSO REQUIRES**
▪Registrar ▪Asst. Registrar ▪System Programmer ▪Admission Counselor ▪Lab Technicians

Qualifications, Experience & Salary as per PCI/University Norms.
***HIGHER SALARY CAN BE CONSIDERED FOR EXPERIENCE & DESERVING CANDIDATES.***

☞ Interested candidates should apply with detailed Bio-data along with self attested photocopies of testimonials and recent 02 passport size photographs to the HR, GNIT college of Pharmacy on above address within 10 days from the date of this publication. On-line application with all qualification documents can be send by Email to hr@gnitcp.in .

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एल एंड टी | 2.36 प्रतिशत |
| पॉवरग्रिड | 1.97 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 0.38 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 0.10 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.08 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.90 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.99 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.95 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.82 प्रतिशत |
| भारतीय एयरटेल | 1.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# गोयल ने स्टार्टअप क्षेत्र को देश की नई अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र ने आवागमन की सुविधाओं, खाद्य, टेक्सटाइल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नए विचारों के साथ नवाचार करने की अपनी क्षमता साबित की है।

श्री गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्धृत करते हुए कहा कि भारतीय स्टार्टअप खेल के नियमों को बदल रहे हैं और इसलिए स्टार्टअप क्षेत्र देश की नयी अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन गये है। श्री गोयल राजधानी में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ भारत की विकास की नयी गाथा दिखाता है और इस आयोजन के केंद्रीय विचार में नवाचार और स्टार्टअप के बीच जटिल संबंध को उभारा गया है। उन्होंने इस अवसर पर भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री और स्टार्टअप महाकुंभ की वेबसाइट और लोगो भी जारी किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने देश भर में 57 विविध स्टार्टअप फुटप्रिन्ट्स को एक मंच



पर लाने के लिए इस आयोजन की सराहना की तथा उद्यमिता और नवाचार में रुचि रखने वाले युवाओं को स्टार्टअप महाकुंभ में पूरी दिलचस्पी और गंभीरता के साथ भागीदारी करने को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि यह एक वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत का प्रतीक है जो 2016 में अपनी स्थापना के बाद से स्टार्टअप इकोसिस्टम की सफलता की कहानियों और क्रांति को दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। मंत्री महोदय ने डीपीआईआईटी से वित्तीय और लॉजिस्टिक समर्थन के साथ देश के विभिन्न जिलों में मौजूद स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रयासों को जारी रखने और प्रत्येक जिले से कम से कम एक स्टार्टअप को स्टार्टअप महाकुंभ में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### चालू वित्तीय वर्ष के समापन तक सरकार को चार लाख करोड़ रुपये की बिक्री करेगा जीईएम

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) अपने संचालन के पहले वर्ष में 422 करोड़ रुपये के कारोबार से सरकार को 4 लाख करोड़ रुपये की बिक्री के साथ मार्च में चालू वित्तीय वर्ष का समापन करने को तैयार है। यह बात केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कही। राष्ट्रीय राजधानी में स्टार्टअप महाकुंभ के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जीईएम के पास अब 23,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जो सरकार के साथ कारोबार कर रहे हैं। पांच महीने के रिकॉर्ड समय में बनाया गया जीईएम, विभिन्न सरकारी विभागों, संगठनों और सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा प्रदान करता है। मंत्री ने कहा,सरकारी ई-मार्केटप्लेस अपने आप में एक स्टार्टअप है।

# 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने में उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में भारतीय उद्योग की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता संग्राम में औपनिवेशिक दबाव के बावजूद उद्योग ने क्षमता का निर्माण किया। अब समय आ गया है कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ आर्थिक आजादी हासिल करें और उद्योग जगत इसमें अपनी भूमिका निभाए।

श्रीमती सीतारमण ने यहां फिक्की द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन फिक्की विकसित भारत 2047 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री का स्पष्ट संकेत है कि भावी पीढ़ियों को एक बेहतर भारत प्रदान करने के लिए विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने उद्योग जगत को यह भी आश्वासन दिया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा किए गए सुधार आगे भी जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां सरकार नए नवाचारों, निवेशों और नीतिगत सुधारों पर अधिक जोर देगी। इनमें ईवी, अंतरिक्ष, एआई, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक्स, कृषि मूल्यवर्धन और कृषि दक्षता, पर्यटन, हरित हाइड्रोजन शामिल हैं। उन्होंने कहा, भारत की



लॉजिस्टिक क्षमता को अभी छुआ तक नहीं गया है; हमारे पास इसमें अपार संभावनाएं हैं।

श्रीमती सीतारमण ने डिजिटल बुनियादी ढांचे की क्षमता पर भी प्रकाश डाला जो भारत को विकसित भारत हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा उत्पादन के अन्य कारकों के अलावा, 21वीं सदी एक और कारक लेकर आई है - डिजिटल बुनियादी ढांचा। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार पूंजीगत व्यय बढ़ाकर अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है और उद्योग से विस्तार करने और दुनिया भर में अधिक से अधिक संयुक्त उद्यमों की तलाश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा भारतीय उद्योग अब निश्चित रूप से बड़ी तेजी से आगे बढ़ सकता है। हम भारत के इतिहास के उस मोड़ पर हैं जहां सभी अवसर हैं और हमें इसे हासिल है।

## हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के लिए 1,935.7 करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए 1,935.7 करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हिमाचल प्रदेश के सोलन और बिलासपुर जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग 205 पर कलार बाला गांव से नौणी चौक तक मौजूदा सड़क को 1,244.43 करोड़ रुपये की लागत से पेंटेड शोल्डर के साथ फोर-लेन में अपग्रेड करने की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह सड़क परियोजना शिमला, कांगड़ा, धर्मशाला और मंडी को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। साथ ही दाड़लाघाट और एम्स से कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि 691.70 करोड़ रुपये की लागत से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बिजनौर और पौड़ी जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग-119 पर 6 किमी लंबे 4-लेन कोटद्वार बाइपास के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। गडकरी ने कहा कि यह मार्ग कोटद्वार शहर के लिए बाइपास का काम करेगा। यह शहर में भीड़भाड़ कम करने और उत्तर प्रदेश से कनेक्टिविटी बढ़ाने में मददगार साबित होगा। इससे राज्य में पर्यटन के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, इससे तीर्थस्थलों केदारनाथ और बद्रीनाथ धामों तक कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

# मध्यप्रदेश में जुटेंगे उद्योगपति, खुलेंगे रोजगार के अवसर

**भोपाल,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में एक एवं दो मार्च को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर 169 उद्योगपतियों को 6774 करोड़ रुपये की भूमि आवंटित की जाएगी।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, उज्जैन में कुल 8000 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा। इससे 12000 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में भूमिपूजन के कार्यक्रम भी होंगे।

उज्जैन के कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में अभी तक 662 बायर और 2551 सेलर द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। रजिस्ट्रेशन अभी जारी हैं।



कलेक्टर ने बताया कि बायर और सेलर में प्रमुख रूप से फूड और एग्रो प्रोडक्ट्स, सर्विस सेक्टर, इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स, केमिकल एंड एलाइड प्रोडक्ट्स, टेक्सटाइल, प्लास्टिक, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट, इलेक्ट्रिकल, जेम एंड ज्वेलरी, रियल एस्टेट, लेदर, स्पोर्ट्स, फिश एंड मरीन प्रोडक्ट्स के सेक्टर शामिल हैं। देश के आईटी सेक्टर्स के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ कॉन्क्लेव में यूएसए, फिजी, मंगोलिया के गवर्मेंट डेलीगेशन और जापान व जर्मनी के बिजनेस डेलिगेट्स शामिल होंगे।

बताया गया है कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास और इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन के लिए सर्वप्रथम भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया जाएगा। भगवान महाकाल को 6.25 क्विंटल लड्डू का भोग लगाया जाएगा। यह विशेष प्रसाद इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल उद्योगपतियों को भी दिया जाएगा। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण के साथ उज्जैन के समृद्ध धार्मिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक महत्व से भी उद्योगपति रूबरू होंगे।

# शेयर बाजार में लौटी तेजी


**मुंबई** 27 फरवरी (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर सीडी, रियलटी, आईटी, टेक और ऑटो जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरते हुये बढ़त बनाने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 305.09 अंकों की तेजी लेकर 73095.22 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 76.30 अंक चढ़कर 22198.35 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में लिवाली देखी गयी जबकि छोटी और मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत उतरकर 39743.66 अंक पर और स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटकर 45888.55अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में से रियलटी 1.02 प्रतिशत, सीडी 1.01 प्रतिशत, टेक 0.85 प्रतिशत, आईटी 0.76 प्रतिशत और ऑटो 0.60 प्रतिशत की तेजी में रहा जबकि तेल एवं गैस 1.03 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई में शामिल कंपनियों में से 3929 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2301 लाल निशान में और 1536 हरे निशान में रही जबकि 92 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर अधिकांश बड़े सूचकांक हरे निशान में दिखे। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05 प्रतिशत, जर्मनी का डेक्स 0.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.94 प्रतिशत और चीन का शंघाई




कंपोजिट 1.29 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 67 अंकों की गिरावट लेकर 72723.53 अंक पर खुला। सत्र के दौरान बिकवाली

- सेंसेक्स 305.09 अंकों की तेजी लेकर 73095.22 अंक पर पहुंचा
- निफ्टी 76.30 अंक चढ़कर 22198.35 अंक पर हुआ बंद
- मिडकैप 0.10 प्रतिशत उतरकर 39743.66 अंक पर और स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटकर 45888.55 अंक पर हुआ बंद

के दबाव में यह 72660.13 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन लिवाली शुरू होने पर यह 73161.30 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 72790.13 अंक की तुलना में 0.42 प्रतिशत अर्थात 305.09 अंक उठकर 73095.22 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 19 हरे निशान में और 11 लाल निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी 32 अंकों की गिरावट के साथ 22090.20 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 22218.25 अंक के उच्चतम और 22085.65 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 22122.05 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत अर्थात 76.30 अंक चढ़कर 22198.35 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 28 हरे निशान में और 22 लाल निशान में रही।

## स्पार्क मिंडा फाउंडेशन दिव्यांगजनों को बनाया सशक्त

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माता स्पार्क मिंडा ग्रुप की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) शाखा स्पार्क मिंडा फाउंडेशन (एसएमएफ) ने दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए 7 दिवसीय मेगा कैंप का आयोजन किया है जिसमें एक हजार से अधिक दिव्यांगों को सहायता प्रदान की गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पुणे सहित पूरे महाराष्ट्र में 21 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित शिविरों में सफलतापूर्वक 1000 से अधिक दिव्यांगों को बहुमुखी सहायता प्रदान की गयी जिसमें कृत्रिम अंग, वॉकर, बैसाखी, हाथ की छड़ें जैसी सुलभ और सहायक सहायता और यूडीआईडी पंजीकरण, कौशल, रोजगार और उद्यमिता में सहायता प्रदान की गई।

स्पार्क मिंडा फाउंडेशन की अध्यक्ष सारिका मिंडा ने कहा, जीवन को बदलने के इरादे से किया गया एक सहयोगात्मक प्रयास हमेशा अच्छे परिणाम देता है। एक समावेशी और दयालु समुदाय बनाने के लिए समर्पित, एसएमएफ का प्रोजेक्ट सक्षम कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। हम अपने साझेदारों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस यात्रा के दौरान हमारा समर्थन किया है और हम अपनी पहुंच का विस्तार करना जारी रखेंगे और अधिक लोगों के जीवन में बदलाव लाने की दिशा में काम करेंगे।

स्पार्क मिंडा ग्रुप के अध्यक्ष और समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक मिंडा ने कहा, दृष्टिबाधित होने से किसी की देखने की क्षमता खत्म नहीं हो जाती है। स्पार्क मिंडा वास्तव में समूह में विविधता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। 2015 में लॉन्च किए गए, एसएमएफ के सक्षम ने अब तक 20,000 से अधिक दिव्यांगजनों को सशक्त बनाया है। स्पार्क मिंडा ग्रुप में 1,000 से अधिक दिव्यांगों को रोजगार देने का प्रयास किया गया है। पिछले आठ वर्षों में, समूह ने इंडोनेशिया, वियतनाम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और जम्मू और कश्मीर में शिविर आयोजित किए हैं। 2030 तक, स्पार्क मिंडा फाउंडेशन का लक्ष्य अपने कार्यक्रम सक्षम - विकलांग लोगों के सशक्तिकरण के तहत 30,000 से अधिक दिव्यांगों को प्रभावित करना है।

### सार संक्षेप

## किआ ईवी9 वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर बनने की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी किआ की नयी इलेक्ट्रिक कार ईवी9 को वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर और वर्ल्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल खिताब के लिए विश्व फाइनलिस्ट में शीर्ष तीन में नामित किया गया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 100 से अधिक ऑटोमोटिव पत्रकारों के पैनल ने किआ की प्रमुख ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी की अपील को पहचाना है और विश्व कार पुरस्कार विजेताओं को 27 मार्च, 2024 को न्यूयॉर्क इंटरनेशनल ऑटो शो में पुरस्कृत किया जायेगा। कंपनी ने कहा कि 2003 में शुरू किया गया, विश्व कार पुरस्कार ऑटोमोटिव उद्योग में उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए, उत्कृष्टता के लिए एक बेंचमार्क के रूप में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। 2024 किआ ईवी9, जिसे वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर और वर्ल्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल श्रेणियों में विश्व फाइनलिस्ट में शीर्ष तीन के रूप में नामित किया गया है, किआ की पहली समर्पित तीन-पंक्ति ईवी एसयूवी है। बोल्ड और आधुनिक डिजाइन का प्रतीक, फ्लैगशिप एसयूवी नवीनतम ईवी तकनीक के साथ-साथ सभी बैठने वालों के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करती है। उसने कहा कि 2020 में किआ टेलुराइड और 2023 में किआ ईवी6जीटी के साथ वर्ल्ड कार अवार्ड्स में जीत के बाद, इस साल ईवी 9 की संभावित दोहरी जीत किआ के लिए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगी।

## मिड-रेंज स्मार्टफोन मार्केट में क्रांति लाते हुए नारजो सीरीज ने अमेजन पर शीर्ष स्थान का रखा लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारतीयों में अपनी खरीदारी में सर्वोत्तम सौदे और मूल्य तलाशने की आदत होती है। अमेजन की विशाल उत्पाद श्रृंखला, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और विश्वसनीय सेवा के साथ मिलकर इस विशेषता ने इसे भारतीय यूजर्स के बीच स्मार्टफोन खरीदारी के लिए एक पसंदीदा स्थान बना दिया है। यह केवल एक अच्छा सौदा हासिल करने के बारे में नहीं है, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और भरोसेमंद सेल्स-ऑफ्टर-सर्विस का वादा भी एक अहम भूमिका निभाता है। चाहे वे हाई-एंड स्मार्टफोन के लिए बाजार में हों या बजट-अनुकूल विकल्पों के लिए अमेजन, सभी जरूरतों को पूरा करता है। ऑनलाइन शॉपिंग और डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा इसकी अपील को और बढ़ा देती है। आसानी, भरोसेमंदता और पहुंच के संयोजन के साथ अमेजन ने स्मार्टफोन खरीदने वाले भारतीयों के लिए एक पसंदीदा प्लेटफॉर्म के रूप में खुद को मजबूती से स्थापित किया है। रियलमी ने विशिष्ट, सुलभ और फीचर-पैक स्मार्टफोन के लिए अपने यूजर्स की इच्छाओं को पहचानते हुए नारजो सीरीज पेश की। यह शानदार स्मार्टफोन लाइनअप, रियलमी की वेबसाइट पर उपलब्ध होने के अलावा, भारतीय यूजर्स की प्राथमिकताओं को पूरा करते हुए विशेष रूप से अमेजन पर उपलब्ध है। भारत में 14 मिलियन से अधिक यूजर्स आधार के साथ नारजो सीरीज अपने यूजर्स की दूरदर्शी मानसिकता को प्रतिबिंबित करती है। इसमें अत्याधुनिक तकनीक को शामिल किया गया है ताकि यूजर्स रुझानों से अवगत रह सकें और अपने आप को एक्सप्रेस कर सकें।

## सरसों तेल नरम, अरहर दाल महंगी



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3967 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.05 सेंट की तेजी के साथ 44.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल , मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल, चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# देश में गरीबी के आंकड़ों में आई गिरावट : एसबीआई रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। मंगलवार को जारी उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के एसबीआई रिसर्च विश्लेषण के अनुसार, भारत में गरीबी में तेज गिरावट के साथ-साथ देश में ग्रामीण-शहरी आय विभाजन में भी उल्लेखनीय कमी आई है। 2018-19 के बाद से ग्रामीण गरीबी में 440 आधार अंकों की गिरावट आई है और महामारी के बाद शहरी गरीबी में 170 आधार अंकों की गिरावट आई है, जो दर्शाता है कि निचले स्तर के लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहल का महत्वपूर्ण लाभकारी प्रभाव पड़ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण गरीबी अब 7.2 प्रतिशत (2011-12 में 25.7 प्रतिशत) है जबकि शहरी गरीबी 4.6 प्रतिशत (2011-12 में 13.7 प्रतिशत) है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत अधिक आकांक्षी होता जा रहा है, जैसा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विवेकाधीन उपभोग (जैसे पेय पदार्थ, नशीले पदार्थ, मनोरंजन, टिकाऊ सामान आदि पर खर्च) की बढ़ती हिस्सेदारी से संकेत मिलता है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में आकांक्षा की गति तेज है।

एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण और शहरी मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) के बीच का अंतर अब 71.2 प्रतिशत है, जो 2009-10 में




88.2 प्रतिशत था। ग्रामीण एमपीसीई का लगभग 30 प्रतिशत मुख्य रूप से डीबीटी हस्तांतरण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश, किसानों की आय में वृद्धि, और साथ में ग्रामीण आजीविका में उल्लेखनीय सुधार के संदर्भ में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण होता है।

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, उन्नत भौतिक बुनियादी ढांचा दो-तरफा ग्रामीण-शहरी गतिशीलता को सक्षम कर रहा है, जो ग्रामीण और शहरी परिदृश्य के बीच बढ़ते क्षैतिज आय अंतर और ग्रामीण आय वर्गों के भीतर ऊर्ध्वाधर आय अंतर का मुख्य कारण है। जिन राज्यों को कभी पिछड़ा माना जाता था, वे ग्रामीण और शहरी अंतर में सबसे अधिक सुधार दिखा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में इन कारकों का प्रभाव तेजी से दिख रहा है। ग्रामीण पिरामिड के निचले आधे हिस्से में अब उपभोग पैटर्न ज्यादातर शहरी समकक्षों में परिवर्तित हो रहा है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सीपीआई गणना में संशोधित एमपीसीई भार वित्त वर्ष 2024 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि को शीर्ष 7.5 प्रतिशत तक पहुंचाने में मदद कर सकता है।

ग्रामीण और शहरी उपभोग सभी वर्गों में औसतन लगभग समान विकास दर (ग्रामीण के लिए 2.66 प्रतिशत, शहरी के लिए 2.59 प्रतिशत) से बढ़ रहा है। गिनी गुणांक के सांख्यिकीय समकक्ष का उपयोग करते हुए फ्रैक्टाइल्स में ग्रामीण और शहरी के बीच क्षैतिज उपभोग असमानता 0.560 से घटकर 0.475 हो गई है। सबसे निचले खंड में शहरी खपत ग्रामीण समकक्ष की तुलना में केवल 46 प्रतिशत अधिक भिन्न है। विभिन्न वर्गों में शहरी खपत ग्रामीण समकक्ष की तुलना में केवल 68 प्रतिशत अधिक भिन्न है, जो अखिल भारतीय औसत से बहुत कम है। यह इंगित करता है कि ग्रामीण पिरामिड के निचले आधे हिस्से में अब एमपीसीई पैटर्न ज्यादातर शहरी समकक्षों में परिवर्तित हो रहे हैं।

# खेल जगत

## ऋषभ पंत ने जिम में जमकर बहाया पसीना, ट्रेनिंग सेशन का वीडियो जारी किया

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले अपने शरीर को बेहतर बनाने और बेहतरीन फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और जिम में पसीना बहा रहे हैं। दिसंबर 2022 के बाद पहली बार क्रिकेट के मैदान पर उतरने की तैयारी कर रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज ने प्रशंसकों को अपने कठोर जिम सत्र की एक झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। पंत 30 दिसंबर, 2022 को एक घातक कार दुर्घटना में बच गए। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में व्यापक पुनर्वास किया है और उनकी रिकवरी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले कहा था कि पंत आईपीएल 2024 में हर मैच खेलने को लेकर बहुत आश्वस्त हैं।



## हरियाणा एलिमिनेटर-2 मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 42-25 से हराकर सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा स्टीलर्स प्रो कबड्डी लीग के एलिमिनेटर-2 मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 42-25 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। हरियाणा की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स से भिड़ेगी। सोमवार को जीएमसी बालायोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (गाचीबोवली) में खेले गये मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुजरात जायंट्स को हराते हुए पहली बार पीकेएल के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इस अहम मुकाबले में हरियाणा के लिए विनय ने 12, मोहित नांदल ने सात और शिवम पटारे ने आठ प्वाइंट लिए। गुजरात के लिए परतीक दहिया ने पांच और राकेश ने पांच प्वाइंट लिए।

दोनों टीमों के बीच पहले पांच मिनट के खेल में मुकाबला काफी कड़ा रहा, लेकिन हरियाणा स्टीलर्स ने 5-3 के स्कोर के साथ बढ़त को बनाये रखा। डिफेंस के बेहतर खेल की बदौलत हरियाणा ने सातवें मिनट तक खुद को 9-4 से आगे कर लिया और नौवें मिनट में गुजरात जायंट्स को ऑलआउट करके स्कोर को 12-6 कर दिया। लेकिन ऑल इन होकर अंदर आने के बाद परतीक दहिया ने तीन प्वाइंट की सुपर रेड के साथ गुजरात के लिए वापसी के दरवाजे खोल दिए। इसके बावजूद पहले 10 मिनट के खेल में हरियाणा स्टीलर्स की टीम 12-9 से आगे थी।

इसके बाद गुजरात ने लगातार अंक लेते हुए 13वें मिनट में हरियाणा को ऑल आउट कर 15-14 की बढ़त कायम कर ली। 16वें मिनट तक दोनों टीमें 16-16 की बराबरी पर थी। इसी बीच, हरियाणा स्टीलर्स ने डिफेंस में अंक लेते हुए एक बार फिर से मैच में अपनी



बढ़त बना ली। अगले ही मिनट में ही विनय ने एक और अंक लेकर हरियाणा को 19-16 से आगे कर दिया। यहां से हरियाणा स्टीलर्स की लीड मजबूत होती चली गई और विनय के डू ऑर डाई में एक अंक के सहारे पहले हाफ की समाप्ति तक 21-16 की लीड कायम कर ली। ब्रेक से वापस आने के बाद हरियाणा ने 22वें मिनट में गुजरात को एक बार फिर से ऑल आउट कर दिया और 25-16 की लीड कायम कर ली। स्टीलर्स के पास अब 10 प्वाइंट की लीड हासिल हो चुकी थी और 25वें मिनट तक उसने इसे और ज्यादा मजबूत कर लिया। इसी बीच, स्टीलर्स के लिए मोहित नांदल ने इस सीजन का अपना छठा हाई-5 भी पूरा कर लिया। डिफेंस में लगातार प्वाइंट के दम पर स्टीलर्स ने मुकाबले में काफी आगे निकल चुकी थी। मैच के 29वें मिनट में विनय ने तीन प्वाइंट की सुपर रेड के साथ अपना सुपर-10 भी पूरा कर लिया। हरियाणा ने फिर इसी के साथ गुजरात को फिर से ऑल आउट करके 30वें मिनट तक स्कोर को 36-19 कर दिया। हरियाणा स्टीलर्स ने आखिरी 10 मिनट के खेल में भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखते हुए 35वें मिनट तक 40-21 बड़ी बढ़त बना ली। हरियाणा स्टीलर्स ने इसके बाद अपनी बढ़त को कायम रखते हुए गुजरात को 42-25 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली।

## अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा, अंजू बॉबी जॉर्ज भारत खेल विज्ञान सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, विश्व चैंपियनशिप 2003 की कांस्य विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज सहित कई वर्तमान और पूर्व एथलीट सूची में शीर्ष नामों में शामिल हैं जो बुधवार को यहां होने वाले पहले भारत खेल विज्ञान सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। भारत खेल विज्ञान सम्मेलन में प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए खेल विज्ञान को कैसे जोड़ा जाए, इस पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त और भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर और दक्षिण अफ्रीकी एथलीट प्रदर्शन विशेषज्ञ वेन लोम्बार्ड और भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस जैसे शीर्ष खेल विज्ञान विशेषज्ञ सूची में कुछ अन्य नाम हैं। एक दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी, ट्रांसस्टेडिया एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन की शिक्षा शाखा, नेशनल सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च (एनसीएसएसआर), भारतीय खेल प्राधिकरण और युवा मामले और खेल मंत्रालय की इकाई के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय खेलों और एथलीटों के लिए उच्च प्रदर्शन और खेल प्रशिक्षण में उच्च स्तरीय अनुसंधान का समर्थन करना है।

विजन ओलंपिक 2036 के उद्देश्यों और लक्ष्य सेटिंग्स के आधार पर भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सम्मेलन में इन विशिष्ट खेल प्रतिभाओं के साथ विषयों पर गहराई से चर्चा की जाएगी, जिसमें चोपड़ा और



चाहर जैसे लोग शामिल होंगे, जो एथलीटों को उच्च प्रदर्शन पर परिप्रेक्ष्य प्रदान करेंगे।

बिंद्रा, जो उच्च प्रदर्शन और खेल विज्ञान को मुख्यधारा का विषय बनाने के लिए देश में कई हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, उन्होंने कहा, जैसा कि हम भारतीय खेलों में एक नए युग के कगार पर खड़े हैं, दिल्ली में भारत खेल विज्ञान सम्मेलन एक महत्वपूर्ण क्षण बन गया है। सम्मेलन में उन लोगों का भी प्रतिनिधित्व होगा जो ज्यादातर भविष्य के खेल सितारों के सलाहकार के रूप में पर्दे के पीछे काम करते हैं।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के प्रमुख पोषण विशेषज्ञ जी वाणी भूषणम; डॉ. प्रलय मजूमदार, वरिष्ठ सलाहकार, खेल विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान (खेल विज्ञान और विश्लेषिकी उत्कृष्टता केंद्र) आईआईटी, मद्रास; डॉ. नानकी जे चड्ढा, खेल एवं प्रदर्शन मनोवैज्ञानिक और पूर्व भारतीय गोल्फर; डॉ. पियरे ब्यूचैम्प, हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया; अमेय कोलेकर, खेल विज्ञान के प्रमुख, पादुकोण द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस कुछ ऐसे नाम हैं जो सम्मेलन का हिस्सा होंगे।

## हॉकी इंडिया की सीईओ एलिना नॉर्मन ने दिया अपने पद से इस्तीफा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 27 फरवरी (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया की करीब डेढ़ दशक तक सीईओ रही ऑस्ट्रेलिया की एलिना नॉर्मन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ओलंपिक पद्मश्री दिलीप टिर्की ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ डच कोच यांके शॉपमैन ने बीते शुक्रवार को यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था कि हॉकी इंडिया ने उन्हें पर्याप्त अहमियत और सम्मान नहीं दिया। दरअसल भारतीय हॉकी टीम के विदेशी कोच के मार्गदर्शन में जब टीम खाली हाथ रहने पर जब उनसे सवाल किया जाता है तो इसी तरह का अनर्गल प्रलाप और बहानेबाजी करने की कहानी पुरानी है।

इलीना नॉर्मन का हॉकी इंडिया के सीईओ के रूप में इस्तीफा स्वीकार करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन दिलीप टिर्की ने कहा, मैं इलीना नॉर्मन के समय और समर्पण और 12-13 बरस के योगदान के लिए उनका आभार जताता हूं। मैं भविष्य के लिए इलीना को



- हॉकी इंडिया ने उन्हें पर्याप्त अहमियत और सम्मान नहीं दिया : एलिना नॉर्मन
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम उनके कार्यकाल में एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची

शुभकामनाएं देता हूं। इलिना नॉर्मन के हॉकी इंडिया की सीईओ रहते आठ बार स्वर्ण पदक विजेता रही भारत की पुरुष हॉकी टीम ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में चार दशक के लंबे अंतराल के बाद कांसे के रूप में पहला पदक जीता और महिला हॉकी टीम पहली बार ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही। भारतीय पुरुष हॉकी टीम उनके कार्यकाल में एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची। हकीकत तो यह है कि एलिना नॉर्मन के हॉकी इंडिया की सीईओ रहते भारत दो -2018 में भुवनेश्वर में पुरुष हॉकी विश्व कप में चीफ कोच हरेंद्र के मार्गदर्शन छठे और 2023 में ग्राहम रीड के के पुरुष हॉकी विश्व कप आठवें स्थान पर रहा और कोई पदक नहीं जीत पाई। 2018 में भुवनेश्वर में हुए पुरुष हॉकी विश्व कप के दौरान भारत के कप्तान मनप्रीत सिंह को सार्वजनिक रूप से डांटने पर इलीना नॉर्मन की खासी फजीहत भी हुई थी। इसी तरह इलीना के हॉकी इंडिया की सीईओ रहते भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने 2016 में लखनऊ में विश्व कप जीता और 2021 में भुवनेश्वर में और 2023 क्वालालंपुर में भारतीय जूनियर विश्व कप में चौथे स्थान पर रही। इलीना के कार्यकाल में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी, 2015 और 2017 में एफआईएच वर्ल्ड लीग फाइनल 2019 और 2024 में एफआईएच ओलंपिक क्वालिफायर्स तथा एफआईएच हॉकी प्रो लीग में घरेलू मैचों की मेजबानी की।

## अब टेस्ट क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं करेंगे भारतीय क्रिकेटर्स!

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रेड-बॉल क्रिकेट के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी भागीदारी को प्राथमिकता देने के लिए खिलाड़ियों के बढ़ते रुझान के बाद टेस्ट मैच फीस में बढ़ोतरी पर विचार कर रहा है। बीसीसीआई इंडियन क्रिकेट प्लेयर्स के टेस्ट मैच की फीस में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रहा है। इशान किशन की घरेलू क्रिकेट से लंबे समय तक अनुपस्थिति के बारे में सवाल उठने के बाद बोर्ड ने संभवत: मैच फीस में बढ़ोतरी का फैसला किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए टीम प्रबंधन के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया, और इसके बजाय उन्हें अगले महीने से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए बड़ौदा में वर्कआउट और अभ्यास करते देखा गया। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीसीसीआई अतिरिक्त बोनस निर्धारित करने की प्रक्रिया में है, जो एक खिलाड़ी को पूरे सत्र में प्रत्येक टेस्ट श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने पर दिया जाएगा।

एक सूत्र ने कहा, उदाहरण के लिए, यदि कोई एक कैलेंडर वर्ष में सभी टेस्ट सीरीज़ खेलता है, तो उसे वार्षिक रिटेनर अनुबंध के अलावा अतिरिक्त रूप से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना है कि अधिक खिलाड़ी रेड-बॉल क्रिकेट के लिए आएं। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर नए फीस मॉडल को मंजूरी मिल जाती है, तो इसे इस आईपीएल सीजन के समापन के बाद लागू किया जाएगा। इससे पहले, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केंद्र-अनुबंधित और भारत ए क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट में भाग न लेने पर चेतावनी दी थी, जिसमें कहा गया था कि घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देने के उनके कदम के गंभीर प्रभाव होंगे।

## सार संक्षेप

### शेल्टन अकापुल्को ओपनर में इवांस की कड़ी चुनौती से बचे

**अकापुल्को।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने 2-6, 7-5, 7-6(5) से जीत के साथ मैक्सिकन ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाने के लिए ब्रिटेन के डैनियल इवांस की कड़ी चुनौती को एक घंटे और 45 मिनट में काबू पा लिया। त्रुटियों से भरा पहला सेट खराब खेलने के बाद शेल्टन ने दूसरे सेट में अपना लय को ढूंढ लिया। दिलचस्प बात यह है कि शेल्टन ने इवांस के खिलाफ कई लंबे अंक जीतना शुरू कर दिया। निर्णायक गेम में 4-5, 0/40 पर सर्विस करते हुए इवांस ने मैच में बने रहने के लिए वापसी की। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, शेल्टन के लिए बड़ा मौका 15/40 पर आया, जब वह बेसलाइन के काफी पीछे से एक फोरहैंड पासिंग शॉट चूक गया। 33 वर्षीय इवांस की अगले गेम में सर्विस ब्रेक हो गई, लेकिन वह मैच में सर्विस नहीं कर पाए और इसका खामियाजा उन्हें आगामी टाई-ब्रेक में भुगतना पड़ा। शेल्टन ने स्विंगिंग फोरहैंड वॉली विनर के साथ अपनी जीत पूरी की। एक अन्य अमेरिकी-ब्रिटिश मैच में ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने सातवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को एक घंटे 26 मिनट में 6-0, 6-4 से हरा दिया। यह जोड़ी के बीच वर्ष का तीसरा एटीपी हेड2हेड मुकाबला था और एटीपी आंकड़ों के अनुसार ड्रेपर अपने तीनों ब्रेक प्वाइंट को परिवर्तित करके आपसी भिड़ंत में 2-1 से आगे हो गए।

### नामीबिया के जान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड तोड़ा

**कीर्तिपुर (नेपाल)।** नामीबिया के बल्लेबाज जान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को केवल 33 गेंदों पर शतक जड़कर सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। लॉफ्टी-ईटन ने मेजबान टीम के खिलाफ नेपाल त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला के पहले टी20 में यह उपलब्धि हासिल की। बल्लेबाज ने सिर्फ 36 गेंदों पर 101 रन बनाए और 33वीं गेंद पर चौके के साथ शतक के आंकड़े तक पहुंच गए। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उनके रिकॉर्ड तोड़ने वाले शतक में 11 चौके और आठ छक्के शामिल थे। पुरुषों के टी20 में पिछला सबसे तेज शतक नेपाल के कुशल मल्ला का था, जिन्होंने पिछले साल मंगोलिया के खिलाफ 34 गेंदों में शतक लगाया था। 11वें ओवर में जब उनकी टीम का स्कोर 62/3 पर था, तब वह बल्लेबाजी करने आए, लॉफ्टी-ईटन ने आक्रामक स्ट्रोक्स की झड़ी लगा दी, जिससे नामीबिया को 20 ओवरों में 206/4 का स्कोर बनाने में मदद मिली। जवाब में, रोहित पौडेल (24 गेंद पर 42), मल्ला (21 गेंद पर 32), दीपेंद्र सिंह ऐरी (32 गेंद पर 48) और सोमपाल कामी (11 गेंद पर 26) की शानदार पारियों के बावजूद नेपाल लक्ष्य से 20 रन पीछे रह गया। लॉफ़्टी-ईटन ने अपनी स्पिन से दो विकेट भी लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया।

## रैना व गेल में अभी भी रनो की भूख : हर्शेल गिब्स

**ग्रेटर नोएडा** 27 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हर्शल गिब्स ने मंगलवार को कहा कि क्रिकेट लीजेंड सुरेश रैना और क्रिस गेल के अंदर अभी भी रनो के लिये भूख है। इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में रेड कार्पेट दिल्ली के कप्तान गिब्स कैरिबियन क्रिस गेल और भारत के स्टार बल्लेबाज रहे सुरेश रैना के खिलाफ खेलने के लिए काफी उत्सुक हैं। उन्होने कहा, वे (गेल, रैना) मुझसे कुछ साल छोटे हैं। यहां होना बहुत अच्छी बात है। जैसा कि मैंने कहा, वे सभी शानदार क्रिकेटर हैं। वे अभी भी परफॉर्म करना चाहते हैं। वह हमेशा जीतने के बारे में सोचते हैं, चाहें आपकी उम्र कुछ भी हो और आप किसी भी लीग में खेल रहे हों। उनके अंदर अभी भी रन बनाने की भूख है। गौरतलब है कि शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जारी टी20 टूर्नामेंट में क्रिस गेल और सुरेश रैना हिस्सा ले रहे हैं। गिब्स को लगता है कि खिलाड़ी मौजूदा लीग में अपनी फ्रेंचाइजी का नाम ऊंचा करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि वे लोग साबित करना चाहेंगे कि उनकी योग्यता क्या है और वे अपनी फ्रेंचाइजी को गौरवान्वित करेंगे। फिर से कुछ क्रिकेट देख पाना बहुत अच्छी बात है।

गिब्स ने अपनी कप्तानी की भूमिका पर कहा ठीक है, यह ज्यादा दिक्कत की बात नहीं है। उम्र आपको प्रभावित नहीं करती है। मेरी भूमिका मुख्य रूप से रन बनाना है। मैं इसी तरह से अपने रोल को देखता हूं। जब टी20 क्रिकेट की बात आती है, तो गेंदबाज अपनी फील्डिंग खुद ही सेट करते हैं। वास्तव में इसमें बहुत कुछ नहीं है। यह मूल रूप से खेल का आंकलन करना है। सही गेंदबाजी निर्णय लेना है। लेकिन, जैसा कि मैंने कहा, यह एक शानदार अनुभव है और आगे अत्यधिक मजा आने वाला है।

## टेस्ट मैच परिस्थितियों के अनुसार खेलने के बारे में हैं : कुंबले

जब इंग्लैंड यहां आया तो चुनौती स्पष्ट थी। बैजबॉल या आप इसे जो भी कहना चाहें, भारत में खेलना और भारत को यहां हराना कभी आसान नहीं होगा। भारत ने पिछले कई दशक में कभी भी घरेलू मैदान पर कोई श्रृंखला नहीं हारी है : अनिल कुंबले

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व मुख्य कोच अनिल कुंबले ने भारत के खिलाफ सीरीज में हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम से खुद पर कड़ी नजर रखने का आग्रह किया है और कहा है कि टेस्ट क्रिकेट स्थितियों के अनुसार खेलने के बारे में है। भारत ने सोमवार को रांची में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली, जो घरेलू मैदान पर भारत की लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीत है।

ब्रेंडन मैकुलम के मुख्य कोचिंग की भूमिका संभालने के बाद इंग्लैंड की यह पहली टेस्ट श्रृंखला



हार है। इस बात पर अपनी राय देते हुए कि क्या बैजबॉल ने श्रृंखला में इंग्लैंड को अच्छी सेवा नहीं दी। कुंबले ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में खेलना और यहां भारत को हराना कभी भी आसान नहीं होगा। कुंबले ने जियो सिनेमा पर कहा, जब इंग्लैंड यहां आया तो चुनौती स्पष्ट थी। बैजबॉल या आप इसे जो भी कहना चाहें, भारत में खेलना और भारत को यहां हराना कभी आसान नहीं होगा। भारत ने पिछले कई दशक में कभी भी घरेलू मैदान पर कोई श्रृंखला नहीं हारी है।

इंग्लैंड जानता था कि उन्हें दमदार प्रदर्शन करना होगा लेकिन उनका गेंदबाजी आक्रमण ऐसा नहीं था जिसके बारे में उनका मानना था कि वह भारत की बल्लेबाजी लाइन-अप को भेदने में सक्षम होंगे।

रांची टेस्ट के अलावा बेन स्टोक्स, जॉनी बेयरस्टो और जो रूट सहित इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाजों ने लगातार योगदान नहीं दिया। कुछ महत्वपूर्ण क्षण थे जिन्हें उन्होंने कुछ मौकों पर पकड़ लिया लेकिन अन्य महत्वपूर्ण क्षणों को उन्होंने जाने दिया। यह कहना कि मैं इसी तरह से बल्लेबाजी करता हूं, लेकिन आप हर समय उस तरह से बल्लेबाजी नहीं कर सकते। आपको संयमित रहना होगा।

उन्होंने कहा, टेस्ट मैच क्रिकेट में यही है। यह परिस्थितियों के बारे में है और रूट ने इस (रांची) मैच में यही किया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि वह सफल रहे, कुछ ऐसा जिस पर इंग्लैंड को चर्चा करनी होगी और देखना होगा।

## शमी के टखने का लंदन में ऑपरेशन, आईपीएल 2024 से हुए बाहर

**नई दिल्ली,** 27 फरवरी (देशबन्धु)। भारत के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का लंदन में सोमवार शाम टखने का ऑपरेशन हुआ। शमी को टखने की चोट भारत में 2023 में हुए वनडे क्रिकेट विश्व कप के बाद बराबर परेशान कर रही थी। शमी ने भारत के लिए आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच बीते बरस वनडे विश्व कप के फाइनल रूप में और आखिरी टेस्ट बीते बरस जून में खेला था।

शमी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑपरेशन के बाद ठीक होने में कुछ वक्त लगेगा लेकिन जल्द ही फिर से अपना क्रिकेट सफर शुरू करने की उम्मीद है। शमी ने सोशल मीडिया पर अपनी अस्पताल की तस्वीर के साथ लिखा , 'मैं अपने पैरों पर फिर से खड़ा होने के लिए इंतजार कर रहा हूं।'

इससे साफ है कि शमी अब अगले महीने



22 मार्च से 26 मई तक होने वाली आईपीएल 2024 से तो बाहर हो ही गए उनका इस साल के मध्य जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप में खेलना भी अधर में लटक गया है।

शमी का भारत के लिए आखिरी

- जून में वेस्ट इंडीज व अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना अधर में
- शमी बोले, मैं अपने पैरों पर फिर से खड़ा होने के लिए इंतजार कर रहा हूं

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच अहमदाबाद में 19 नवंबर, 2023 को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल था। शमी उसके बाद से भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे, अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज और अभी चल रही मेहमान इंग्लैंड टीम के पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से भी बाहर है। शमी ने बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रबंधन द्वारा ऑपरेशन की सलाह पर पहले लंदन में विशेषज्ञों की सलाह ली।

भारतीय क्रिकेट टीम रांची में इंग्लैंड से चौथा टेस्ट चौथे दिन ही जीत 3-1 की विजय बढ़त लेने के बाद सीरीज पर कब्जा करने के बाद अब धर्मशाला में सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 3 मार्च से खेलेगी। शमी टखने में चोट के बावजूद आईसीसी वनडे विश्व कप में भारत के लिए इंजेक्शन लेकर खेले लेकिन सबसे ज्यादा 24 विकेट चटकाए थे।

चोट के चलते शमी का बाहर होना शुभमन गिल की कप्तानी वाली उनकी 2023 की उपविजेता आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के लिए बड़ा झटका क्योंकि उसने अपने कप्तान हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस को बेच दिया है। शमी के चोट के चलते बाहर रहने भारत ने वेस्टइंडीज दौरे पर तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में बतौर तेज गेंदबाज आकाशदीप को मौका दिया।